# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

रजत जयंती समारोह के मौके पर उत्तराखंड में बच्चों से मिलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी


• बोकारो, सोमवार 10 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 173 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## बंगाली डॉक्टर की गला काटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार की सुबह बंगाली डॉक्टर सपन दास की गला काटकर हत्या कर दी गई है। सपन दास पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और पिछले 7 सालों से बुढ़मू में रह कर ग्रामीणों का इलाज कर रहे थे। रांची के बुढ़मू के मतवे गांव में ग्रामीण चिकित्सक के रूप में काम करने वाले सपन दास की गला काट कर हत्या कर दी गई। रविवार की सुबह करीब नौ बजे दो व्यक्ति सपन दास के घर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में से एक ने सपन दास को पकड़ उसका गला रेत दिया। अत्यधिक खून बहने की वजह से सपन की मौके पर ही मौत हो गई। सपन की हत्या करने के बाद दोनों आरोपी फरार होने की कोशिश करने लगे। हालांकि अत्यधिक नशा करने की वजह से आरोपी को पकड़ा गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है लेकिन हत्या की वजह अब तक सामने नहीं आ पाई। बुढ़मू थाना प्रभारी नवीन शर्मा ने बताया कि बंगाल के रहने वाले सपन दास की गला रेतकर हत्या की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हत्या की वजहों को लेकर पूछताछ की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सपन दास पिछले छह सालों से गांव में ही किराए का मकान लेकर ग्रामीण चिकित्सक के तौर पर गांव वालों का इलाज किया करते थे। ग्रामीण उन्हें बंगाली डॉक्टर कहकर संबोधित करते थे और वह इसी नाम से फ़ेमस भी थे। बंगाली डॉक्टर की हत्या से ग्रामीण भी हैरान है। ग्रामीणों ने बताया कि सपन दास का गला इतने बर्बरता के साथ काटा गया था कि चाह कर भी वे लोग उन्हें बचा नहीं पाए।

## घाटशिला विस उपचुनाव : सीमाएं सील, 10 कंपनियां तैनात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा। प्रशासन ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार शाम 5 बजे से प्रचार पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी और वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दोनों अधिकारियों ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान का अवसर सुनिश्चित कराना है। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के सभी 300 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी बूथों की वेबकास्टिंग के जरिए रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। मतदान कार्य में

1200 से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई है। ये सभी दल 10 नवंबर को को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर स्थित डिस्पैच सेंटर से अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगे। क्षेत्र के 186 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जिन पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इसके लिए 30 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए जा रहे हैं, जो मतदान प्रक्रिया की करीबी निगरानी करेंगे। वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 10 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। किसी भी बाहरी गड़बड़ी को रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतर-जिला सीमाएं 72 घंटे पहले से सील कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रचार थमने के बाद बाहरी राजनीतिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के रुकने पर रोक लगा दी गई है। इसके तहत क्षेत्र के मैरिज हॉल, होटल, लॉज और गेस्ट हाउस की सघन जांच की जा रही है। प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की है। अब तक तीन करोड़ 30 लाख रुपये मूल्य की अवैध सामग्री (नकदी, शराब, ड्रग्स आदि) जब्त की गई है। इसके अलावा 1233 शस्त्र जमा कराए गए हैं और 100 लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 600 अभियुक्तों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए हैं, जबकि 19 अवैध हथियार भी जब्त किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति या तत्व के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुएं में मिला दो दिनों से लापता बच्ची का शव

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** दो दिनों से लापता 10 वर्षीय बच्ची का शव कुएं से बरामद किया गया है। बच्ची पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है। साथ ही नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की भी आशंका व्यक्त की गई है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, चैनपुर इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार समेत कई अधिकारी पहुंचे और पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

### स्कूटी सवार लड़की को मारी गोली, गंभीर

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी में अपराधियों ने दुसाहस दिखाते हुए शनिवार की देर रात नगड़ी इलाके में एक युवती को गोली मारकर घायल कर दिया। गोलीबारी में घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवती की पहचान नगड़ी की मनीषा के रूप में हुई। नगड़ी थाना क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास मनीषा तिर्की को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गोली मनीषा की पीठ में लगी है। गोली लगने की वजह से मनीषा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। मनीषा की स्थिति फिलहाल गंभीर बनी हुई है।

### जोलो नदी में किशोर की डूबकर मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बसिया-गुमला प्रखंड के बॉर्डर क्षेत्र स्थित जोलो नदी में रविवार को पिकनिक मनाने गए एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर ढोरी टोली, सदर थाना क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय अभिषेक कुजूर के रूप में हुई है। वह राजेश उरांव का पुत्र था। परिजनों ने बताया कि अभिषेक अपने करीब 40 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जोलो नदी गया था।

## पति ने धारदार हथियार से कर दी पत्नी की हत्या

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** नशे में धुत एक पति ने पत्नी की हत्या कर दी। घटना बेरमो स्थित बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत डीवीसी द्वारा पुनर्वासित गांव नई बस्ती की है। यहां शराब के नशे में पति रूपेश यादव ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस घटना के बारे में परिजनों को उस समय पता चला जब वह मृतक को उठाने उसके कमरे में गए। उन्होंने देखा कि कमरे में महिला का शव खून से सना पड़ा है जिसके बाद इसकी सूचना परिजनों ने ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पति की मौके पर ही पिटाई कर दी और उसे रस्सी से बांधकर रखा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव, दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पति रुपेश यादव को गिरफ्तार कर थाने ले आए।

## बच्ची के साथ कुएं में कूदी महिला, मौत

### जल्द ही होगा मामले का खुलासा : अमरेंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पति से विवाद के बाद एक महिला ने अपनी तीन साल की बेटी के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। दो दिनों से लापता मां-बेटी के शव जब खेत के कुएं में तैरते मिले तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। यह घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के बेलवाडीह ग्राम की है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय सुखमणि देवी और उसकी तीन वर्षीय बेटी दिव्या कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार रात सुखमणि देवी का पति भागीरथ यादव से घरेलू विवाद हुआ था। झगड़े के बाद वह अपनी बेटी को गोद में लेकर घर से निकल गई थी और दो दिनों तक उसका कोई पता नहीं चला। परिवारवालों और ग्रामीणों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह बेलवाडीह के लोहराटोली के पास स्थित धान के खेत में एक कुएं में दो शव तैरते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने जब पास जाकर देखा तो महिला और एक बच्ची का शव नजर आया। पहचान होने के बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने तुरंत बालूमाथ थाने को दी। घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से कुएं से दोनों शव बाहर निकाले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है लेकिन अन्य कोणों से भी जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस खेत के आसपास के इलाके की भी जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटनास्थल पर किसी संघर्ष या दबाव के निशान मौजूद थे या नहीं। घटना के बाद पूरे बेलवाडीह गांव में मातम का माहौल है। तीन वर्षीय बच्ची के साथ मां की इस तरह की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सुखमणि और भागीरथ के बीच अक्सर विवाद होता था लेकिन इस तरह की नौबत आएगी, किसी ने नहीं सोचा था। समाचार लिखे जाने तक मृतका के मायके की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस पति और अन्य परिजनों से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि जांच जारी है और जल्द ही मामले का पूरी तरह खुलासा कर दिया जाएगा।

## इस्पात विद्यालय में मिला रात्रि गश्ती करने वाले बहादुर का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 12इ स्थित इस्पात विद्यालय परिसर में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने ग्राउंड के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सुबह की सैर पर निकले लोगों ने जैसे ही शव को देखा, तुरंत इसकी सूचना सेक्टर 12 थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुभाष चंद्र राणा टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की। अचानक मिली मौत की खबर से विद्यालय परिसर और आसपास रहने वाले लोग दहशत में आ गए और मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय लोगों ने शव की पहचान बहादुर के रूप में की, जो इस क्षेत्र में रात में गश्ती का कार्य करता था। मृतक के शरीर पर मौजूद वर्दी और पास की टॉर्च से भी यह अंदाजा लगाया गया कि वह रात्रि सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। पुलिस ने प्राथमिक पूछताछ में आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी जुटाई लेकिन कई महत्वपूर्ण बातें स्पष्ट नहीं हो सकीं। थाना प्रभारी सुभाष चंद्र राणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला ऊपर की मंजिल से गिरने का प्रतीत होता है। आसपास की इमारतों और विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया है। पुलिस का कहना है कि शव की स्थिति और आसपास मिले संकेत बताते हैं कि बहादुर ऊंचाई से गिरा हो सकता है लेकिन अभी इस पर पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। पुलिस टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## बिहार में थम गया चुनाव प्रचार का शोर 11 नंवबर को 122 सीटों पर मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए आज शाम प्रचार का शोर थम गया है और 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। आखिरी दिन सभी दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। पहले फेज में 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। 14 नवंबर को सभी 243 सीटों के नतीजे घोषित होंगे। दूसरे चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। एक करोड़ 95 लाख 444041 पुरुष मतदाता और एक करोड़ 74 लाख 68 हजार 572 महिला मतदाता दूसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 6 प्रमंडल के 18 जिले के 121 सीटों पर 6 नवंबर को वोट डाले गए थे। अब दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों में 11 नवंबर को मतदान होगा। इसमें 101 सामान्य सीटें हैं जबकि 19 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें हैं। चुनाव आयोग के अनुसार कुल 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें से सबसे अधिक प्रत्याशी तीन विधानसभा क्षेत्रों में हैं। कैमूर के चैनपुर, रोहतास के सासाराम और गया के गया शहर में 22-22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं सबसे कम उम्मीदवार छह विधानसभा क्षेत्रों में हैं। इसमें पश्चिम चंपारण का लोरिया, चनपटिया, पूर्वी चंपारण का रक्सौल और सुगौली, सुपौल का त्रिवेणीगंज और पूर्णिया का बनमनखी विधानसभा क्षेत्र शामिल है। प्रत्येक विधानसभा सीट पर 5-5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खण्डोली डैम के पास शहरपुरा गांव के जंगलों में छापेमारी कर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलते ही साइबर थाना गिरिडीह की विशेष टीम सक्रिय हुई और इलाके को घेरकर आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए दोनों युवक लंबे समय से महिला लाभार्थियों को निशाना बनाकर ठगी कर रहे थे। जंगल के अंदर से इनका पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि दोनों गुमनाम होकर अपने नेटवर्क को बचाए रखने की कोशिश में थे। पुलिस ने मौके पर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं जो इनके साइबर अपराध में इस्तेमाल किए जाते थे। गिरफ्तार

आरोपियों की पहचान लाछुवाडीह निवासी भीम लाल महतो के पुत्र शंकर कुमार वर्मा (29) और धनुषधारी प्रसाद वर्मा (25) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि वे आंगनबाड़ी विभाग के अधिकारी बनकर गर्भवती महिलाओं को मातृत्व लाभ दिलाने का लालच देते थे। फोन कॉल के जरिए वे महिलाओं से बैंक विवरण, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी हासिल कर उनसे ठगी कर लेते थे। आरोपी ठगी से मिली रकम का इस्तेमाल मुख्य रूप से मोबाइल रिचार्ज और ई-कॉमर्स साइट से खरीदारी करने में करते थे। पुलिस का कहना है कि इनके पास मिले सभी सिम कार्ड और एटीएम कार्ड के जरिए इनके ठगी नेटवर्क की कई और कड़ियां सामने आ सकती हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 03 मोबाइल फोन, 03 सिम कार्ड, 03 एटीएम कार्ड, 02 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 01 श्रम कार्ड और 01 वोटर कार्ड जब्त किया है। ये दस्तावेज और उपकरण जांच में बड़ी भूमिका निभाएंगे। पूरे मामले में साइबर थाना कांड संख्या 37/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी अभियान में साइबर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत के नेतृत्व में पुनित गौतम, गुंजन कुमार, राम प्रवेश यादव, संजय मुखियार और सशस्त्र बल शामिल थे। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरिडीह पुलिस लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अनजान कॉल, लिंक या नंबर पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

## चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले दस पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फ़ेज की वोटिंग के लिए पटना जिला पुलिस बल से 3429 हवलदार और सिपाहियों को चुनाव ड्यूटी के लिए अलग-अलग जिलों में भेजा गया था लेकिन इनमें से 10 पुलिसकर्मी अब तक ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। इस लापरवाही के सामने आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक ड्यूटी से गायब सभी 10 पुलिसकर्मी पटना से सीतामढ़ी जिले में भेजे गए हैं लेकिन यह सब अब तक रिपोर्ट नहीं कर पाए हैं। इनमें रविकांत निर्ज, संजय कुमार, अमित कुमार, नेहा कुमारी, नीलम कुमारी, सपना कुमारी, स्मिता कुमारी, निशा कुमारी, रूबी कुमारी और चित्रा चंद्रवंशी शामिल हैं। इस गैरहाजिरी को गंभीर मानते हुए पटना पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से इन सभी का वेतन रोकने का आदेश दिया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि इनके खिलाफ निलंबन, विभागीय कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। बिहार पुलिस मुख्यालय ने 25 अक्टूबर को आदेश जारी किया था कि दूसरे चरण के मतदान (11 नवंबर) के लिए पटना जिले से कुल 3429 पुलिस बलों को चुनाव ड्यूटी के लिए विभिन्न जिलों में भेजा जाए। इसमें सीतामढ़ी के लिए 1153, गया के लिए 577, शिवहर के लिए 49, भागलपुर के लिए 578, जमुई के लिए 308, अरवल के लिए 67 और नवादा जिले के लिए 697 पुलिसकर्मियों की तैनाती तय की गई थी।

### घाटशिला उपचुनाव : चुनाव प्रचार के अंतिम दिन

## राजनीतिक दलों ने झोंकी पूरी ताकत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन से खाली हुई घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को मतदान होना है। आज चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर तंज कसा है कि इस बार कई भाजपा के स्टार प्रचारक घाटशिला में चुनावी रैलियों में शामिल ही नहीं हुए। मनोज पांडेय ने कहा कि उपचुनाव में हार का ठीकरा अपने ऊपर न फूटे, इसलिए भाजपा के स्टार प्रचारक घाटशिला नहीं पहुंचे। उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि एक दो-लोग दूसरे राज्यों से आये थे जिन्हें उनके अपने राज्य में कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि इस बार झामुमो उम्मीदवार सौमेश चंद्र सोरेन की जीत 2024 में झामुमो को मिली जीत से भी ज्यादा शानदार होगी। उन्होंने कहा कि 2025 में हम 2024 से दोगुने वोटों से जीतेंगे और यह हार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की होगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि घाटशिला में महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप में झामुमो उम्मीदवार सौमेश सोरेन की जीत तय है। सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पार्टी के विधायक, मंत्री और कार्यकर्ता झामुमो उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने खुद को अलग कर लिया है, उससे साफ है कि भाजपा ने घाटशिला में हार मान ली है। श्री सिन्हा ने कहा कि घाटशिला की जनता समझ गई है कि जो अपनी जननी पार्टी का नहीं हुआ वह किसी और का क्या होगा। घाटशिला उपचुनाव में असम के मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और अन्य प्रमुख नेताओं की चुनावी रैलियों में अनुपस्थिति पर झामुमो-कांग्रेस द्वारा किए जा रहे कटाक्षों भाजपा की ओर से जवाब दिया गया। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड में पहले से ही इतने स्टार प्रचारक हैं कि झामुमो-कांग्रेस के नेता उनसे डरते हैं। उन्होंने कहा कि यह सच है कि किसी भी चुनाव में उम्मीदवार नहीं बल्कि पार्टी या संगठन हारता है। घाटशिला उपचुनाव भाजपा जीतेगी, बाबूलाल मरांडी या चंपाई सोरेन नहीं।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

# हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 42.5 लाख की अफीम के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले की पुलिस ने नशाखोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 42.5 लाख रुपए मूल्य की अफीम बरामद की है। इस दौरान चार अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को 8 नवम्बर की रात करीब 11:45 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि मुफसिल थाना क्षेत्र के कत्था फैक्ट्री के पास, टोयोटा शोरूम के सामने, एनएच-33 मुकुन्दगंज पर चार व्यक्ति अफीम की खरीद-बिक्री करने वाले हैं।

सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों संदिग्धों को घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन दौड़ाकर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच के दौरान चारों के पास से एक-एक बैग में अवैध अफीम पाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चतरा से अफीम लाकर ट्रेन से हरियाणा में बेचने जा रहे थे।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं**

1. सचिन कुमार (18 वर्ष), पिता दुर्गानन्द दोंगी, निवासी दारियातु, चतरा।
2. राकेश कुमार मेहता (20 वर्ष), पिता सुरेन्द्र मेहता, निवासी पबरा, कटकमसांडी, हजारीबाग।
3. नन्कु ठाकुर (24 वर्ष), पिता हीरा ठाकुर, निवासी सतौर, चतरा।
4. अनिल दोंगी (45 वर्ष), पिता किशनदयाल दोंगी, निवासी दारियातु, चतरा।

**बरामद सामान**

अफीम-22 किलोग्राम
बैग-04 पीस
मोबाइल फोन -04 पीस

इस संबंध में मुफसिल थाना कांड संख्या 187/25, दिनांक 09.11.2025, धारा 17(C)/21(C)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**छापामारी दल में शामिल अधिकारी**

श्री अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), हजारीबाग।

पु.नि. विद्यावती ओहद्वार, पुलिस निरीक्षक, चुर अंचल।

पु.अ.नि. रौशन बर्णवाल, थाना प्रभारी, मुफसिल।

पु.स.नि. संजय रतन, मुफसिल थाना।

तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल, मुफसिल थाना।

# बरही चौक पर अतिक्रमण रोकने को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, थानाप्रभारी ने दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही चौक और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस निरीक्षक सह थानाप्रभारी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों की टीम ने धनबाद रोड, हजारीबाग रोड, गया रोड और तिलैया रोड का भ्रमण कर अतिक्रमणकारियों को समझाया और चेतावनी दी।

थानाप्रभारी ने कहा कि बार-बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण करना न तो उचित है और न ही कानूनी रूप से सही। इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने दुकानदारों, ठेला-खोमचा लगाने वालों और बेतरतीब वाहन खड़ा करने वालों से अपील की कि वे स्वेच्छा से सड़क का अतिक्रमण हटाएं। थानाप्रभारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी अतिक्रमण जारी रहा, तो दोषियों पर जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा—'बरही आपका है, इसे स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।'

# नगर निगम के खिलाफ जनता जागरूकता संघ का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर में बढ़ती गंदगी और नगर निगम की लापरवाही के विरोध में जनता जागरूकता संघ ने एक रैली निकाली। संगठन ने नगर निगम की निष्क्रियता को लेकर व्यंगात्मक विरोध प्रदर्शन किया।

जनता जागरूकता संघ ने बताया कि उन्होंने पहले भी नगर निगम को पत्र लिखकर सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई इसी के विरोध में आज संगठन के सदस्यों ने नगर निगम की लापरवाही के प्रतीक के रूप में एक पुतला बनाकर उसे फूल-माला अर्पित की और व्यंगात्मक सम्मान दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने निगम प्रशासन के प्रति कड़ा विरोध दर्ज कराया प्रदर्शन में मिशु के. मंडल, राकेश वर्मा, रोहित मंडल, कुंदन, कृष, प्रेम सिन्हा, दीपक, पवन, रौनक कुमार समेत कई सदस्य शामिल हुए।

# पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के बेंगाबाद थानान्तर्गत खण्डोली डैम स्थित शहरपुरा गाँव के आस-पास के जंगलों में बैठ कर कुछ साइबर अपराधी द्वारा आम लोगो के साथ साइबर ठगी कर रहे है। उपरोक्त सूचना के आधार पर पु०नि० रामेश्वर भगत, थाना प्रभारी साईबर थाना गिरिडीह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये साइबर ठगी करने हेतु आगंबाड़ी के अधिकारी बनकर गर्भवती महिलाओं के मो० नं० पर कॉल कर उन्हें मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करते है एवं ठगी के पैसे से मोबाइल रिचॉज एवं ऑनलाइन खरिदारी करते है। इस संदर्भ मे साइबर थाना कांड सं0-37/2025 08.11.2025 दर्ज किया गया है। वंही इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम शंकर कुमार वर्मा उम्र करीब 29 वर्ष पिता-भीम लाल महतो सा०-लाछुवाडीह थाना-बेंगाबाद जिला-गिरिडीहका रहने वाला है इसके साथ. धनूषधारी प्रसाद वर्मा उम्र करीब 25 वर्ष पिता-भीम लाल महतो सा०-लाछुवाडीह थाना-बेंगाबाद जिला-गिरिडीह का निवासी है। इस मौके पर इन साइबर अपराधियों के पास से तीन पीस मोबाइल मोबाइल, तीन पीस सिम, दो पीस आधार कार्ड, एटीएम कार्ड तीन पीस एक पीस पैन कार्ड एक पीस श्रम कार्ड, एक पीस वोटर कार्ड बरामद किया गया। इस छापामारी दल में शामिल पु०नि० रामेश्वर भगत, साइबर थाना प्रभारी पु०नि० पुनित गौतम, पु०नि० गुंजन कुमार, पु०अ०नि० राम प्रवेश यादव, स०अ०नि० संजय मुखियार, पुलिस लाइन से प्राप्त सशस्त्र बल शामिल थे।

# अवैध क्लीनिक को लेकर डीसी गंभीर, समय-समय पर चलाया जा रहा अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद अंचल में दो अवैध क्लीनिक सील, बीते एक सितंबर को जिले भर में हुई थी कार्रवाई**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में अवैध रूप से संचालित अवैध क्लिनिकों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस गंभीर हैं। इसी को लेकर उन्होंने अंचल अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी और संबंधित थाना प्रभारी को उनके क्षेत्र अंतर्गत संचालित सभी प्रकार के अवैध क्लिनिकों को सील करने हेतु निर्देशित किया है।

उपायुक्त के निर्देश के आलोक में बीते एक सितंबर को जिले के सभी सीओ ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत संचालित कई क्लिनिकों की जांच कर उन्हें सील करने की कार्रवाई की गयी थी।इसके अलावे 13 अक्टूबर को हुसैनाबाद अंचल में दो अवैध क्लीनिक को सील किया गया था। इस क्रम में रविवार को भी हुसैनाबाद अंचल अंतर्गत खुश्बू क्लीनिक एवं ज्योति चिल्ड्रेन क्लीनिक को भी सील किया गया। रविवार को हुसैनाबाद अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने दोनों क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान दोनों ही क्लिनिक में कई खामियां पायीं गयी जिसके पश्चात तीनों पदाधिकारियों की मौजूदगी में खुश्बू क्लीनिक एवं ज्योति चिल्ड्रेन क्लीनिक को सील किया गया।

**नियम के अनुरूप कार्रवाई नहीं होने पर सील करने की कार्रवाई रहेगी जारी : उपायुक्त**

उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि जिले में कहीं अभी अवैध रूप से और नियमानुसार क्लीनिक का संचालन नहीं होने पर उस क्लिनिक को सील करने की कार्रवाई की जायेगी।किसी भी परिस्थिति में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी को लेकर पलामू जिला प्रशासन तत्पर है।वे खुद भी स्वास्थ्य केन्द्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हो रहीं हैं और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं हैं।उन्होंने कहा कि जनहित में की जा रही निरीक्षण व कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्धता के साथ सुरक्षित व मानक अनुरूप चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है।

## चौपारण पुलिस की कार्रवाई : दो अभियुक्त गिरफ्तार, 14 भैंसा सहित वाहन जब्त

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चौपारण थाना पुलिस ने पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कांड संख्या 302/25, दिनांक 09/11/25, धारा 315(5)/3(5) इठर एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में 1. दीपक यादव एवं 2. गोलू यादव शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को महूदि क्षेत्र से पकड़ा है। तलाशी के दौरान इनके वाहन से कुल 14 भैंसे बरामद किए गए। गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने किया।

# सियरकोनी जंगल में मिला 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव, पहचान के प्रयास जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड के सियरकोनी जंगल में रविवार सुबह एक 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध पुरुष का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने शव को देखकर इसकी सूचना तत्काल चौपारण थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। आसपास के गांवों में पहचान के लिए पूछताछ की गई, लेकिन देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया, जहां पहचान न होने पर उसे 72 घंटे तक शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस का कहना है कि निर्धारित अवधि में परिजन नहीं आने पर शव का विधि सम्मत दाह संस्कार किया जाएगा। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट या हिंसा के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लापता वृद्धों की सूची खंगालते हुए पहचान के प्रयास कर रही है।

# रफ़्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरीडीह।** गिरीडीह जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग, राँची के निदेर्शानुसार पाँचवा दिन पुलिस उपाधीक्षक यातायात यातायात प्रभारी, गिरिडीह एवं मोटर यान निरीक्षक, गिरिडीह के साथ संयुक्त रूप से नेता चौक, गिरिडीह के पास रफ़्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में जागरूकता अभियान किया गया और बताया गया की वाहन को उनकी गति सीमा के अंदर ही चलाएँ इससे जरूरत पढ़ने पर वाहन को रोकने तथा नियंत्रित करने का पर्याप्त समय मिलता है, नियंत्रित गति सीमा से बाहर वाहन चलाने पर मोटरयान अधिनियम 2019 की धारा 183 के तहत आपको दंड स्वरूप भरना पड़ सकता है, सड़क पर रेसिंग करते पकड़े जाने पर चालक को मोटरयान तो अधिनियम 2019 की धारा 189 के तहत पहले अपराध के लिए पाँच हजार या तीन महीने के कारावास या दोनों से दंडित किया जाएगा साथ ही सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें।

जागरूकता अभियान के दौरान सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक, रोड़ सेफ्टी पम्पलेट एवं रफ़्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ पम्पलेट कि भी वितरण कि गई। अभियान के दौरान पुलिस उपाधीक्षक यातायात मो कौसर अली, यातायात प्रभारी, मोटर यान निरीक्षक गौरी शंकर कुमार रवि, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक मो० वाजिद हसन, साकेत भारती एवं यातायात पुलिस के जवान मौजूद थे।

## प्रेरणा शाखा द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह प्रेरणा शाखा में हमारे मंडल 5 की उपाध्यक्ष रिया अग्रवाल एवं सहायक मंत्री युवा दीपक अग्रवाल का स्नेहपूर्ण आगमन हम सभी के लिए सम्मान और प्रेरणा का अद्भुत क्षण रहा उनके द्वारा हमें जो सम्मान प्रदान किया गया, वह हमारे लिए गौरव का एक सुनहरा अध्याय है हम पूर्ण विश्वास दिलाते हैं कि गिरिडीह प्रेरणा शाखा मंडल 5 से प्रांत और फिर राष्ट्र के मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगी और अपने कार्यों से प्रेरणा की नई ऊंचाइयां हासिल करेगी मंडल उपाध्यक्ष के करकमलों से पांच पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

# सरकारी अस्पतालों में प्राइवेट हॉस्पिटल से बेहतर सुविधाएं दी जा रही है : जग्गू महतो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय कमेटी सदस्य जग्गू महतो ने कहा कि झारखंड के सरकारी अस्पतालों में प्राइवेट हॉस्पिटल से बेहतर सुविधाएं दी जा रही है झारखंड के रिम्स, ऐम्स और धनबाद पी.एम.सी.एच में मरीज को बेहतर इलाज हो रहा है कुछ दलालों के द्वारा डराया जाता है जिससे बेहतर समझ कर प्राइवेट अस्पताल ले आते हैं और बाद में पैसों के अभाव से इलाज नहीं करा पाते हैं झारखंड के सभी सरकारी अस्पतालों में सभी वर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड से इलाज किया जा रहा है पी.एम.सी.एच अस्पतालों में डॉक्टर अपने काम कर रहे हैं और साफ सफाई में कोई कमी नहीं है और उन्होंने कहा कि धनबाद पी.एम.सी.एच हॉस्पिटल में बेहतर इलाज हो रहा है किसी दलाल के चक्कर में ना आए जिसे आपको जिंदगी भर के लिए पछताना पड़े ।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संघ कार्यालय बरगंडा में एक महत्वपूर्ण बैठक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संपन्न हुई , बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान बिरसा मुंडा के 150 वां जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अभाविप गिरिडीह इस बार हमर बिरसा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह मैं कराने का निर्णय लिया है । अभाविप गिरिडीह जिला संयोजक मंटू मुर्मू ने बताया कि जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में हजारों विद्यार्थी सभी 13 प्रखंडों से भाग लेंगे जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेता 5000 + मेडल +सर्टिफिकेट+कप दिया जाएगा वहीं दूसरी स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 3000 +मेडल +सर्टिफिकेट+कप दिया जाएगा एवं तीसरी स्थान में आने वाले विद्यार्थी को 2000 +मेडल +सर्टिफिकेट+ कप दिया जाएगा बैठक का संचालन नगर सह मंत्री अनीश राय ने किया मौके पर नगर उपाध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य बेसरा , कॉलेज अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ,नगर शाह मंत्री अंजली कुमारी,अभिजीत सिन्हा, नगर कला मंच प्रमुख दीपा सेठ, कॉलेज उपाध्यक्ष गुलशन यादव, श्रेयांश गौरव, सिमरन कुमारी, करण यादव, दीपक वर्मा, अंकुश सिंह, आशीष सिंह, कृष्ण सिंह, सतीश यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 5 जनवरी को स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाने के विषय पर विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** योग क्लास के बाद एक बैठक श्री गुरु नानक स्कूल में की गई जिसमें 5 जनवरी को स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाने के विषय पर चर्चा की गई, इसमें बताया गया की 5 जनवरी को सोमवार का दिन है तो उससे पहले एक दिन पहले रविवार को 4 जनवरी को ही हम लोग इस त्योहार को मनाएं स्थान के लिए श्री गुरु नानक विद्यालय के प्रांगण में मनाने की बात की गई, इस कार्यक्रम से पहले आसन प्रतियोगिता गीत भजन प्रतियोगिता और योग दर्शन के सूत्रों की प्रतियोगिता की जाएगी इसमें पहली दूसरी और तृतीय स्थान पर आने वाले साधकों को स्थापना दिवस के दिन प्रोत्साहित किया जाएगा।

दूसरा बिंदु 14 दिसंबर को जमशेदपुर में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन जो योग महाकुंभ के नाम से होगा उसमें जाने के लिए कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया गया उसमें कुछ लोगों का नाम आया, अभी ही रिजर्वेशन करा लिया जाए, तीसरी बिंदु गिरिडीह में अलग-अलग जगह पर सात दिवसीय योग शिविर को लगाने हेतु चर्चा की गई 31 दिसंबर से पहले कम से कम तीन शिविर लगाया जाए ऐसी बातें की गई इसके लिए आज संध्या में माहुरी छात्रावास में एक चर्चा होनी है सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाने पर भी चर्चा की गई इस बार थोड़े और संख्या बल में इसको किया जाएगा इसके लिए सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है, प्रतियोगिता जो होगी वो केवल संगठन के कार्यकर्ता गण एवम उनके परिवार जनों की होगी, आसन प्रतियोगिता उम्र के अनुसार अलग अलग ग्रुप मे होगी, ये तीनों प्रतियोगिता दिसंबर माह में कर लिया जाएगा, इसके लिए आप सब अपना अपना नाम इस माह के अंतिम सप्ताह मे दे देना है, गीत प्रतियोगिता में पतंजलि की भजन पुस्तिका मे दिए गए भजन एवम राष्ट्र भक्ति गीत एवम स्वयम् से योग पर बनाए गए गीतों को विशेष महत्व दिया जाएगा।

# संयुक्त मोर्चा की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** संयुक्त मोर्चो की बैठक लखनलाल पंडित की अध्यक्षता में प्रकार सदर गिरिडीह के सभागार में सम्पन्न हुई । इस बैठक में सदस्यों व पदधारको के विचारोपांत निम्नलिखित विषयों पर निर्णय लिया गया। जिनमे मोचो की अगली बैठक समाहरत्ता परिसर गिरिडीह में 07.12.25 को की जायेगी।

11 मोर्चों के पूर्व बैठक में लिए गये निर्मयानुसार मोर्च के प्रतिनिधिमाक उपायुक्त गिरिडीह के बीच हुए समझौतों को पूर्ण नहीं होने से सदस्यों के बीच काफी आक्रोश करे देखते हुए आन्दोलनात्मक कार्यक्रम का निर्णय लिया गया। यह वार्ता दिनांक 14.10.2025 को उपायुक्त गिरिडीह के कक्ष में हुई थी। जिसका विषय संप-महासंघ के पदधारको के स्थानांतरण कर साथियों का निलम्बन वापस करने', जनसेवको के उपर किये गरे पीड़क कार्यवाई निलम्बन को वापस करने, सभी संवर्गों के कर्मचारियों का ऐसीपी/एमएसीपी प्रोन्नती देने, तय समय सीमा में विभागीय कार्यवाली समाप्त करने के मामले थे। वंही इस मौके पर की बैठक में यह तय किया गया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गलत ढंग से पंचायत सचिवों पर पर किये गये प्राथमिकी को स्थगित करने की माँग की गयी इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार सिंह नोकेज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अमर किशोर प्रसाद सिन्हा, रघुनंदन प्रसाद विश्वकर्मा, जिला मंत्री अनुप कुमार, महासंध के जिला कोषाध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद, लखन प्रसाद, कुमार सिंह, राजकिशोर साहू, जनसेवक संघ के जिलाध्यक्ष राहुल प्रसाद गुप्ता, अनुसचीविय कमेटी संघ के अमित कुमार सिंह,अमित कुमार सिंह, मंत्री इन्द्रदेव पंडित, सुरेन्द्र पाठक, भरत माँझी, जनसेवक सुजीत कुमार पूजा कुमारी, शशिलाल, राज्य उपनिरीक्षक दिनेश मोची, नरेश कुमार सिन्हा, गोपाल, प्रतीक कुमार, रीतेश कुमार सिन्हा सहित सेकडौ साथीयों ने उपस्थित होकर इसका समर्थन किया।

## संजीव सिंह की पुनर्वापसी के कयास से कोयलांचल की राजनीति में हलचल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल की राजनीति में एक नया अध्याय लिखने की तैयारी हो रही है। झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह, जो आठ वर्षों की जेल जीवन के बाद हाल ही में बरी होकर बाहर आए हैं, अब सक्रिय राजनीति में वापसी करने की योजना बना रहे हैं। वे आज रविवार को महत्वपूर्ण घोषणा कर सकते हैं।

2017 के धनबाद पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में नामजद आरोपी रहे संजीव सिंह को विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने 27 अगस्त 2025 को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इस फैसले के बाद वे जेल से रिहा हुए और अब परिवार व समर्थकों के साथ राजनीतिक रणनीति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। नीरज सिंह की हत्या 21 मार्च 2017 को धनबाद के स्टील गेट के पास हुई थी। उस शाम मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने नीरज सिंह के एसयूवी पर 67 गोलियां बरसाईं, जिसमें नीरज के अलावा उनके ड्राइवर घोल्टू महतो, बॉडीगार्ड मुन्ना तिवारी और सहायक अशोक यादव भी मारे गए।

यह कोयला माफिया प्रभावित क्षेत्र का सबसे सनसनीखेज हत्याकांड था, जिसमें ट्रेड यूनियन विवाद और पारिवारिक रंजिश की आशंका जताई गई। नीरज सिंह, जो कांग्रेस के प्रमुख नेता और धनबाद नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर थे, संजीव सिंह के चचेरे भाई भी थे।

पुलिस ने संजीव सिंह समेत 10 लोगों पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। संजीव को 12 अप्रैल 2017 को गिरफ्तार किया गया और आठ वर्ष जेल में बिताने पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2025 में शर्तों के साथ जमानत दी, लेकिन फैसले तक वे धनबाद नहीं आ सके।

संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह वर्तमान में झरिया विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक हैं। उन्होंने 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह (नीरज सिंह की पत्नी) को कड़ी टक्कर देकर 12,000 से अधिक वोटों से हराया। रागिनी की जीत ने परिवार की राजनीतिक विरासत को मजबूत किया। अब संजीव सिंह की राजनीतिक पुनरागमन से कोयलांचल में नया समीकरण बन सकता है। संजीव ने रिहाई के बाद कहा-मैं निर्दोष साबित हुआ हूं। अब धनबाद की जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है। समर्थक दावा कर रहे हैं कि वे आगामी स्थानीय चुनावों या उपचुनाव में सक्रिय होंगे।

हालांकि, नीरज सिंह के छोटे भाई अभिषेक सिंह ने फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वे कहते हैं-न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। यह मामला धनबाद की हिंसक राजनीति को फिर से उजागर कर रहा है, जहां कोयला व्यापार और सत्ता की जंग अक्सर खूनी रंग ले लेती है।

संजीव सिंह की वापसी से भाजपा मजबूत होगी या नई विवादास्पद बहस छिड़ेगी, यह समय बताएगा। फिलहाल, कोयलांचल की सियासत में हलचल तेज हो चुकी है।

# सरकार ने किया शिक्षा विभाग का अनुदान पोर्टल लॉन्च

### विभाग ने की गाइडलाइन जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** वित्त रहित इंटर कॉलेजों, माध्यमिक स्कूलों, संस्कृत विद्यालयों तथा मदरसों के अनुदान के लिए दो वर्ष बाद फिर से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इसके लिए आवेदन तथा उसकी स्क्रूटनी आदि की ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए नया पोर्टल जीआइएडीओएसईएल डाट झारखंड डाट जीओवी डाट इन तैयार किया है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान के लिए इन पोर्टल के माध्यम से स्कूल, कालेजों एवं मदरसों से आनलाइन आवेदन मांगे हैं। विभाग ने इसे लेकर गाइडलाइन भी जारी कर दी है।

अनुदान के लिए वित्त रहित संस्थानों द्वारा 10 नवंबर से 13 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। संबंधित जिले के डीईओ तथा जैक द्वारा

आवेदनों की स्क्रूटनी, संस्थानों के भौतिक सत्यापन के बाद अपनी अनुशंसा 29 दिसंबर तक विभाग को उपलब्ध कराएंगे।

इस क्रम में दोनों प्राधिकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि अनुदान अनुशंसित होनेवाले स्कूल, कालेज या मदरसा में वित्तीय अनियमितता का कोई मामला नहीं है। विभाग ने यह भी कहा है कि निर्धारित तिथि के बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

इसके बाद किसी भी माध्यम से संस्थानों से आवेदन नहीं लिए जाएंगे। बताते चलें कि वित्त रहित स्कूलों, कालेजों एवं मदरसों के अनुदान के लिए वर्ष 2016 से ही ऑनलाइन आवेदन लिए जाते थे। लेकिन पिछले दो वित्तीय वर्षों 2023-24 तथा 2024-25 में पोर्टल में खराबी आने के कारण आफलाइन आवेदन लिए गए थे तथा सारी प्रक्रिया ऑफलाइन पूरी हुई थी। इससे इनके अनुदान की स्वीकृति वित्तीय वर्ष के लगभग अंतिम समय में हुई थी। समय पर तथा आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से संस्थानों को इस बार समय पर अनुदान मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य सरकार स्थापना अनुमति तथा प्रस्वीकृति प्राप्त संस्थानों को अनुदान प्रदान करती है।

## क्या सरकार 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के खलनायक का रिमिशन करेगी मंजूर ?

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** धनबाद के कुख्यात वासेपुर इलाके के गैंग्सटर फहीम खान, जिनकी जीवनी पर आधारित फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' बनी थी, को 22 साल बाद जेल से रिहाई की किरण नजर आ रही है। 75 वर्षीय फहीम वर्तमान में जमशेदपुर की घाघीडीह सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

झारखंड हाईकोर्ट ने फहीम की याचिका पर राज्य सरकार को विचार करने और निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इसके लिए छह सप्ताह का समय निर्धारित किया है। हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में शुक्रवार को सुनवाई हुई।

फहीम की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार सिन्हा और लुकेश कुमार ने पैरवी की। उन्होंने तर्क दिया कि फहीम को 2009 में सजा मिली और उन्होंने जेल में 20 साल से अधिक समय गुजार दिया है। उम्र 75 साल होने के कारण स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हैं, इसलिए सजा में छूट (रिमिशन) देकर रिहाई दी जाए। उन्होंने 1995 के एक्ट का हवाला देते हुए मांग की।

विरोध में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि सजा रिव्यू बोर्ड ने फहीम को समाज के लिए खतरा बताते हुए रिहाई का विरोध किया था। बोर्ड का मानना है कि उनकी रिहाई से कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

सरकार ने स्पष्ट किया कि रिहाई का अधिकार पूरी तरह राज्य का है और 2007 के एक्ट के तहत विचार उचित है।

कोर्ट के निर्देश के बाद वासेपुर के कमर मखदूमी रोड स्थित फहीम के घर पर जश्न का माहौल है। शनिवार को परिवारजन और रिश्तेदारों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं। फहीम के बड़े बेटे इकबाल खान ने मीडिया से कहा-आखिरकार न्याय की जीत हुई। पूरे परिवार को कोर्ट पर भरोसा था। पापा जल्द घर लौटेंगे। फहीम की पत्नी रिजवाना परवीन ने दर्द बयां करते हुए कहा-पति के बिना परिवार चलाना, बच्चों की परवरिश करना कितना मुश्किल होता है, यह एक औरत ही समझ सकती है। अल्लाह के दरबार में दुआ कबूल हुई। ऊपर वाले के यहां देर है, लेकिन अंधेर नहीं।

फहीम का नाम अपराध जगत में 1989 में वासेपुर के सागीर हसन सिद्दीकी हत्याकांड से जुड़ा। 10 मई 1989 को सागीर की गोली मारकर हत्या हुई थी। धनबाद कोर्ट ने 1991 में फहीम को बरी कर दिया, लेकिन हाईकोर्ट ने फैसला पलटकर आजीवन कारावास सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने 2011 में इसे बरकरार रखा।

जेल में फहीम कई बार बीमार पड़े और अस्पताल में भर्ती हुए। रिहाई अब पूरी तरह झारखंड सरकार पर निर्भर है। यदि सरकार रिमिशन मंजूर करती है, तो फहीम घर लौट सकते हैं, वरना जेल में ही रहना पड़ेगा। वासेपुर में यह खबर चर्चा का विषय बनी हुई है।

## गबन के आरोपी पूर्व विधायक को क्लीन चिट देने वाले अनुसंधानकर्ता पर चलेगा मुकदमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद सहित अन्य पर कर्णपुरा कालेज में 50 लाख रुपये के गबन के केस में आरोपितों को क्लीन चिट देने वाले तत्कालीन अनुसंधानकर्ता दारोगा अमित कुमार व तत्कालीन पर्यवेक्षण पदाधिकारी एसडीपीओ कुलदीप कुमार के विरुद्ध भी मुकदमा चलेगा। आरोपित पुलिस अधिकारियों ने इस केस में आरोपितों को निर्दोष करार देते हुए इसे सत्य सूत्रहीन (एफआरटी नो क्लू) में कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट दे दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोपितों पर लगाए गए आरोपों के संबंध में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर हजारीबाग के सीजेएम कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटिशन दाखिल कर इसे चुनौती दी। कोर्ट ने अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार एवं पवन कुमार यादव का बहस सुनने के बाद इस शिकायत को एडमिट कर लिया है। अब तत्कालीन अनुसंधानकर्ता व तत्कालीन पर्यवेक्षण पदाधिकारी भी जांच के घेरे में आ गए हैं। उनके विरुद्ध भी कोर्ट में मुकदमा चलेगा। कांड के शिकायतकर्ता हजारीबाग के बड़कागांव स्थित प्रोफेसर कालोनी के रहने वाले राम सेवक हैं। उन्होंने हजारीबाग के सीजेएम कोर्ट में 2021 में शिकायतवाद संख्या 835/21 दाखिल किया था। इस बाद में न्यायालय के आदेश के बाद बड़कागांव थाने में कांड संख्या 113/21 दर्ज किया गया था।

इसी केस में तत्कालीन अनुसंधान कर्ता दारोगा अमित कुमार ने सत्य सूत्रहीन करार देते हुए केस में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी। इसमें तत्कालीन पर्यवेक्षण पदाधिकारी एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने भी आरोप को सत्य नहीं पाया था। शिकायतकर्ता कर्णपुरा कालेज बड़कागांव के संस्थापक व दानदाता हैं। उन्होंने वर्ष 1989 में एक गैर सहायताप्राप्त डिग्री कालेज के रूप में उक्त कालेज को स्थापित किया था। वह जून 1988 में इसके प्राचार्य बने और 30 अप्रैल 2020 को सेवानिवृत्त हुए थे। 2009 में यह कालेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अधीन संबद्ध महाविद्यालय बन गया। 22 फरवरी 2021 को कर्णपुरा कालेज से संबंधित एक शासी निकाय की बैठक हुई थी, जिसमें बड़कागांव की तत्कालीन विधायक अंबा प्रसाद शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में शामिल हुई थीं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उस तिथि में ऐसा कोई शासी निकाय मौजूद नहीं था। जब शासी निकाय अस्तित्व में नहीं था, तब सबकुछ अवैध था। इसमें लिए गए निर्णय भी अवैध थे। आरोप है कि तत्कालीन विधायक ने शासी निकाय की अवैध बैठक की अध्यक्षता की और अपने विशेष दर्जे का लाभ उठाकर अन्य आरोपितों के साथ मिलकर भारी गबन की राशि के लिए आपराधिक साजिश रची। बड़कागांव थाने में दर्ज केस में पूर्व एसडीपीओ ने अनुसंधानकर्ता को 28 बिंदुओं पर जांच का निर्देश दिया था। जिसपर अनुसंधानकर्ता ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति व कर्णपुरा कालेज के नव नियुक्त प्राचार्य से पत्राचार किया था। जवाब नहीं मिला। बाद में बिना जांच पड़ताल व बिना गवाही के ही साक्ष्य की कमी दिखाते हुए अनुसंधानकर्ता ने कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट दे दी। तत्कालीन कांग्रेसी विधायक अंबा प्रसाद, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डा. मुकुल नारायण देव, तत्कालीन रजिस्ट्रार विभावि हजारीबाग डॉ. वंशीधर प्रसाद रुखैयार, विवि में रसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. इंद्रजीत कुमार, कर्णपुरा कालेज के कीर्तिनाथ महतो, कर्णपुरा कालेज के सचिव टुकेश्वर प्रसाद, कर्णपुरा कालेज के इतिहास विभाग के प्रोफेसर सुरेश महतो, ज्योति जलधर, विभावि के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. कौशलेंद्र कुमार, हजारीबाग के तत्कालीन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, भोगेश्वर महतो, बड़कागांव के तत्कालीन एसडीपीओ कुलदीप कुमार, बड़कागांव थाने के तत्कालीन दारोगा अमित कुमार व अन्य अज्ञात।

## नाबालिग के साथ दो बच्चों के पिता ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगन्नाथपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक शादीशुदा व्यक्ति ने घर में अकेली पाकर एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज आठ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

यह घटना शनिवार की शाम करीब चार बजे की है। पीड़िता, जो स्थानीय विद्यालय की छात्रा है, अपने नाबालिग भाई के साथ जगन्नाथपुर क्षेत्र में अकेली रहती है। जानकारी के मुताबिक, जब नाबालिग शनिवार को स्कूल से लौटने के बाद घर में कपड़े बदल रही थी, तभी मौलानगर निवासी शाहिद अफरीदी (26) जबरन उसके घर में घुस गया और उसके साथ जोर-जबरदस्ती करने लगा।

बच्ची के जोर से चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद आरोपी शाहिद अफरीदी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घटना से सकते में आए परिजनों ने तत्काल जगन्नाथपुर थाना को सूचित किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। थाना प्रभारी अविनाश हेम्ब्रम के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता दिखाते

हुए आरोपी शाहिद अफरीदी को महज आठ घंटे के भीतर चाईबासा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की है। उस पर पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। रविवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर चाईबासा मंडलकारा भेज दिया गया है।

छापेमारी दल में एसडीपीओ राफेल मूर्मू, थाना प्रभारी अविनाश हेम्ब्रम, एसआई अभिमन्यु सिंह तथा सशस्त्र बल शामिल थे। थाना प्रभारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी शाहिद अफरीदी दो बच्चों का पिता है, जिसने अपनी इस घिनौनी हरकत से पिता के रिश्ते और समाज के भरोसे को कलंकित किया है।

## कल्पना सोरेन ने भरी हुंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घाटशिला।** झामुमो ने शनिवार को मउभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में विधानसभा स्तरीय विशाल जनसभा आयोजित कर उपचुनाव से पहले अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। यह झामुमो की उपचुनाव के लिए अंतिम जनसभा थी, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पार्टी की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने भी जनता को संबोधित किया।

कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासियों के साथ पहले भी भेदभाव होता था, आज भी होता आ रहा है। गरीब, आदिवासी, पिछड़ा और दलित समाज के दुख-दर्द के साथ हेमंत सोरेन हमेशा खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि जब पिछली बार 2024 में विधानसभा चुनाव हुआ था, तब झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता और आदिवासी-मूलवासी जनता ने हेमंत सोरेन का साथ दिया था। झुकना उन्होंने कभी नहीं सीखा। उन्होंने कहा कि जब हेमंत सोरेन जेल के अंदर थे, तब भी जनता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

उनके रगों में झारखंड की संस्कृति, संघर्ष और अस्मिता बसती है।

कल्पना ने कहा कि झामुमो की लड़ाई सिर्फ सत्ता की नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के सम्मान और अस्तित्व की है। आज गुरुजी शिबू सोरेन और रामदास सोरेन हमारे बीच नहीं हैं, इसलिए उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब हमारी है।

यह चुनाव उस दुख और तकलीफ से मुक्ति का रास्ता है, जिसे जनता खुद चुनेगी। जनसभा में मंत्री दीपक बिरुवा, प्रत्याशी सोमेश सोरेन सहित कई झामुमो नेताओं ने भी भाषण दिया।

## विभाग ने दी तेजी से तापमान गिरने की चेतावनी, बढ़ेगी ठंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** पिछले एक सप्ताह से लगातार राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का असर दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के द्वारा जारी पूर्वानुमान में बताया गया है कि राज्य में 9 से 14 नवंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

इस दौरान राज्य में अगले तीन दिनों तक यानी 9, 10 और 11 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक यानी 12 और 13 नवंबर तक तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि तापमान गिरने से ठंड का असर बढ़ने लगेगा। इस वर्ष अधिक वर्षापात होने के कारण पर्यावरण में पर्याप्त नमी मौजूद है और ठंड बढ़ने से इसका सीधा असर सेहत पर भी पड़ेगा। रांची के आसपास घाटी क्षेत्रों में तो अहले सुबह और शाम ढलते ही कोहरे का असर दिखने लगा है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस गुमला का रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 27.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

लोहरदगा जिला में विगत एक सप्ताह के दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले में न्यूनतम तापमान में काफी ज्यादा गिरावट आई है। जिसकी वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लोग गर्म कपड़े पहन कर घर से बाहर निकलने को विवश हो चुके हैं। जिले में शनिवार को अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

आने वाले दिनों में तापमान में और भी ज्यादा गिरावट होने की उम्मीद की जा रही है। मौसम में हुए बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी देखा जा रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी बीमारियां लोगों को प्रभावित करने लगी है।

नवंबर माह के शुरू होने के साथ ही मौसम में बदलाव शुरू हो गया था। लोगों को ठंड का एहसास होने लगा था। जैसे-जैसे नवंबर का महीना आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कड़ाके की सर्दी दस्तक दे रही है। सुबह और शाम के समय तो काफी ज्यादा ठंड का एहसास हो रहा है। दिन के समय में भी ठंडी हवाएं चल रही हैं।

## झारखण्ड में 737 होमगार्डों की होगी बहाली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** अगर आप 7वीं या 10वीं पास हैं, तो झारखंड गृह रक्षा वाहिनी में नौकरी पाने का यह शानदार अवसर है।

विभाग ने कुल 737 होमगार्ड पदों के लिए बंपर भर्ती निकाली है। आवेदन प्रक्रिया 18 नवंबर 2025 से शुरू होगी और 21 दिसंबर 2025 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

झारखंड होमगार्ड भर्ती 2025 के तहत कुल 737 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 667 पद ग्रामीण गृह रक्षक और 70 पद शहरी गृह रक्षक के लिए निर्धारित हैं। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति दुमका जिले के विभिन्न प्रखंडों यानी, दुमका मुफस्सिल, काठीकुण्ड, गोपीकान्दर, शिकारीपाड़ा, रानेश्वर, मसलिया, जामा, जरमुण्डी, सरैयाहाट और रामगढ़ में की जाएगी।

ग्रामीण गृह रक्षक पदों के लिए उम्मीदवारों को न्यूनतम 7वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जबकि शहरी गृह रक्षक पदों के लिए कम से कम 10वीं कक्षा पास होना जरूरी है। दोनों पदों के लिए उच्चतर संबंधित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी 2025 को न्यूनतम 19 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवारों का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षा, हिन्दी लेखन परीक्षा और तकनीकी दक्षता परीक्षा (केवल शहरी गृह रक्षक पदों के लिए) के आधार पर किया जाएगा।

### ठंड देने लगी दस्तक

**जमशेदपुर।** शहर में सर्दी ने दस्तक दे दी है। सुबह और देर रात की ठंडी हवाओं के बीच अब लोगों को रजाई-कंबल की जरूरत महसूस होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान गिरकर 14.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में यह और नीचे जा सकता है।

## चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जमुई में स्मृति इरानी ने किया रोड शो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान समाप्त हो गया है। विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारक अपने-अपने उम्मीदवार के समर्थन में उतर चुके हैं। रविवार को भाजपा महिला नेता स्मृति ईरानी ने जमुई में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी श्रेयसी सिंह के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान सड़कों पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी।

स्मृति ईरानी का हेलीकॉप्टर मलयपुर में उतरा और वहीं से दोपहर दो बजे उनका रोड शो प्रारंभ हो गया। रोड शो मलयपुर बाजार होते खैरमा, झाझा बस स्टैंड, कचहरी चौक, महराजगंज होते बोधवन तालाब तक गया।

इस दौरान स्मृति ईरानी खुली जीप पर सवार होकर जहां अपने समर्थकों व लोगों का अभिवादन कर रही थी, वहीं एनडीए कार्यकर्ता फूल-माला देकर उनका स्वागत कर रहे थे। उनके साथ भाजपा प्रत्याशी श्रेयसी सिंह, पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद

केशरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक राज आदि जीप पर सवार थे।

रोड शो के दौरान भारी भीड़ सड़क के दोनों ओर भाजपा व एनडीए के समर्थकों की भीड़ लगी रही।

स्मृति ईरानी ने कहा कि आज बिहार की हर सड़क और हर कोने में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह अभूतपूर्व आशीर्वाद का परिणाम है। जो न लोकतंत्र के इस उत्सव में बड़ी संख्या में भाग लिया और पहले चरण में मतदान केंद्रों तक पहुंचे। अब मैं सभी से आग्रह करती हूं कि दूसरे चरण में भी इसी प्रतिबद्धता को जारी रखें।

बीजेपी उम्मीदवार श्रेयसी सिंह पर बोलते हुए बीजेपी नेता अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि श्रेयसी बिहार में सबसे अधिक मतों के अंतर से जीतने जा रही हैं। श्रेयसी सिंह ने कहा कि लोगों से इतना उत्साह और समर्थन पाकर बहुत अच्छा लग रहा है, यह वाकई शानदार अनुभव है।

## राजद प्रत्याशी को मिली जान से मारने की धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज।** राजद के जिलाध्यक्ष तथा बरौली से राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है।

धमकी देने वाले बरौली प्रखंड के कल्याणपुर के मुखिया प्रतिनिधि तथा जदयू समर्थक अनुज सिंह ने राजद समर्थक शशिकांत सिंह को फोन कर उक्त धमकी दी है। इस मामले में राजद प्रत्याशी के पिता उपेंद्र सिंह ने बरौली थाने में आवेदन देकर करवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, बरौली थाने में दिए आवेदन में राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार सिंह के पिता ने आरोप लगाए हैं कि कल्याणपुर के मुखिया प्रतिनिधि सह मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने चुनाव के दिन राजद समर्थक शशिकांत सिंह उर्फ चिंटू सिंह के मोबाइल पर फोन करके दिलीप कुमार सिंह को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उनके घर पर चढ़कर उन्हें गोलियों से छलनी कर देने की धमकी दी है।

इस संदर्भ में राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी कराई गई है। साथ ही पुलिस अधीक्षक से भी मिल कर उचित करवाई के साथ ही सुरक्षा देने की मांग की जाएगी। इस संबंध में मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने बताया कि मेरे तरफ से किसी के साथ गाली-गलौज नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि मेरे खिलाफ साजिश के तहत प्राथमिकी कराई गई है। मैं जदयू समर्थक हूं। ऐसे में मेरे खिलाफ प्राथमिकी कराने का कार्य किया गया है। थानाध्यक्ष अणिमा राणा ने बताया कि प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# भय का माहौल, पुरूष अब भी फरार, गांव सूना

**□मतदान पर पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव □कार्रवाई से गांव में खौफ, महिलाएं आक्रोशित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग अब दूर नहीं, लेकिन गया जिले के टेकारी विधानसभा क्षेत्र के दिघौरा गांव में 29 अक्टूबर को हुए हिंसक हमले का असर अभी भी बरकरार है।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के विधायक व प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार पर ग्रामीणों के कथित जानलेवा हमले के 11 दिन बाद भी गांव में भय का माहौल है। पुरुष फरार हैं, महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हैं। हां, जिस बदहाल सड़क पर विवाद हुआ, उसके मरम्मत का काम जोरों पर जारी है। बुलडोजर, रोलर के साथ सड़क निर्माण तेजी से चल रहा है।

बड़ा सवाल यही है कि 11 नवंबर को होने वाली वोटिंग पर गांव के सभी लोग वोट डाल पाएंगे। ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस की बर्बर कार्रवाई ने गांव को खौफ में डाल दिया है, जबकि एनडीए इसे विपक्षी साजिश बता रहा है। प्रशासन की पहल का इंतजार है।

29 अक्टूबर की शाम को विधायक अनिल कुमार अपने चुनावी काफिले के साथ दिघौरा गांव से गुजर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार विधायक से गांव की जर्जर सड़कों पर बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया।

गुस्साए ग्रामीणों ने उन्हें कार से उतारकर पैदल चलने को मजबूर करने की कोशिश की ताकि बदहाली का अहसास हो। बातें बढ़ीं तो पथराव शुरू हो गया।

आरोप है कि अनिल कुमार के सुरक्षाकर्मियों ने फायरिंग की। ग्रामीणों के हमले में विधायक के सिर और हाथ में चोटें आईं। उनके भाई और कई समर्थक भी घायल हुए, जबकि 7-8 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हमले में लूटपाट की भी शिकायतें हैं।

अनिल कुमार ने इसे हत्या की साजिश बताया और आरजेडी पर इल्जाम लगाया। हम पार्टी के प्रवक्ता राकेश रंजन ने कहा, यह जंगलराज लाने की साजिश है। विपक्ष लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। वहीं विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक विरोध करार दिया।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने गांव को छावनी में बदल दिया। दिघौरा पंचायत के दिघौरा गांव में 44 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। अब तक 9 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं, जिनमें ज्यादातर ओबीसी समुदाय से हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने बेगुनाहों पर लाठियां बरसाईं, यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शा। बबीता कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि महिलाओं ने बताया कि पुलिस रातों-रात आई और घर-घर तलाशी ली। ऐसा कई दिन चला।

इधर तीन दिन से कोई पुलिस-प्रशासन से कोई नहीं आया है। पुरुष भाग गए, अब गांव सूना पड़ा है। वोटिंग के दिन भी डर से बाहर नहीं निकलेंगे।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई हमले की जांच के तहत थी। पुलिस पर गलत आरोप लगाया जा रहा है। घायलों का इलाज हो रहा है। सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोई राजनीतिक साजिश नहीं, सिर्फ स्थानीय विवाद का मामला है। स्थानीय ठेकेदार सड़क निर्माण खुद से कर रहे हैं, मरम्मत का काम होना ही था। बारिश की वजह से काम डिले हुआ। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं है।

हमला टेकारी में जातिगत समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। वरिष्ठ पत्रकार उज्जवल कहते हैं, इस घटना से दोनों तरफ से ध्रुविकरण हो रहा है। लड़ाई सीधी है। अनिल कुमार (भूमिहार) का मुकाबला राजद के अजय दांगी (कोयरी/ओबीसी) में है।

जन सुराज के शशि यादव भी अपनी मौजूदगी दिखा रहे हैं। हमले के बाद ओबीसी नेताओं ने एनडीए की ओर से डैमेज कंट्रोल शुरू किया है, ताकि आगे-पीछे ध्रुवीकरण न हो। दो नवंबर को एनडीए नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की और कहा, यह हत्या की साजिश थी, लेकिन हम मजबूत हैं। आठ नवंबर को चिराग पासवान ने टेकारी में रैली कर अनिल कुमार के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार फिर बनेगी।

दिघौरा पहुंचे हुए राजद नेता श्याम सुंदर ने बताया कि प्रशासन को पहल करनी चाहिए।

यहां बच्चों और निदोर्षों को पुलिस तंग कर रही है। जो लोग बाहर थे, उनपर भी एफआईआर हो गई है। लोकतंत्र में बातचीत से समाधान निकालना चाहिए। दिघौरा से अनिल कुमार को समर्थन मिलता रहा है, सड़क की बदहाली ग्रामीणों का गुस्सा जायज था। हिंसा नहीं होनी चाहिए थी। वे सवाल उठाते हैं कि 11 को चुनाव है, ऐसे में इतनी तेजी से रोड कैसे बन रहा है, पहले क्यों नहीं बना।

11 नवंबर को टेकारी में वोटिंग है। दिघौरा जैसे गांवों में भय से लोग वोट डालने से कतरा रहे हैं। एक बुजुर्ग ग्रामीण ने बताया, पुलिस का डर है, लेकिन सड़क जैसी समस्याओं पर वोट तो देंगे। प्रशासन पहल करे तो गांव से फरार चल रहे युवक सब भी वोट डालेंगे। चुनाव आयोग ने सुरक्षा बढ़ाई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर तनाव बरकरार है।

# चुनाव प्रचार पर लगा विराम

## दूसरे चरण के मतदान की प्रक्रिया पूरी

## सात लाख 69 हजार 356 हैं युवा मतदाता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान दो दिन बाद यानी 11 नवंबर को होगा। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा।

दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंविदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा।

कटोरिया, बेलहर, चैनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इनमें 1165 पुरुष उम्मीदवार, 136 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंड हैं। वहीं तीन करोड़ 70 लाख मतदाता दूसरे चरण में मतदान करेंगे। एक करोड़ 95 लाख पुरुष वोटर हैं। एक करोड़ 74 लाख महिला वोटर हैं। चार लाख चार हजार दिव्यांग वोटर हैं। 63373 सर्विस वोटर हैं। 943 थर्ड जेंडर हैं। 43 एनआरआई हैं। वहीं 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या सात लाख 69 हजार 356 है।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** रविवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का आयोजन बड़े ही उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर छात्रों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यथा फैंसी ड्रेस, रंगोली, सांस्कृतिक नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट, एवं प्रोजेक्ट वर्क – में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

छात्रों में अपनी उपलब्धियों को लेकर अत्यधिक उत्साह और प्रेरणा देखी गई, वहीं अभिभावक भी अपने बच्चों की प्रगति देखकर बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया आर्ट एंड क्राफ्ट मॉडल, जिसमें बिहार की संस्कृति एवं त्यौहारों की झलक को सुंदरता से प्रदर्शित किया

गया। इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने कहा कि पुरस्कार बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जो छात्र इस बार अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, वे भी इन सम्मानित छात्रों से प्रेरणा लेकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस बार का परिणाम पिछली बार की तुलना में अधिक उत्कृष्ट रहा है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे विद्यार्थी और ऊँचाइयाँ छुएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया गया।

# अंतिम क्षणों में वार-पलटवार का दौर रहा हावी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** धमदाहा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव तेज हो गया है। राजद समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने मौजूदा मंत्री लेशी सिंह पर चुनाव को प्रभावित करने, अपहरण की कोशिश और डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया है। वहीं, लेशी सिंह ने पलटवार करते हुए कुशवाहा और सांसद पप्पू यादव पर ओछी राजनीति और प्रचार में बाधा डालने का आरोप लगाया।

पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंत्री लेशी सिंह के समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार रात प्रचार के दौरान लेशी सिंह के समर्थकों ने राजद कार्यकर्ताओं को गाड़ी से उतारकर अगवा करने की कोशिश की। एक समर्थक के घर में घुसकर मारपीट और धमकाने की भी घटना हुई।

राजद समर्थकों का आरोप है कि एनडीए समर्थक शराब के नशे में थे। जांच में इसकी पुष्टि भी हुई। उनके वाहन से भारी मात्रा में कैश और हथियार बरामद किए गए। हालांकि कुछ लोग नकदी और बोतलें लेकर भागने में सफल रहे। स्थानीय लोगों ने पांच लोगों को कार समेत पकड़ लिया। जब्त कार से प्रचार सामग्री और आपत्तिजनक चीजें मिलीं, साथ ही वह बिना अनुमति के प्रचार कर रही थी।कुशवाहा ने कहा कि धमदाहा में पिछले 15 वर्षों से खौफ और आतंक का माहौल है। उनका आरोप है कि वर्तमान विधायक की जमीन खिसकती दिख रही है, इसलिए उन्होंने चुनाव प्रभावित करने के लिए बाहरी अपराधियों को बुलाया है। उन्होंने 2020 के चुनाव में हुई एक हत्या का भी ज़िक्र किया और कहा कि उनकी जान को खतरा है। कुशवाहा ने कहा कि उनकी पार्टी शांति और अहिंसा में विश्वास रखती है।

मंत्री लेशी सिंह ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सांसद पप्पू यादव धमदाहा से संतोष कुशवाहा के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पप्पू यादव और कुशवाहा शुरूआत से ही उनके परिवार और बेटे को हर मामले में घसीट रहे हैं, जो उनकी घटिया मानसिकता और नीच राजनीति को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि कुशवाहा ने उनके समर्थक की प्रचार गाड़ी को रोककर फेसबुक लाइव किया और झूठे आरोप लगाए कि कार में पैसे हैं, लेकिन जांच में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। लेशी सिंह ने कहा कि अगर सांसद पप्पू यादव उन्हें धमकाएंगे, तो वे चुप बैठने वाली नहीं हैं।

## मच्छरों के दंश से बीमार हो रहे शहरवासी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मौसम में आ रहे बदलाव के साथ मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। दिन हो या रात, मच्छर शहरवासियों की चैन छिन रहे है। उनसे मुक्ति दिलाने का जिम्मा नगर निगम पर है, लेकिन निगम मच्छरों को मारने के लिए नियमित अभियान नहीं चला रहा है। कुछ सप्ताह के अंतराल पर चल रहा फागिंग एवं नालों में एंटी लार्वा दवा के छिड़काव का असर कारगर नहीं हो पा रहा है। नगर निगम इस समस्या को लेकर कभी गंभीर नहीं रहा है। शहरवासियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अब तक ठोस योजना नहीं बनाई गई।

मच्छरों से शहर एवं आसपास रहने वाले लाखों लोगों की नींद हराम हो चुकी है। पहले रात में उनका दंश झेलना पड़ता था, लेकिन अब दिन में भी चैन नहीं। वे न सिर्फ शहरवासियों की नींद उड़ा रहे हैं, बल्कि मलेरिया, कालाजार, डेंगू, जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे संक्रामक रोगों का शिकार लोगों को बना रहे हैं।

# राजद नेता के बेटे की संदिग्ध मौत, सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र से रविवार अहले सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नगर परिषद वार्ड नंबर 12 के ढाव गांव में राजद नगर अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के 17 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रीतम का शव सुबह घर के पीछे चापाकल और बाथरूम के पास गिरा हुआ मिला।

मृतक प्रीतम कुमार इंटरमीडिएट का छात्र था। वह पढ़ाई के साथ अपने पिता के राजनीतिक कार्यों में भी सहयोग करता था। परिजनों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, प्रीतम शनिवार की रात घर में ही सोया हुआ था। रविवार तड़के जब सुरेंद्र यादव की पत्नी नूतन देवी जागीं, तो उन्होंने देखा कि प्रीतम के कमरे का दरवाजा खुला हुआ है और वह बिस्तर पर नहीं था। पशुओं को चारा देने के बाद जब वे घर के पीछे स्थित बाथरूम और चापाकल की ओर गईं, तो उन्होंने देखा कि प्रीतम जमीन पर गिरा हुआ है। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटे और तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिमरी बख्तियारपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, इंस्पेक्टर मो. सुजाउद्दीन और एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का प्रतीत होता है। उन्होंने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अधिकारी ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

# शराबी दारोगा को लोगों ने धुना

## लोगों ने वर्दी फाड़ी, घंटों बनाया बंधक

## नशे में लोगों को दी गाली, की बदसलूकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां बेतिया पुलिस की छवि पर फिर से सवाल उठे हैं। मझौलिया थाना क्षेत्र में तैनात एक दरोगा को ग्रामीणों ने नशे की हालत में पकड़ा, जमकर पिटाई की, वर्दी फाड़ दी और घंटों तक बंधक बनाए रखा। बताया जा रहा है कि दरोगा शराब के नशे में जांच करने गांव पहुंचे थे, जहां ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज करने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

घटना मझौलिया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक, वहां तैनात दरोगा अरविंद सिंह अपने दो-तीन गार्डों के साथ पुलिस जीप से गांव पहुंचे थे। वे किसी मामले की जांच करने आए थे, लेकिन नशे में धुत होकर उन्होंने घरवालों से अभद्र भाषा में बात करनी शुरू कर दी। जब दरोगा ने गाली-गलौज और बदसलूकी की, तो स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और बंधक बना लिया।

इसके बाद ग्रामीणों ने दरोगा की जमकर पिटाई की, उनकी वर्दी फाड़ दी और घंटों तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो अब तेजी से फैल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना मिलने पर मझौलिया थाना से टीम मौके पर पहुंची और दरोगा को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि दरोगा नशे में धुत होकर महिलाओं से दुर्व्यवहार कर रहे थे और अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर रहे थे। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने उन्हें सबक सिखाने के लिए पकड़ लिया और पिटाई कर दी। बेतिया पुलिस पर आचार संहिता और शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ाने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सूबे में शराबबंदी लागू है, तो पुलिसकर्मी खुद शराब पीकर जांच करने कैसे पहुंचे? इस पूरे घटनाक्रम से बेतिया पुलिस की साख पर गहरा धब्बा लगा है। जिले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही है।

## पत्ती तोड़ने के जुर्म में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले से एक दर्दनाक वारदात सामने आई है। हत्था थाना क्षेत्र के पटसारा गांव (वार्ड-12, सखौरा) में बीती देर रात 70 वर्षीय शंकर पासवान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि पेड़ की पत्तियां तोड़ने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया, जिसके चलते हत्था, पियर और सकरा थाना की पुलिस के साथ डायल-112 की टीम भी मौके पर पहुंची। बाद में डीएसपी ईस्ट-2 मनोज कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

परिजनों के मुताबिक, मृतक को पिछले कई दिनों से आरोपी की ओर से धमकियां मिल रही थीं। शनिवार रात विवाद के दौरान आरोपी ने शंकर पासवान की फट्ठे से पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के साथ भी मारपीट की गई।

हत्या के बाद आरोपी शव को सड़क किनारे धान के खेत में फेंककर फरार हो गए।

गुस्साए परिजनों ने शव को हमलावर के घर के सामने रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को देर रात पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीएसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है।

# महिलाएं घर-घर पहुंचा रहीं चुनावी संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख करीब आती जा रही है, वैसे-वैसे चुनावी माहौल पूरी तरह गमार्ता जा रहा है। गया शहरी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान अब रफ्तार पकड़ चुका है।

हर गली-मोहल्ले, नुक्कड़ और चौराहे पर अब सिर्फ एक ही चर्चा है किसे दें वोट। हर दल के उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपनाने में जुटे हैं। कोई अपने वादों की झड़ी लगा रहा है, तो कोई विकास के नाम पर वोट मांग रहा है।

घर-घर जाकर जनसंपर्क का दौर लगातार जारी है। इस चुनाव में महिलाओं की सक्रियता खास तौर पर देखने को मिल रही है। न केवल मतदाता के रूप में, बल्कि प्रचारक के रूप में भी महिलाएं पूरी तरह आगे हैं। भाजपा, कांग्रेस, जनसुराज या अन्य दल सभी ने अपने प्रचार में

महिलाओं को अहम जिम्मेदारी दी है। महिला कार्यकर्ता न केवल महिलाओं मतदाताओं तक पहुंच रही हैं, बल्कि पुरुषों से भी खुलकर संवाद कर रही हैं।

इस बार चुनाव में महिलाएं केवल दर्शक नहीं, बल्कि असली परिवर्तन की धुरी बन चुकी हैं। जनसुराज की महिला टोली जहां बदलाव की लहर की बात कर रही है, वहीं भाजपा की महिला कार्यकर्ता विकास और सुरक्षा के नारे पर लोगों से जुड़ रही है।

कांग्रेस की महिलाओं ने भी महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों में रखकर मतदाताओं को लुभाने की रणनीति अपनाई है। महिलाओं की टोली सुबह से ही शहर के विभिन्न मोहल्लों में निकल जाती है।

कोई साड़ी में तो कोई पार्टी के झंडे और बिल्ला लगाकर घर-घर जाकर लोगों से अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील करती नजर आते हैं।

## भटकी बच्ची को रेड लाइट एरिया में बेचने पहुंचा युवक धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मिठनपुरा थाना क्षेत्र के चतुर्भुज स्थान इलाके में एक बच्ची के साथ युवक की गतिविधि संदिग्ध देख स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद युवक व बच्ची से पूछताछ की गई। इसमें दोनों के जवाब भिन्न मिले।

इसके बाद युवक की गतिविधि पर लोगों को संदेह हो गया। लोगों ने पकड़कर युवक की धुनाई कर दी। इसको लेकर इलाके में गहमागहमी बन गई। सूचना पर मिठनपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया।

बच्ची को थाने पर लाया गया। पूछताछ में बच्ची ने वैशाली जिले के महुआ पता बताया। इसके बाद महुआ थाने से संपर्क कर स्वजन से बातचीत किया गया। मिठनपुरा थानाध्यक्ष ने बताया कि स्वजन को बच्ची सौंप दिया गया है। युवक की गतिविधि की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बताया गया कि महुआ इलाके की बच्ची लापता होकर यहां आ गई थी। इसी दौरान बाइक सवार दरभंगा का युवक पुल पर उसे अकेले देख अपने साथ ले लिया। जाल में फंसाकर वह बाइक पर बिठकार उसे घूमाते हुए चतुर्भुज स्थान इलाके में पहुंच गया। चर्चा है कि वह उसे बेचने के लिए यहां आया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक नर्तकी के कोठे के समीप पहुंचकर वह बातचीत कर रहा था। इसी में बच्ची को उसके साथ देख लोगों ने उससे सवाल किया। जवाब देने में वह फंस गया।

फिर बच्ची से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसका घर महुआ है। जबकि युवक अपने को दरभंगा का निवासी बताया। इस पर नर्तकी के साथ स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया। फिर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस वहां पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर बच्ची को साथ लेकर थाने पहुंची। सत्यापन के बाद बच्ची को उनके स्वजन के हवाले कर दिया गया।

# हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2025 का शुभारंभ

**आधुनिक स्वरूप के साथ अपनी परंपरा को अब भी संजोए हुए है सोनपुर मेला: राजीव रौशन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा/सोनपुर (सारण)।** आस्था, परंपरा और संस्कृति के संगम स्थल हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला 2025 का रविवार को भव्य उद्घाटन हुआ। प्रमंडलीय आयुक्त राजीव रौशन ने दीप प्रज्वलित कर मेला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सोनपुर मेला ने समय के साथ अपने स्वरूप को आधुनिकता से जोड़ा है, लेकिन अपनी पारंपरिक आत्मा को अब भी संजोए हुए है।

उन्होंने कहा कि आज जब लोगों का जीवन आभासी दुनिया (वर्चुअल वर्ल्ड) से जुड़ चुका है, ऐसे समय में सोनपुर मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत, मानवीय संबंधों और लोक परंपरा को जीवंत रखने का कार्य करता है। बदलते स्वरूप के साथ इस मेला को नई ऊंचाई और पहचान देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**बिहार की पहचान, परंपरा और वैभव का प्रतीक: डीआईजी-** डीआईजी नीलेश कुमार ने कहा कि सोनपुर मेला सदियों से बिहार की पहचान रहा है और इसका वैभव आज भी उतना ही आकर्षक और जीवंत है। यह न सिर्फ व्यापार और आस्था का केंद्र है, बल्कि लोकसंस्कृति की निरंतरता का प्रतीक भी है।

**विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला से सजेगा मेला: अमन समीर -** जिलाधिकारी अमन समीर ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि इस वर्ष मेला को और आकर्षक बनाने के लिए हर आयु वर्ग के लोगों के लिए विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई है। पहली बार आयोजित हो रहा सोनपुर आइडल, जिसका ऑडिशन राउंड पूरा हो चुका है और फाइनल राउंड मुख्य मंच पर होगा। बच्चों के लिए माइंड फेस्ट, कलाकारों के लिए क्राफ्ट प्रदर्शनी, पारंपरिक घुड़दौड़ व नौका दौड़, साहित्य प्रेमियों के लिए पुस्तक मेला व सोनपुर लिटरेचर फेस्टिवल आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और कला के प्रदर्शन का सशक्त मंच साबित होगा। उन्होंने पर्यटन विभाग के सहयोग की सराहना की और मेला को सफल बनाने में जनता की सहभागिता की अपील की।

**मेला क्षेत्र में सुरक्षा व यातायात नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था: डॉ कुमार आशीष-** वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने लोगों से विधि-व्यवस्था और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की ताकि मेला शांतिपूर्ण और आनंददायक वातावरण में संपन्न हो।

**उद्घाटन समारोह में रही विशेष मौजूदगी-** उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत सोनपुर मेला पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र के प्रदर्शन से हुई। कार्यक्रम के अंत में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर डीडीसी यतेंद्र कुमार पाल, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल, नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय, संयुक्त निदेशक पर्यटन राजेश रौशन, अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था प्रमोद कुमार पांडेय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन बिहार के मुद्दों पर लड़ रहा चुनाव : पवन खेड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के होटल मौर्या में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन और एआईसीसी के कार्यसमिति सदस्य पवन खेड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के मतदाता प्रबुद्ध हैं और उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों पर मतदान किया है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया महागठबंधन का चुनावी घोषणा पत्र राज्य के असल मुद्दों पर आधारित है जिसे सरकार बनते हम लागू कर देंगे जबकि एनडीए केवल जुमलेबाजी कर रही है और असल मुद्दों से चुनाव को डायवर्ट करने में लगी है। एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि एनडीए को राज्य के असली मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहिए, लेकिन उसने हमेशा से मुद्दों से मुंह मोड़ा और स्तरहीन बयानबाजी पर चुनाव लड़ रही है जबकि इंडिया महागठबंधन राज्य के असल मुद्दों पर लगातार लड़ रही है। यदि इंडिया को बिहार की जनता बहुमत का वोट नहीं देती तो भारतीय राजनीति में कोई राजनेता आगे से नौकरी, महिला सुरक्षा, अपराध के विरुद्ध, सस्ते सिलेंडर बिक्री, हर घर नौकरी, किसानों, व्यापारियों की हित की बात नहीं करेगा। बिहार के मतदाता आगे बढ़कर जिम्मेदारी को निभाया है और इस चुनाव में भी वे अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे इसका हमें यकीन है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले चरण में ही संतोषजनक सीटों के साथ बढ़त बना चुकी है और इंडिया महागठबंधन 72 सीटों पर पहले चरण में स्पष्ट तौर पर जीत चुकी है। एआईसीसी मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार आज थम जायेगा। इस दौरान खराब स्वास्थ्य कारणों के बावजूद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 3 कार्यक्रम में मौजूदगी दर्ज की वहीं देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 16 तो राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी ने 13 जनसभाओं को संबोधित किया। बिहार के उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर चुटकी लेते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि सभी अपने सरकारी बंगले से सामान निकाल रहे हैं और जनता के रुख को भांप कर धीरे-धीरे अपने बंगलों को खाली कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने मीडिया के साथियों से कहा कि यदि बिहार के सरकारी दफ्तरों में चोरी हो जाए या आग लगने की खबरें आए तो भयभीत नहीं होना है ये सरकार जाने की आहट होगी। 24 घंटे में 9 हत्याएं होने वाले इस गुंडाराज में यह सब मुमकिन है। सरकारी फाइल्स और कागजों को श्रेडर मशीन में डाला जा रहा है, फाइलें फाड़ी जा रही हैं। साथ ही तंज कसते हुए एआईसीसी मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बिहार में साजिश की जा रही है और बिहार में एक चोर घुम रहा है उसको बिहार खदेड़ देगा और वोट चोरी करने की गुंजाइश खत्म कर देगा। बिहार वोट चोरी की ऐसी साजिशों को नाकामयाब करेगा। उन्होंने बिहार के मतदाताओं को आश्वस्त किया कि तेजस्वी यादव नौजवान है और वे झूठे वादों पर चुनाव में नहीं उतरे हैं, जितनी भी घोषणाएं उन्होंने की है उसे वे पूरा करेंगे क्योंकि उनकी राजनीतिक जीवन लंबी है। 17 महीने में पांच लाख नौकरी जो दे सकता है तो हर घर में नौकरी मिलेगी इसकी गारंटी है। दो करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली एनडीए जिसे बाद में चुनावी जुमला बता दिया उनसे बिहार को कोई उम्मीद नहीं है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का आज जन्मदिन है और उन्हें तोहफा के रूप में बिहार में नई सरकार गढ़ने का काम बिहार के युवा, महिलाएं, किसान और मजदूर वर्ग करेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, नासिर हुसैन, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, नदीम अख्तर मौजूद रहे।

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की पंचरूपी हनुमान जी की पूजा -अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी के राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हुनमान मंदिर में आकर कलियुग के देवता हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस संबध में मंदिर प्रबंध न्यायस समिति के सदस्य आलोक कुमार ने बताया कि इस दौरान श्री चौहान ने मंदिर के विभिन्न विग्रहों की पूजा अर्चना कर बिहार की खुशहाली के लिए वरदान मांगा। इस मौके पर मंदिर प्रबंध न्यास समिति की ओर से उनका स्वागत माला, भोग प्रसाद व अंग वस्त्र देकर किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष कुमार तिवारी ने शिवराज सिंह चौहान को पूजा अर्चना करायी। पूजा अर्चना के बाद शिवराज सिंह चौहान ने बगल के चाय दुकान पर चाय की चुस्की लेते हुए जनता का अभिवादन किया। इस दौरान आमजन ने केन्द्रीय मंत्री के साथ सेल्फी ली। इस मौके पर मंदिर प्रबंध न्यास समिति के सदस्य आलोक कुमार, मंदिर के कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, पुजारी राजेश झा, साकेत परासर, सुबोध तिवारी, ओम तिवारी, भाजपा नेता मनोज शर्मा, राहुल कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मधुबनी में अंतरराष्ट्रीय सीमा सील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** बिहार विधानसभा आम चुनाव के दूसरे दिन का मतदान 11 नवम्बर को होगा। शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को रविवार से सील कर दिया गया है। यह कदम चुनावी प्रक्रिया की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चुनाव में कोई भी अप्रत्याशित घटना या बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए उठाया गया है। सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की संख्या को बढ़ाया गया है तथा एसएसबी 48वीं बटालियन जयनगर के अंतर्गत विभिन्न सीमा चौकी पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता और चौकसी के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। सीमा सील होने के कारण जयनगर के बेतौंहा बॉडर कस्टम चेक पोस्ट पर बैरिकेड डाउन कर सभी तरह के आवागमन बंद है। भारत और नेपाल के बीच सीमा लंबे समय से एक संवेदनशील क्षेत्र रही है। चुनाव के अवैध गतिविधियों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा बलों को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। एसएसबी के जवानों को सुनिश्चित किया गया है कि वे न केवल सीमा पर निगरानी बढ़ाएं। बल्कि प्रत्येक संदिग्ध गतिविधि पर भी ध्यान दें। इसके अलावा सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मी स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर निगरानी रखें और किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। एसएसबी द्वारा सख्त सुरक्षा व्यवस्था से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए किया गया है। इससे सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को भी यह संदेश मिलेगा कि सरकार उनके सुरक्षा हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

## महागठबंधन की सरकार आई तो 'नरसंहार, खूनखराबा', एनडीए आई तो 'विकसित बिहार': डॉ. दिलीप

### बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सिकटी में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसम्पर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन अररिया जिला के सिकटी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने धर्मगंज मेला मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार मंडल के पक्ष में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मगंज की धरती पर उमड़े अपार जनसमूह ने विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी अटूट आस्था का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि यहां की जनता विकास के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने एनडीए सरकार में बिहार की आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की चर्चा करते हुए राजद के शासनकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद वाली सरकार में बिहार का विकास ठप्प हो गया था। वह सरकार विकास की नहीं, परिवार के उत्थान में जुटी रही। उन्होंने लोगों से कहा कि उस समय सड़क और बिजली की क्या हालात थे जबकि आज स्थितियां बदल गयी है। अब गांव में भी लालटेन नहीं दिखता। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार आई तो फिर वही नरसंहार, खूनखराबा लेकर आएगी जबकि एनडीए आई तो विकसित बिहार बनेगा। उन्होंने आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार मंडल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर सिकटी विधानसभा में विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व की इस यात्रा को और सशक्त करने का आह्वान किया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इसके बाद सिकटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धर्मगंज गांव में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों और एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि विजय बाबू को विजयी बनाने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि बिहार की जनता एक बार फिर एनडीए सरकार बना रही है।

## हिंदुस्तान में दो विचारधाराओं की लड़ाई : राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**किशनगंज।** नेता प्रतिपक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान में दो विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस देश को बांटना चाहती है। दूसरी तरफ कांग्रेस महागठबंधन देश को जोड़ना चाहती है। राहुल गांधी रविवार को बहादुरगंज खेल स्टेडियम में आयोजित सभा में बोल रहे थे। नेता प्रतिपक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने चार हजार किलोमीटर भारत की यात्रा की नफरत को हटाने के लिए नफरत के बाजार को बंद करना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सोच में नफरत है, वो बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा बीजेपी आरएएस एक तरफ, कांग्रेस पार्टी, तेजस्वी जी एक तरफ। उन्होंने कहा नफरत से विरोधी पार्टी जनता को डराना चाहते है। उन्होंने कहा कि देश व बिहार के युवा को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है। बिहार में में यूनिवर्सिटी, कॉलेज बेची जा रही है या बंद हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अलग-अलग प्रदेशों में मिलेंगे। दुबई में भी मिलेंगे। बिहार के लोग वहां मेहनत करते हैं वो भी दूसरे प्रदेशों में। उन्होंने कहा कि नीतीश जी ने बिहार में मोदी जी ने देश में रोजगार खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा मोबाइल के पीछे देखिए मेड इन चाइना लिखा रहता है। हम चाहते हैं मेड इन बिहार लिखा हो। उन्होंने कहा कि पिछले बीस साल में नीतीश जी ने कितने फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाया। उन्होंने कहा कि अब आकर कहते हैं बिहार में उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं है। वे झूठ बोलते हैं। अमेरिका को हजारों रुपए का मखाना मिलता है, लेकिन बिहार की जनता को मखाना का फायदा नहीं होता है। उन्होंने कहा पहले बिहार में नालंदा यूनिवर्सिटी फेमस थी। दूसरे देशों से लोग आते थे। हम चाहते हैं बिहार में फिर से हाई क्वॉलिटी की यूनिवर्सिटी, कॉलेज बने। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो सरकारी स्कूल इंग्लिश मीडियम की तरह बनेगी, बेहतरीन शैक्षणिक संस्थान खोलेंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी झूठ कहते हैं कि दाम कम किए, लेकिन ये नहीं कहते हैं कि आप रील देखते हैं इसका पास मुकेश अंबानी की जेब में जाता है। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी का नशा ट्विटर, फेसबुक है। उससे रोजगार मिलता है क्या। उन्होंने कहा कि बिहार का युवा रोजगार चाहता है। इक्कीसवीं सदी का नशा नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी आप किसानों से युवाओं से बात नहीं करते कि आपको रोजगार चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने एक प्रेस कांफ्रेंस में चीफ इलेक्शन कमीशन पर आरोप लगाया है कि इलेक्शन कमीशन नरेंद्र मोदी से मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह चुनाव नहीं जीतते हैं। आपका वोट चोरी कर चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी रोकना मेरी जिम्मेवारी है और सबों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि वो भारत की आवाज को दबाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आपने वोट चोरी रोक दी तो महागठबंधन की सरकार बननी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह हमसे डरते हैं। उन्होंने कहा कि अंत में ये पकड़े जाएंगे।

## बिहार की छवि को सुधारने का काम डबल इंजन सरकार ने किया : योगी आदित्यनाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सुपौल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार में जंगल राज के दौरान हुए गंभीर अपराधों से बिहार की छवि को देश और दुनिया में बदनाम किया गया और उस बदनाम छवि को सुधारने काम डबल इंजन सरकार ने किया है। वे आज रविवार को छातापुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय के मैदान में एक जन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के जंगल राज के शासन काल में बिहार में जघन्य अपराध चरम पर थी। लूट, हत्या, अपहरण, अराजकता, गुंडा गर्दी, भ्रष्टाचार और सामूहिक नरसंहार जैसी घटनाओं ने बिहार को बदनाम कर दिया। इससे प्रताड़ित होकर व्यवसाय से जुड़े लोग भी बिहार से अपना रोजगार समेट लिया तथा बिहार को बीमारू राज्य बना दिया गया। इस चुनाव में तरह- तरह का प्रलोभन का सपना दिखाकर फिर कांग्रेस और राजद फिर वही राज-पाठ लाना चाहते हैं जिससे बिहार वासियों को बचाने के लिए एनडीए फिर से लाना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गति को रोकने वालों से बिहार को बचाना होगा अन्यथा बिहार में जंगल राज अगले पांच वर्षों के लिए स्थापित हो जाएगी। श्री योगी ने छातापुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को फिर से सेवा का मौका देने की अपील करते हुए कहा कि बिहार की इस पवित्र धरती पर डबल इंजन की सरकार लाने में बिहारवासियों की भलाई है।

## विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं : अभयानंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी के ज्ञान भवन में शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से शिवालिक साइंस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि बिहार के 48वें डीजीपी एवं सुपर 30 के संस्थापक पूर्व डीजीपी अभयानंद रहे। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में बिहार सीबीएसई अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन सिन्हा एवं शिवालिक कॉलेज के चेयरमैन सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व डीजीपी अभयानंद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन को समझने का तरीका है। साथ ही अभयानंद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं अनुसंधान की भावना को और अधिक प्रोत्साहित करती हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रोहित सिंह एवं शिवालिक कॉलेज के डीन डॉ. सूर मधुर पंत ने बताया कि बच्चों ने अत्यंत जोश और लगन के साथ भाग लेकर विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा और नवाचार भावना को प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट्स के माध्यम से उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार: बिशप स्कॉट, कैथोलिक स्कूल आरा, लीड्स एशियन, द्वितीय पुरस्कार डीएवी कैंट, रेडिएंट इंटरनेशनल तथा तृतीय पुरस्कार माउंट लिट्रा पटना एवं आरपीएस गर्ल्स स्कूल को दिया गया। कार्यक्रम का समापन विजेता विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के साथ हुआ जहां सभी प्रतिभागियों को शिवालिक कॉलेज की ओर से प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## मझौलिया के दारोगा निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** कर्तव्य में लापरवाही को लेकर मझौलिया के दारोगा अरविंद कुमार को एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि थानाध्यक्ष मझौलिया को सूचना वीडियो प्राप्त हुआ जिसमें मझौलिया थाने के पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद कुमार के द्वारा ड्यूटी के दौरान आम जनों के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। प्राप्त सूचना वीडियो के जांच के उपरांत प्रथम दृष्टया आमजनों से गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किए जाने को लेकर उक्त पुलिस पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी को मिला ब्रिटेन का प्रतिष्ठित 'अंबुज नाथ बोस पुरस्कार'

### एंडोस्कोपी के क्षेत्र में नवाचार के लिए मिला सम्मान, बने दूसरे भारतीय वैज्ञानिक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हैदराबाद/पटना।** एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी को लंदन के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस की ओर से वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित अंबुज नाथ बोस पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें एंडोस्कोपी के क्षेत्र में उनके अग्रणी योगदान के लिए दिया गया है। रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस का यह पुरस्कार हर साल आयोजित होने वाले ऐतिहासिक हार्वेयन ओरेशन समारोह के अवसर पर दिया जाता है। यह परंपरा सन 1656 में प्रख्यात वैज्ञानिक विलियम हार्वे द्वारा स्थापित की गई थी जिसका उद्देश्य चिकित्सा विज्ञान में उत्कृष्ट अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। डॉ. रेड्डी का यह सम्मान भारतीय चिकित्सा जगत के लिए भी गर्व का क्षण है क्योंकि वे इस पुरस्कार को पाने वाले दूसरे भारतीय वैज्ञानिक हैं। उनसे पहले यह सम्मान वर्ष 1998 में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सी. गोपालन को मिला था। एआईजी हॉस्पिटल्स परिवार ने इस उपलब्धि पर डॉ. रेड्डी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने चिकित्सा अनुसंधान में नेतृत्व और नवाचार की मिसाल पेश की है और वे दुनिया भर के चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

## कैमूर को जोड़ने वाली सभी सीमाएं सील, एक्शन में प्रशासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** मतदान के 24 घंटे पहले रविवार की शाम चुनाव प्रचार थमते ही जिला प्रशासन और एक्शन मोड में आ गया। जिला प्रशासन द्वारा जिले को जोड़ने वाली सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है। चुनाव प्रचार के लिए बाहर से आए नेताओं व लोगों को जिला छोड़ने का निर्देश दिया है। जिले के सभी होटलों, रेस्टोरेंट व अन्य स्थानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। किसी बाहरी व्यक्ति को पकड़े जाने पर नियम संगत कार्रवाई होगी।

डीएम सुनील कुमार व एसपी हरिमोहन शुक्ला ने शाम 6:20 बजे कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता आयोजित कर स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक जानकारी दी। डीएम एसपी ने कहा कि जिले के रामगढ़, मोहनियां सुरक्षित, भभुआ व चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। द्वय अफसरों ने बताया कि रामगढ़, मोहनियां व भभुआ के लिए रविवार को अपराह्न 6 बजे से प्रचार-प्रसार बंद हो गया है जबकि चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में अपराह्न 5:00 बजे से प्रचार-प्रसार बंद हो गया है। एसपी ने कहा कि कैमूर जिले के मतदाता व निवासी तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी को छोड़कर बाकी जो भी बाहरी व्यक्ति हैं, वो अविलम्ब जिला छोड़ने का निर्देश दिया गया है। जिले के होटलों, रेस्टोरेंट आदि ठहराव स्थलों में छापेमारी की जा रही है। वाहनों की चेकिंग, चेक नाका पर चेकिंग बढ़ा दी गयी है। बॉर्डर सीमा को सील किया जा चुका है। अंतर्राज्यीय जिलों से भी 11.11.2025 को ड्राई डे घोषित करने का अनुरोध किया गया है। डीएम एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव में गड़बड़ी व व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जेपी के गुनाहगारों की गोद में बैठे लोग शिक्षा न दें: डॉ. रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मैदान में भाजपा नेता, पूर्व विधान पार्षद और बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद डॉ. रणबीर नंदन ने मोतिहारी में पार्टी के पक्ष में उतरे। मोतिहारी विधानसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद माननीय राधामोहन सिंह की उपस्थिति में विधायक एवं भाजपा के लोकप्रिय उम्मीदवार प्रमोद कुमार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। मोतिहारी स्थित पटौरा लाला टोला में आयोजित चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राधामोहन सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. रणबीर नंदन ने कहा कि एनडीए सरकार ने देश और प्रदेश में विकास कार्यों के जरिए समाज को नई दिशा दी है। डबल इंजन की सरकार ने समाज के निचले स्तर तक के विकास के लिए काम किया है। बिहार को जिस प्रकार से पिछली सरकारों ने नीचे धकेलने का कार्य किया। सड़कों से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्र को जिस प्रकार से रसातल में पहुंचा दिया गया था, उससे बाहर निकालने में एनडीए सरकार ही कामयाब हो सकी। डॉ. रणबीर नंदन ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए एनडीए सरकार ने काम किया है। डॉ. नंदन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इंटरनेशनल स्तर पर देश की प्रतिष्ठा स्थापित की है, वह शानदार है। कांग्रेस और राजद हमेशा देश और प्रदेश को पीछे ले जाने में लगी रही है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से देश को पीछे ले जाने का काम किया है, उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। राजद आज ऐसे दल के साथ प्रदेश के चुनावी मैदान में है। डॉ. रणबीर नंदन ने सवाल किया कि बिहार और देश को नई दिशा देने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गुनाहगार कौन थे? जेल की कालकोठरी में उनके साथ ऐसा क्या हुआ कि आखिरकार उनकी जान चली गई। 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री ताशकंद में तो समझौता करने गए थे। उधर से उनका मृत शरीर आया। इसका गुनाहकार कौन था? आज इन मामलों के गुनाहकार कांग्रेस पार्टी के साथ राजद खड़ी है। डॉ. रणबीर नंदन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ही देश एवं प्रदेश की उन्नति के लिए काम कर सकती है। हमारे लिए प्रदेश की उन्नति महत्वपूर्ण है। हमारा परिवार आप सब हैं। समाज के विकास के लिए केवल हम ही आगे आते हैं। अपने घर और परिवार के लिए सत्ता की चाहत रखने वालों को बाहर करने का कार्य करना है। एनडीए उम्मीदवार प्रमोद कुमार के पक्ष में मतदान करें और प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाएं। कार्यक्रम में चित्रगुप्त समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शक्तिधाम में दो दिवसीय मंगसीर बदी नवमी का भव्य आयोजन 12 एवं 13 नवम्बर को

### सुहागिनें अखंड सुहाग के लिए सामूहिक नारायणी मंगल पाठ करेंगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय मंगसीर बदी नवमी का भव्य आयोजन बुधवार एवं गुरुवार 12 एवं 13 नवम्बर को शक्तिधाम, बैंक रोड में किया जाएगा। अग्रसेन भवन में तैयारी की अंतिम समीक्षा हेतु आयोजित बैठक के बाद यह जानकारी मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने दी। अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्री दादीजी का अलौकिक भव्य श्रृंगार देशी एवं विदेशी फूलों से किया जाएगा तथा पूरे शक्तिधाम मंदिर की भव्य सजावट की जायेगी। अग्रवाल ने बताया कि बुधवार 12 नवम्बर को शक्तिधाम में 1100 से अधिक महिलाओं द्वारा सामूहिक श्री दादीजी नारायणी मंगल पाठ संध्या चार बजे से किया जाएगा। सभी महिलायें पीली साड़ी एवं लाल चुनड़ी ओढ़कर एक साथ पाठ करेंगी। अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार 13 नवंबर को प्रातः 6:30 बजे दादीजीकी मंगल आरती होगी। इसके बाद राजस्थानी वेश भूषा में सजी महिलाओं द्वारा श्री दादीजी की पूजा अर्चना किया जाएगा। साथ ही दादीजी को छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि संध्या पांच बजे से दस बजे तक शक्तिधाम महिला मंडल द्वारा सुमधुर भजन एवं कीर्तन का आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि आज की तैयारी बैठक में अमर अग्रवाल, ओम पोद्दार, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, पवन भगत, सूर्य नारायण, संतोष अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण सुप्रीम निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने आज आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानि एनएचएआई और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है। इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़कर सड़कों से हटाएगी और शेल्टर होम्स में रखेगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं।सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि अधिकारी आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं। इसके बाद उन्हें पुरानी जगहों पर न छोड़ा जाए। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर को कहा था कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दी थी। लेकिन चेतावनी दी थी कि हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वयं नोटिस में लिया था। इसमें दिल्ली में खासकर बच्चों के बीच, आवारा कुत्तों के काटने और उससे होने वाले रेबीज के मामलों की जानकारी दी गई थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर तक सीमित न रखते हुए इसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद मध्यप्रदेश में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर पड़ताल की गई। जिसमें कई बातें सामने आईं। मध्य प्रदेश की बात करें तो आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो साल 2022 में एमपी स्ट्रीट डॉग्स की संख्या 10 लाख 9 हजार आंकी गई है। भोपाल में डेढ़ लाख से ज्यादा डॉग्स हैं। साल 20 यहां 19 हजार 285 लोगों को कुत्तों ने काटा था। इस साल जनवरी से जून के बीच 10 हजार 795 कुत्तों का शिकार बने। इंदौर में 30 हजार 304, ग्वालियर में 11 हजार 9 जबलपुर में 13 हजार 619, उज्जैन में 10 हजार और उज्जैन में 1131 लोग शिकार हुए थे।

**दृश्य से अदृश्य की यात्रा मनुष्य सदा से देखने की इच्छा रखता आया है - वह बाहर की दुनिया को अपनी आँखों से देखता है, किन्तु भीतर की दुनिया को देखने की शक्ति बहुत कम लोगों में होती है। शरीर के भीतर क्या चल रहा है - यह जानना कभी रहस्य था। जब तक एक्स-रे जैसी तकनीक नहीं आई थी, तब तक चिकित्सक केवल लक्षण देखकर अनुमान लगाते थे। लेकिन 8 नवंबर 1895 को जब जर्मनी के महान वैज्ञानिक विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन ने पहली बार एक्स-रे किरणों की खोज की, तो चिकित्सा जगत में क्रांति आ गई। उन्होंने मानव शरीर के भीतर झाँकने का ऐसा माध्यम दिया, जिसने चिकित्सा विज्ञान को नई दिशा दी। आज यही तकनीक आगे बढ़कर सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, और पीईटी स्कैन जैसी उन्नत विधाओं का रूप ले चुकी है। और इसी कारण से, 8 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस मनाया जाता है - एक ऐसा दिवस जो विज्ञान, मानव सेवा, स्वास्थ्य चेतना और ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है। परंतु जब हम इसे योग और अध्यात्म की दृष्टि से देखते हैं, तो यह दिवस हमें एक गहरी प्रेरणा देता है।**

# रेडियोलॉजी शरीर के भीतर के प्रकाश को दिखाती है, पर योग आत्मा के भीतर के प्रकाश को प्रकट करता है

महेश अग्रवाल

**जैसे रेडियोलॉजी शरीर के भीतर की अदृश्य सच्चाई को उजागर करती है, वैसे ही योग आत्मा की अदृश्य सच्चाई को प्रकट करता है।रेडियोलॉजी का विज्ञान और उसका दार्शनिक अर्थ रेडियोलॉजी केवल चिकित्सा तकनीक नहीं है, यह प्रकाश के माध्यम से सत्य को देखने की प्रक्रिया है। एक्स-रे में एक्स एक अज्ञात तत्व का प्रतीक था - और यही एक्स आज भी हमें याद दिलाता है कि मनुष्य के भीतर भी एक अज्ञात तत्व है - आत्मा, जिसे योग के द्वारा ही जाना जा सकता है।**

रॉन्टगन ने अपनी प्रयोगशाला में जिस दिन अपनी पत्नी के हाथ की हड्डियों की तस्वीर निकाली, वह केवल विज्ञान की उपलब्धि नहीं थी, वह एक दार्शनिक घटना थी - क्योंकि उस दिन पहली बार मनुष्य ने स्वयं के भीतर झाँकने का साहस किया। योग के ऋषि भी तो यही करते थे - वे अपने भीतर की संरचना, ऊर्जा और चेतना का अवलोकन ध्यान की किरणों से करते थे। एक वैज्ञानिक मशीन के माध्यम से भीतर देखता है, और एक साधक ध्यान के माध्यम से। दोनों ही दृश्य से अदृश्य की यात्रा पर हैं।

विश्व रेडियोलॉजी दिवस हर वर्ष 8 नवंबर को मनाया जाता है।2012 से यह उत्सव यूरोपियन सोसायटी ऑफ रेडियोलॉजी और रेडियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका द्वारा प्रारंभ किया गया। इसका उद्देश्य तीन प्रमुख हैं - आम जनता को रेडियोलॉजी के महत्व से अवगत कराना। समय पर रोग निदान की आवश्यकता पर बल देना। चिकित्सकों, टेक्नीशियनों और समाज के बीच सहयोग एवं सम्मान की भावना जगाना।भारत में यह दिन स्वास्थ्य मंत्रालय और कई चिकित्सा संस्थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। कई जगह निःशुल्क एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड या कैंसर-जांच शिविर भी आयोजित होते हैं।

रेडियोलॉजी और आधुनिक स्वास्थ्य चेतना आज के युग में रेडियोलॉजी डायग्नॉस्टिक मेडिसिन का हृदय है।शरीर में क्या विकार है, किस अंग में रुकावट है, किस क्षेत्र में सूजन या गाँठ है - ये सब बिना शरीर को काटे, केवल प्रकाश के माध्यम से जानना - यह मानव बुद्धि का आश्चर्य है। कैंसर, हृदय रोग, अस्थि विकार, मस्तिष्क की बीमारियाँ - सभी की पहचान रेडियोलॉजी के बिना अधूरी है। आज एमआरआई से लेकर पीईटी स्कैन तक, शरीर के सूक्ष्मतम स्तर की जानकारी मिल जाती है। किन्तु यह भी सत्य है कि जैसे शरीर की छवि मशीन पर उभरती है, वैसे ही मन की छवि ध्यान में उभरती है। शरीर की तस्वीर मशीन बनाती है, आत्मा की तस्वीर ध्यान की स्थिरता बनाती है।

**योग की दृष्टि से प्रकाश और अंधकार रेडियोलॉजी का मूल प्रकाश है** – और योग का भी मूल प्रकाश है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है - तमसो मा ज्योतिर्गमय - अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। रेडियोलॉजी में यह प्रकाश शरीर के भीतर की छाया दिखाता है, योग में यह प्रकाश मन के भीतर की छाया को मिटाता है। रेडियोलॉजी शरीर की सच्चाई को उजागर करती है, योग आत्मा की सच्चाई को।



रेडियोलॉजी का प्रकाश बाहरी होता है, योग का प्रकाश भीतरी। दोनों का उद्देश्य एक ही - सत्य का दर्शन।

**योगिक रेडियोलॉजी** – आत्मा का स्कैन योग में स्वाध्याय एक महत्त्वपूर्ण साधन है। यह मनुष्य को अपने भीतर झाँकने की कला सिखाता है। जब साधक ध्यान में बैठता है, तो वह अपने विचारों, भावनाओं, संस्कारों और इच्छाओं का निरीक्षण करता है - यह भी एक प्रकार की आत्मिक रेडियोलॉजी है। रेडियोलॉजिस्ट शरीर की रिपोर्ट देखकर रोग बताता है, साधक अपनी अंतःदृष्टि से मन के रोगों को पहचानता है। डॉक्टर दवा देता है, साधक ध्यान, संयम और प्रेम का अभ्यास करता है। दोनों का लक्ष्य - स्वास्थ्य, शांति और संतुलन।

कैंसर जागरूकता और रेडियोलॉजी 7 नवंबर राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, 8 नवंबर - रेडियोलॉजी दिवस, इन दोनों दिनों का एक-दूसरे से गहरा संबंध है। कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए तो जीवन बचाया जा सकता है। रेडियोलॉजी इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परंतु योग का संदेश यह है कि - रोग से पहले ही रोकथाम का मार्ग अपनाओ। योग शरीर की प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाता है, मानसिक तनाव को घटाता है, भावनात्मक संतुलन को बनाए रखता है। यह सब कैंसर और अन्य रोगों से रक्षा करने में सहायक हैं। प्राणायाम से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, ध्यान से कोशिकाएँ शांत और संतुलित रहती हैं, सकारात्मक सोच से शरीर की हर प्रणाली में जीवन ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है।

**रेडियोलॉजिस्ट** – आधुनिक युग के ऋषि यदि हम ध्यान से देखें, तो रेडियोलॉजिस्ट भी ऋषि के समान कार्य करता है। ऋषि ध्यान के माध्यम से भीतर की सच्चाई देखता है, रेडियोलॉजिस्ट मशीन के माध्यम से शरीर की सच्चाई। दोनों का लक्ष्य एक - सत्य का अन्वेषण और पीड़ा का निवारण। रेडियोलॉजिस्ट का मन शांत, एकाग्र और संवेदनशील होना चाहिए, क्योंकि उसके एक निर्णय पर किसी व्यक्ति का जीवन निर्भर करता है। इसी प्रकार साधक का मन भी एकाग्र, शुद्ध और करुणामय होना चाहिए। दोनों अपने-अपने क्षेत्र में प्रकाश के वाहक हैं।

**योग, विज्ञान और समग्र स्वास्थ्य योग कहता है** - स्वास्थ्य केवल शरीर की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि संतुलन की उपस्थिति है। संतुलन शरीर, मन, प्राण, बुद्धि और आत्मा - सभी में चाहिए। रेडियोलॉजी शरीर की असंतुलन स्थिति को दिखाती है, योग उस असंतुलन को मिटाने का मार्ग बताता है। यदि दोनों का संयोजन हो जाए - तो मनुष्य रोग-मुक्त ही नहीं, दुख-मुक्त भी हो सकता है।

**आधुनिक अनुसंधान** – योग का वैज्ञानिक प्रमाण अमेरिका, जापान और भारत के कई चिकित्सा अनुसंधान बताते हैं कि नियमित योग, ध्यान और प्राणायाम से मस्तिष्क की संरचना में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। एमआरआई और ईईजी रिपोर्ट्स से सिद्ध हुआ है कि ध्यान से न्यूरॉन की गतिविधि संतुलित होती है, हृदय की गति सामान्य होती है, और तनाव हार्मोन घटते हैं। अर्थात - रेडियोलॉजी अब योग की पुष्टि कर रही है। वह जो ऋषि अनुभव से कहते थे, आज विज्ञान उसे प्रयोग से सिद्ध कर रहा है। योगिक आहार और रेडियोलॉजी की दृष्टि से शुद्धता शरीर वही प्रदर्शित करता है जो हम भीतर डालते हैं। रेडियोलॉजी के कैमरे से शरीर की संरचना साफ दिखाई देती है, योग कहता है - शुद्ध आहार, शुद्ध विचार, शुद्ध व्यवहार से भीतर का प्रकाश स्वतः प्रकट होता है।

**प्रकृति और शरीर** – समान ऊर्जा संरचनाएँ पृथ्वी की परतें जैसे भू-गर्भीय रहस्य छिपाए रहती हैं, वैसे ही हमारे शरीर में भी अनेक स्तर हैं - भौतिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक। रेडियोलॉजी भौतिक स्तर को दिखाती है, योग इन सभी स्तरों को एक साथ समझने की क्षमता देता है। विज्ञान का प्रकाश और आत्मा की दीप्ति रेडियोलॉजी हमें शरीर की आंतरिक तस्वीर दिखाती है। योग हमें आत्मा की आंतरिक तस्वीर दिखाता है। रेडियोलॉजी का प्रकाश यांत्रिक है; योग का प्रकाश चेतन है। रेडियोलॉजी रोग को दिखाती है, योग रोग को मिटाता है। दोनों का मिलन मानवता के लिए वरदान है। अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस हमें याद दिलाता है कि जितनी निष्ठा से हम शरीर को समझते हैं, उतनी ही श्रद्धा से हमें आत्मा को भी जानना चाहिए। अंतिम प्रेरक संदेश जब हम अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर उसे प्रकाश में रूपांतरित कर लेते हैं, उसी दिन हम सच्चे अर्थों में रेडियोलॉजिस्ट बन जाते हैं - आत्मा के।

## सम्यक प्रकार से काया और कषायों को कमज़ोर करना संलेखना व्रत

सुनील कुमार जैन

परम पूज्य समाधिस्थ मुनि श्री 108 भूतबलि सागर जी के शिष्य प्रातः स्मरणीय क्षपक मुनिराज श्री 108 मौन सागर जी महाराज ने यम संलेखना व्रत को किया धारण ! महान चतुर्थ कालीन चर्या के धनी क्षपक मुनि 108 श्री मौन सागर जी महाराज की अनाव्रत यम संलेखना दिनांक 26/10/25 कार्तिक सुदी पंचमी रविवार से समता पूर्वक निर्यापक मुनि श्री 108 मुनि सागर जी महाराज के दिशा निर्देश पर सुसनेर ( जिला आगर मालवा म.प्र. ) में चल रही है ! ज्ञात हो कि गुरुदेव मुनि श्री 108 मौन सागर जी महाराज का सासंघ चातुर्मास सुसनेर (जिला आगर मालवा म.प्र.) में चल रहा है ! सुसनेर में मुनिराज श्री 108 मौन सागर महाराज के चातुर्मास का समय जैसे जैसे बढ़ता गया और मुनिराज की तप साधना ओर बढ़ती गई किसी को थोड़ा सा भी ज्ञात नहीं था कि गुरुदेव किस दिशा में आगे बढ़ रहे है ! गुरुदेव परम पूज्य 108 श्री मौन सागर जी मुनिराज अपने तप को ओर अपने मन को मजबूत करते हुए वैराग्य पथ पर आगे बढ़ते गए और एक दिन चातुर्मास निष्ठापन की बेला आई, तो दिनांक 26.10.2025 को रविवार दिन था ,जैसा कि चातुर्मास में प्रत्येक रविवार को विशेष प्रवचन ओर मुनिराज का मंगल आशीर्वाद सबको मिलता था, इसी क्रम में रविवार को गुरुदेव मुनिराज श्री 108 मौन सागर जी महाराज ने अपने मंगल आशीर्वाद का वाचन किया और उसी के बाद उन्होंने हम सभी को समझाते हुए अवगत कराया कि अब मै मोक्ष मार्ग के रास्ते पर और आगे जा रहा हू, जिस रास्ते पर हमारे आराध्य जिनेन्द्र भगवान ओर परम्परा से हमारे आचार्य साधु महाराज जाते आए है ! मेरे द्वारा जैन धर्म का मूल मर्म यम संलेखना को धारण किया जा रहा है ! सुसनेर चातुर्मास निष्ठापन धार्मिक सभा में मुनिराज के मुख से संलेखना की बात सुनकर सन्नाटा छा गया ! अब चुकी सभी श्रावक तो गृहस्थ होते है, तो कोई भी श्रावक इस बात को स्वीकार नहीं पाये क्योंकि श्रावक का साधुओं के प्रति विशेष राग रहता हैं, सुसनेर धार्मिक सभा में उपस्थित सभी श्रावकों ने आग्रह किया कि हे गुरुदेव आप अभी पूर्णतः स्वस्थ है एवं आपकी साधना भी नित्य शाश्वत रूप से उत्कृष्ट चल रही है, इस बाबत संलेखना तप साधना को अभी ग्रहण मत कीजिए ! अपने इस संकल्प को त्याग दीजिए, लेकिन कहते है कि दिगंबर साधु के मुख से एक बार जो निकल जाता हैं, वह पत्थर की लकीर होता है,प्राण जाय पर वचन न जाय ! अभी इसी क्रम में हम सभी के तारण हार गुरुदेव संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आज्ञानुव्रत शिष्य समाधिस्थ मुनि श्री 108 भूतबली सागर जी के परम शिष्य श्री 108 मौन सागर जी महाराज ने यम संलेखना व्रत को धारण किया और अपनी तपस्या में निरंतर वैराग्य पथ पर आगे बढ़ रहे है ! फिर क्या था, मुनि श्री 108 मौन सागर जी महाराज की त्याग तपस्या से अब सुसनेर जैन समाज को नित्य ही आंतरिक शांति से परिपूर्ण आश्चर्यजनक वैराग्य दृश्य देखने को मिल रहे है, जैसा दृश्य कभी आचार्य श्री ज्ञान सागरजी ने आचार्य श्री विद्यासागरजी को अपना पद अंगीकार करके उनके चरणों में समाधि मरण का निश्चय किया ठीक वही दृश्य अब पुनः सुसनेर नगर के जैन श्रावकों को देखने मिल रहा है ! क्षपक मुनि 108 श्री मौन सागर जी महाराज मुनिराज का गृहस्थ अवस्था का नाम देवेंद्र कुमार था ! उनका जन्म 1952 में बास्तवाड नामक गांव ÷बेलगाम÷ में हुआ था उनके माता का नाम श्रीमती पद्मावती एवं पिता का नाम श्रीमंत था ! देवेंद्र कुमार का परिवार शुरू से ही पूर्णतः कृषि पर निर्भर हुआ करता था एवं उनकी माताजी पद्मावती देवी के हाथ काम नहीं करते थे तो वे बचपन से ही घर का सारा काम एवं कृषि का काम किया करते थे उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही शासकीय विद्यालय में सम्पन्न हुई। देवेंद्र कुमार शुरू से ही बड़े ही धार्मिक रुचि के बालक हुआ करते थे । 1994 में ऐलक दीक्षा, और फिर 20 अप्रैल 1996 अक्षय तृतीया को गुरुवर भूत बलि सागर जी से मुनि दीक्षा को धारण कर देवेंद्र से मुनि मोन सागर हुए उसके बाद भूत बलि सागर जी संघ के साथ 1996 से 2001 तक महाराष्ट्र 2002 में गुजरात 2003 में छत्तीसगढ़ 2004 में उत्तर प्रदेश 2005 में हरियाणा 2006 में मध्यप्रदेश 2007 में फिर कर्नाटक 2008 से 2018 तक मध्यप्रदेश 2019 में फिर कर्नाटक 2020 में महाराष्ट्र 2021 में मध्यप्रदेश 2022 में राजस्थान और 2023 से 2025 तक मध्यप्रदेश में धर्म मय गंगा, ज्ञान मय गंगा का अविचल रूप से प्रभावना करते हुए और 26 अक्टूबर 2025 को सुसनेर ( मध्य प्रदेश ) में यम संलेखना धारण कर सिद्धों की श्रेणी की ओर अग्रसर है !

# संतों पर गोलीचालन - 8 बलिदान - तीन पीठाधीश्वर शंकराचार्यों की लाठी से पिटाई

## 7 नवम्बर 1966 : दिल्ली में गौरक्षा आँदोलन

रमेश शर्मा

यह अब तक का सबसे विशाल गौरक्षा आँदोलन था। इसमें दस लाख से अधिक साधु संत और गौभक्त संसद पर प्रदर्शन करने दिल्ली पहुँचे थे। पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने केलिये लाठी और गोली चालन किया जिसमें 8 साधु मौके पर ही बलिदान हुये। सैकड़ों घायल हुये। तीन पीठाधीश्वर शंकराचार्य लाठी से घायल हुये । सनातन परंपरा में गाय सर्वाधिक महत्वपूर्ण रही है। ऋग्वेद से लेकर श्रीमद्भगवत गीता तक सभी ग्रंथों में गाय की महिमा का वर्णन है। ऐसा कोई पुराण नहीं जिसमें गाय की महिमा पर कथाएँ न हों। अवतारों में एक निमित्त गाय भीरही है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गौसेवा करने की असंख्य कथाएँ हैं। लेकिन आक्रांताओं और विदेशी सत्ताओं की क्रूरता से गाय के प्राणों पर संकट आया। गौरक्षा केलिये समय समय पर अनेक संघर्ष हुये। सल्तनत काल और अंग्रेजीकाल में गौवध का तरीका अलग अलग था। सल्तनतकाल में ईद की कुर्बानी और माँस खाना आरंभ हुआ। लेकिन अंग्रेजों ने इससे आगे गौ माँस के व्यापार पर व्यापार भी आरंभ किया। इसके लिये ऐसे ÷स्लॉटर हाउस÷ खड़े किये जिनमें गौ माँस निर्यात होने लगा। अंग्रेजीकाल समाप्त होने के बाद भी गौवध रुक न सका। स्वतंत्रता के बाद संतों ने गौरक्षा की आवाज उठाई। इस आवाज को एक स्वर दिया स्वामी करपात्री जी महाराज और स्वामी प्रभुदत्तजी ब्रह्मचारी ने। पहले सभी मठों के पीठाधीश्वर शंकराचार्य जी से बात हुई । फिर सभी अखाड़ों और अन्य प्रमुख धर्मगुरुओं को भी जोड़ा गया। इनमें जैन, बौद्ध, सिक्ख, आर्य समाज आदि सभी ने मिलकर गौरक्षा केलिये सरकार का ध्यानाकर्षक करने का निर्णय लिया। करपात्री जी महाराज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों एवं विभिन्न राजनैतिक दलों से भी बातचीत की। करपात्री जी महाराज की जिन राजनेताओं से चर्चा हुई उनमें प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी, गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा, आचार्य बिनोबा भावे पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा राम मनोहर लोहिया जैसे व्यक्तित्व शामिल थे। लगभग सभी ने गौरक्षा केलिये अपनी सैद्धान्तिक सहमति दी। इतनी तैयारी के बाद ÷ सर्वदलीय गोरक्षा महा अभियान समिति÷ का गठन किया गया। इसमें काँग्रेस सीधे नहीं जुड़ी थी लेकिन काँग्रेस के अनेक सदस्य

व्यक्तिगत स्तर पर जुड़े थे। जबकि भारतीय जनसंघ, रामराज्य परिषद, हिन्दु महासभा आदि खुलकर साथ थे।अक्टूबर 1966 में यह आँदोलन आरंभ हुआ। यह तीन स्तरीय था। पहला अनशन, दूसरा विभिन्न प्राँतों में स्थानीय स्तर पर ज्ञापन देना और तीसरा संसद पर प्रदर्शन। पहले दो चरण पूरा करने के बाद संसद पर प्रदर्शन करने का निर्णय हुआ। इसके लिये दिल्ली के आर्यसमाज भवन में संतों का अनशन और केन्द्रीय गृहमंत्री सहित विभिन्न मंत्रालयों को ज्ञापन प्रेषित करने का अभियान चला। एक माह तक अभियान चलने के बाद भी कोई परिणाम नहीं निकला। अंततः गोपा अष्टमी तिथि को दिल्ली जाकर संसद भवन पर प्रदर्शन करने का निर्णय हुआ। वह 1966 वर्ष था यह दिन यह तिथि सात नवम्बर को थी। संसद भवन पर होने वाले इस प्रदर्शन केलिये देशभर में तैयारी हुई। जम्मू, कश्मीर से लेकर केरल तक और गुजरात से लेकर बंगाल तक देश के हर नगर और क्षेत्र में संतों की सभाएँ हुई। गौ भक्तों का दिल्ली पहुँचना आरंभ हो गया। कितने ही लोग हफ्ते भर की पदयात्रा करके दिल्ली पहुँचे थे। कोई सड़क पर सोया, किसी ने माँग कर भोजन किया । लेकिन सब के मन में गौरक्षा की लगन थी। गोपा अष्टमी के एक दिन पहले से ही देश भर से साधु संत और अन्य गौ भक्त दिल्ली पहुँच गये थे। सात नवम्बर को प्रातः से ही लाल किले लेकर चाँदनी चौक और चाँदनी चौक से संसद भवन जाने वाले मार्ग पर गौ भक्त एकत्र थे। इस सर्वदलीय आँदोलन के समन्वयक स्वामी करपात्रीजी के साथ चाँदनी चौक आर्य समाज मंदिर में तीन पीठाधीश्वर शंकराचार्य जगन्नाथपुरी, ज्योतिष्पीठ और द्वारकापीठ, वल्लभ संप्रदाय पीठाधिपति, रामानुज संप्रदाय, माधव संप्रदाय, रामानंदाचार्य, आर्य समाज, नाथ संप्रदाय, जैन, बौद्ध व सिख समाज के प्रतिनिधि, सिखों के निहंग नागा साधु और गाँधीवादी संत विनोबा भी सहभागी थे। गौरक्षा का संकल्प लेकर लगभग दस लाख से अधिक इन गोभक्तों में लगभग दस हजार से अधिक साध्वियाँ और अन्य महिलाएँ थीं। लाल किला मैदान से नई सड़क, चावड़ी बाजार, पटेल चौक होकर संसद भवन पहुंचने का मार्ग निश्चित हुआ। गौभक्तों के समूह ने जुलूस के रूप में पैदल चलना आरम्भ किया। दिल्ली वासियों ने गौभक्तों पर अपने घरों से फूलों की वर्षा की। लगभग ग्यारह बजे से आँदोलन कारी गौ भक्तों का संसद भवन पहुँचना आरंभ हो गया था। दोपहर लगभग एक बजे संसद भवन पर सभा आरंभ हुई और संतों के संबोधन हुये । सभा लगभग दो घंटे चली। सब शाँति पूर्ण था। तीन बजे आर्यसमाज के स्वामी रामेश्वरानन्द का संबोधन आरंभ हुआ। स्वामी रामेश्वरानन्द ने कहा कि यह सरकार बहरी है। गौभक्तों के उस शाँति पूर्ण सभा में अचानक हुये उपद्रव के दो अलग अलग कारण बताये गये । सरकार की ओर से माना गया कि स्वामी रामेश्वरानन्द जी ने आँदोलन कारियों से संसद भवन में घुसकर सांसदों को घेरने की बात कही इसलिये भीड़ उत्तेजित हो गई और संसद का दरबाजा तोड़कर भीतर घुसने का प्रयास किया । जबकि दूसरी ओर आँदोलनकारियों का मानना था कि प्रदर्शन में कुछ असामाजिक तत्व शामिल हो गये थे । उन्होंने भीड़ घुसकर संतों से मारपीट करने लगे । उन दिनों श्रीमती इंदिरा गाँधी भारत की प्रधानमंत्री थीं और श्री गुलजारीलाल नंदा देश के गृहमंत्री। करपात्री जी महारिज ने से नंदाजी के व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे थे । व्यक्तिगत स्तर पर नंदा जी गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने के पक्षधर थे । पर निर्णय न हो सका । और उनके गृहमंत्री रहते हुये संतों पर लाठी गोली और अश्रुगैस छूटी । उन्होने इस घटना से क्षुब्ध होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया । दूसरी ओर संतों पर हुये इस गोलीकांड के विरोध में संतों ने अनशन आरंभ कर दिया । तीर्थ रामचंद्र वीर और जैन संत मुनि सुशील कुमार जैसे सुविख्यात संत शामिल थे । सभी की गिरफ्तारी हुई । प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का अनशन 30 जनवरी 1967 तक चला। 73 वें दिन डॉ. राममनोहर लोहिया ने उनका अनशन तुड़वाया। अगले दिन पुरी के शंकराचार्य ने भी अनशन तोड़ा।

# राष्ट्रीय विधिक दिवस पर निकली भव्य जागरुकता रैली

## न्याय की पहुंच हर नागरिक तक सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) बेगूसराय की ओर से एक विशाल विधिक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली एडीआर भवन से निकाली गई। जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की जानकारी और सहायता पहुंचाना था। इस रैली का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 9 नवंबर 1987 को अस्तित्व में आया और 9 नवंबर 1995 से यह पूरे देश में लागू हुआ। इस दिवस का उद्देश्य है कि समाज के कमजोर वर्गों, जरूरतमंदों और वंचितों को न्याय तक समान और निःशुल्क पहुंच प्राप्त हो सके। रैली में पैनल अधिवक्ता, विधिक स्वयंसेवक, एलएडीसी के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, व्यवहार न्यायालय के कर्मी एवं समाजसेवी शामिल हुए। रैली एडीआर भवन से निकलकर कैटीन चौक, नगर निगम चौक, नगर थाना चौक, कचहरी चौक, अंबेडकर चौक, ट्रैफिक चौक होते हुए राजकीय अयोध्या लॉ कलेज पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत, बालसा और अन्य जनकल्याणकारी विधिक योजनाओं की जानकारी दी।रैली के बाद राजकीय अयोध्या ल कॉलेज परिसर में एक भव्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने की। जबकि संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य ने किया। अपने संबोधन में आर्य ने कहा आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सभी अधिवक्ता, विधिक स्वयंसेवक एवं विधि छात्र समाज में जाकर लोगों को लोक अदालत से मिलने वाले लाभों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों के छोटे-मोटे विवाद सुलह के आधार पर निःशुल्क और शीघ्र हल होते हैं, जिससे न्याय व्यवस्था पर बोझ कम होता है और आम जनता को त्वरित न्याय मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विधिक सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्रों) को सम्मानित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने चयनित पीएलवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकार सह पीएलवी हरेराम दास, रूबी कुमारी, पिंकी कुमारी, प्रभात कुमार सिंह, वीरेंद्र चौधरी, मुकिंदर पासवान, प्रमोद रजक, किरण कुमारी, शालिनी, सुमन कुमारी, अफजल अमानुल्लाह, बूटेश कुमार, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार ठाकुर, रोशन कुमार जुल्फिकार, शैलेश कुमार, रेखा कुमारी, एवं जया कुमारी शामिल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार झा, पंकज कुमार, विष्णुदेव भक्त, हेमंत कुमार, रवीश कुमार सिन्हा, सुनील प्रसाद,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार, सहायक सचिव विनोद कुमार, एलएडीसी के केके अशोक कुमार सिंह, शशिभूषण बाबू, अशोक कुमार झा, वीरेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, डीएलएसए के सहायक इंद्रसेन शर्मा, उदय कुमार, संगम मिश्रा, शशि कुमार, रंजीत कुमार, सौरभ कुमार, आलोक कुमार, जयप्रकाश नायब, रामष्ण, बबलू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित थे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि हर नागरिक तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस ऐसे ही संकल्पों को सशक्त करने का प्रतीक है। विधिक साक्षरता ही सशक्त समाज की नींव है, और लोक अदालत उसके त्वरित न्याय का माध्यम।

फोटो केप्शन-2 रैली में शामिल विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य

# बालू लदा हाइवा की ठोकर से घायल युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। धनरूआ थाना क्षेत्र के सकरपुरा मोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही बालू लदी हाईवा की ठोकर से गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल युवक को पटना स्थित जीवनदीप अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार तड़के करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तिनेरी निवासी शंकर पासवान के पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। धर्मेंद्र बीते 8 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे निजी काम से घर से निकला था। सकरपुरा मोड़ पर टेंपो से उतरकर जैसे ही वह सड़क पार कर रहा था, तेज रफ्तार हाईवा ने रॉन्ग साइड से आते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता शंकर पासवान के लिखित बयान पर धनरूआ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। हादसे के बाद हाईवा कादिरगंज की ओर भाग रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों और कादिरगंज पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान राजेंद्र कुमार, पिता सुरेश सिंह, निवासी मखदूमपुर दोखड़ा (सिगोड़ी) के रूप में हुई है। पीड़ित परिवार ने आरोपी चालक पर कड़ी कार्रवाई और न्याय की मांग की है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

# बिहार में एनडीए की सरकार तय, जनता ने दिया भारी समर्थनः स्मृति ईरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर**। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है और राज्य को पलायन व बेरोजगारी जैसी बड़ी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। वे पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी मुरारी पासवान के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं। ईरानी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में जनता ने एनडीए को भारी समर्थन देकर अगले चरणों की दिशा साफ कर दी है। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश का जनमत एनडीए के पक्ष में मजबूती से खड़ा है।

उन्होंने कहा कि 2005 से पहले के 'लालू राज' में बिहार लालटेन युग में फंसा हुआ था, विकास ठप था और चारों ओर जंगलराज का बोलबाला था, जिससे आम जनता त्रस्त थी। लेकिन डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है और आज बिहार में अमन-चैन, बेहतर कानून व्यवस्था और तेज विकास का माहौल है। स्मृति ईरानी ने कहा कि महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को लेकर एनडीए कई योजनाएं चला रही है। लाखों जीविका दीदियों को दस-दस हजार रुपये की सहायता दी गई है, जिसे वापस नहीं लिया जाएगा। आगे चलकर इन्हें दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी। सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि इस चुनाव में महागठबंधन का सफाया तय है और प्रदेश में पुनः नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा तथा भाजपा के वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयोजक दिलीप मिश्रा ने भी संबोधित किया।

# बिहार में झाझा विधानसभा सीट पर का कौन होगा सिरमौर, एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर

विनय कुमार

**झाझा (जमुई)**। झारखंड की सीमा से सटे जमुई जिले में बिहार के मिनी शिमला के नाम से मशहूर सिमुलतला को अपनी कोख में समेटे झाझा विधानसभा क्षेत्र इन दिनों चुनावी गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जहां एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवार एक दुसरे को पटखनी देने की फिराक में मैदान में उतरे हैं। वर्ष 2025 का झाझा विधानसभा चुनाव भी काफी दिलचस्प नजर आ रहा है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने जहां बिहार सरकार के पूर्व मंत्री दामोदर रावत पर एक बार फिर विश्वास दिखाया है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच यहां सीधा मुकाबला है, लेकिन जन सुराज पार्टी के डॉक्टर नीलेन्दु दत्त मिश्रा, बहुजन समाज पार्टी के शिवराज यादव और और निर्दलीय मोहम्मद इरफान समेत कुल नौ उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट पर जनता दल यूनाइटेड के दामोदर रावत विजयी हुए थे। दामोदर रावत को कुल 76 हजार 9 सौ 72 वोट मिले थे, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार राजेंद्र प्रसाद दूसरे नंबर पर रहे थे, जिन्हें 75 हजार 2 सौ 93 वोट मिले थे और श्री प्रसाद महज 1 हजार 6 सौ 79 वोटों के अंतर से पराजित हुए थे। लेकिन इस बार राजद ने राजेंद्र प्रसाद को टिकट न देकर जय प्रकाश नारायण यादव को उम्मीदवार बनाया है। श्री यादव की इस मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जदयू के उम्मीदवार से अक्सर कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। झाझा एक जनरल सीट है जिसका ज्यादातर इलाका ग्रामीण क्षेत्रों से मिलकर बना है। जहां कुल तीन लाख 38 हजार 6 सौ 67 मतदाता हैं। इनमें से अनुसूचित जातियों की जनसख्या करीब 15.85 फीसदी, अनुसूचित जनजातियों की 4.42 फीसदी और मुस्लिम समुदाय के लगभग 11.2 फीसदी मतदाता है। झाझा विधानसभा क्षेत्र से 1952 में कांग्रेस के चंद्रशेखर सिंह, 1957 में दो विधायक कांग्रेस के भागवत मुर्मू और चंद्रशेखर सिंह , 1962 में सोशलिस्ट पार्टी के श्रीकृष्ण सिंह, 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के शिवनंदन झा, 1969 में कांग्रेस के चंद्रशेखर सिंह, 1972 में सोशलिस्ट पार्टी के शिवनंदन झा, 1977 में जनता पार्टी के शिवनंदन झा, 1980 में कांग्रेस के शिवनंदन यादव, 1985 में कांग्रेस के शिवनंदन यादव,1986 में कांग्रेस के डॉ.रविंद्र यादव,1990 में जनता दल के शिवनंदन झा ,1995 में कांग्रेस के डॉ.रविंद्र यादव 2000 में समता पार्टी के दामोदर रावत, 2005 फरवरी में जदयू के दामोदर रावत,2005 अक्टूबर में जदयू के दामोदर रावत, 2010 में जदयू के दामोदर रावत 2015 में भारतीय जनता पार्टी के डॉ.रविंद्र यादव और वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड के दामोदर रावत चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे। वर्ष 1957 के विधानसभा चुनाव में झाझा दो सदस्यीय क्षेत्र था इसलिए एक आरक्षित वर्ग के और एक सामान्य वर्ग के विधायक चुने गए थे। इस क्षेत्र से पहली बार चुनाव जीतने वाले चंद्रशेखर सिंह बाद में बिहार के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी बने थे। इस बार 2025 का चुनावी समर भी कुछ वैसा ही दिखाई पड़ रहा है और जातीय समीकरण को साधने में हर प्रत्याशी लगा हुआ रहा है। इन दिनों झाझा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमा गया है। विकास के मुद्दों के साथ जातीय समीकरणों पर नेता जोर दे रहे हैं। विभिन्न समुदाय अपने-अपने तरीके से समीकरण साधने में लगे हैं। देखना यह है कि झाझा की गद्दी पर फिर दामोदर रावत की वापसी होगी या जनता किसी दूसरे नेता पर विश्वास जताएगी। इस क्षेत्र में 11 नवंबर को वोट डाले जाएगें और 14 नवंबर को मतपेटी खुलने के बाद झाझा के नये प्रतिनिधि का एलान होगा। फिलहाल सभी प्रत्याशी अपनी जीत की रणनीति बनाने में जुटे हैं और अंतिम क्षणों तक जनसंपर्क के माध्यम से जनता को लुभाने की कोशिश जारी है।

# मतगणना केंद्र का अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय**। रविवार को अपर सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह द्वारा बाजार समिति स्थित सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के वज्रगृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मनिटरिंग सिस्टम, पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था आदि का विस्तृत जायजा लिया।इसके साथ ही उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए चिन्हित मतगणना हल एवं कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह परिसर में अभ्यर्थियों एवं अभ्यर्थियों के चुनाव अभिकर्ता के लिए बज्रगृह परिसर में बनाए गए चिन्हित स्थल पर सीसीटीवी का निरीक्षण किया एवं वहां उपस्थित अभ्यर्थियों एवं अभ्यर्थियों के चुनाव अभिकर्ता से बातचीत की तथा उनकी सुझावों को सुना और आवश्यक बिंदुओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तीन मोबाइल चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट**। चकिया थर्मल हल्ट के समीप रेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी के मामले में तीन युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शुकरर कुमार (22) पिता रोहित निषाद एवं अमर निषाद (21) पिता वकील निषाद, दोनों निवासी कसहा दियारा, थाना मरांची, जिला पटना तथा कुंदन कुमार (18) पिता कार्तिक महतो, निवासी लवकी सिमरिया घाट विंदटोली, थाना चकिया, जिला बेगूसराय शामिल हैं।इनके पास से चोरी के 8 मोबाइल बरामद किए गए हैं। इस संबंध में रेल थाना बरौनी में कांड संख्या 212 दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# काला धान बना किसानों की आर्थिक मजबूती का नया आधार, कम लागत में बेहतर मुनाफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। मसौढ़ी प्रखंड के कई गांव इस समय काला धान की खेती के लिए मॉडल क्षेत्र बनते दिख रहे हैं। स्वाद और सेहत के अनूठे गुणों से भरपूर इस धान की खेती सैकड़ों एकड़ में हो रही है, जिसने किसानों को कम लागत में अधिक आय का नया विकल्प उपलब्ध कराया है। प्रगतिशील किसान नागेंद्र सिंह पिछले कई वर्षों से कई बीघा भूमि पर जैविक तरीके से काला धान की खेती कर रहे हैं। वे स्वयं जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं और अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं राजाबिगहा के मनोज कुमार यादव सहित कई किसानों ने नवीन प्रयोग करते हुए इस बार काला धान की खेती को प्राथमिकता दी है।

बाजार में काला धान की कीमत सामान्य धान की तुलना में कई गुना अधिक है। स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 400 से 800 रुपये प्रति किलो तक रहती है, जबकि विदेशों से भी इसकी अच्छी मांग बनी हुई है। हालांकि इसकी पैदावार सामान्य धान की तुलना में कम होती है, परंतु ऊंची कीमत मिलने से किसानों को बेहतर लाभ हो रहा है। सामान्य धान की घटती कीमतों को देखते हुए नागेंद्र सिंह जैसे कई किसानों ने काला धान को आय का स्थिर स्रोत अपनाया है। कृषि विशेषज्ञ नवीन कुमार सिंह बताते हैं कि काला चावल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो शरीर को डिटॉक्स और साफ रखने में मदद करता है। बढ़ते प्रदूषण और अस्वस्थ जीवनशैली के बीच यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। उन्होंने बताया कि काला चावल डायबिटीज रोगियों के लिए भी बेहद लाभकारी है और नियमित सेवन से दवाइयों पर निर्भरता कम हो सकती है। काला धान की बढ़ती लोकप्रियता ने मसौढ़ी के किसानों को नई दिशा दी है, साथ ही जैविक खेती की ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का झुकाव भी तेजी से बढ़ा है।

# विकसित बिहार के लिए जनता कर रही एनडीए को समर्थनः अन्नपूर्णा देवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर**। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भाजपा की वरिष्ठ नेत्री अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को यहां कहा कि बिहार को विकसित राज्य बनाने का संकल्प जनता ने एक बार फिर मज़बूत कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गारंटी पर जनता का भरोसा अटूट है, इसी कारण राज्य में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता स्थिर, विकासोन्मुख और सुशासन देने वाली सरकार चाहती है। प्रथम चरण के चुनाव रुझान इस बात का प्रमाण हैं कि जनता एनडीए को भारी समर्थन दे रही है, और दूसरे चरण में यह समर्थन और व्यापक होगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर महिलाएं और युवा वर्ग विकास, सुरक्षा और सुशासन के नाम पर बढ़-चढ़कर मतदान कर रहे हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार ने हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। आज राज्य विकास के विभिन्न मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और हर तबके के लोगों का भरोसा एनडीए सरकार पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन में बिहार में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। अंत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पुनः एनडीए सरकार को समर्थन देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ. एन. के. यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार, राजेश जैन और बंटी यादव भी मौजूद थे।

# ट्रैक्टर रोककर सात लोगों ने की बर्बर पिटाई, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी**। मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा चक गांव के पास एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित हरेंद्र मांझी, पिता उपेंद्र मांझी, निवासी भखरा चक, ने सात लोगों के विरुद्ध मसौढी थाना में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, हरेंद्र मांझी मजदूरी कर ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बैरागीबाग पुल के पास पहुंचे, गांव के ही मुन्ना पासवान, आलोक कुमार, विष्णु पासवान, गुड्डू पासवान, पोखन पासवान, रोशन पासवान और हजारी पासवान ने ट्रैक्टर रुकवाकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस हमला में पीड़ित और विजेंद्र मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनके सिर पर गहरी चोट आई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद शाम में आरोपी उनके घर पहुंच गए और पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। हमले का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# मखदुमपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों ने दिया योगदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। आगामी 11 नवंबर को मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को मतदान कर्मियों ने अपना योगदान दिया। सुबह 11 बजे से ही मतदान कर्मी निर्धारित स्थल पर पहुँचने लगे, जहाँ उन्हें मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक सामग्री और दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशासन की निगरानी में किया गया।जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मतदान कर्मी किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और किसी भी राजनीतिक या प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में न आएं। डीएम ने कहा कि यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता दिखाई दे, तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पूरे चुनावी प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ खड़ा रहेगा।वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में केंद्रीय पुलिस बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड तैनात किए जाएंगे ताकि मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। एसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान जिले के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तारेगना रेल थाना में महिलाओं के लिए शुरू हुआ हेल्प डेस्क बंद, शिकायतों के समाधान पर पड़ा असर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना–गया रेलखंड के तारेगना रेल थाना में महिलाओं की समस्याएँ सुनने और समाधान के लिए शुरू की गई महिला हेल्प डेस्क अब बंद कर दी गई है। 22 फरवरी 2023 को शक्ति मिशन के तहत इसकी शुरुआत हुई थी, जिससे महिला फरियादियों को काफी राहत मिली थी। महिला पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में वे अपनी शिकायतें सहजता से दर्ज करा पाती थीं, लेकिन कुछ ही महीनों में यह व्यवस्था समाप्त हो गई। पहले पुरुष पदाधिकारी ही महिलाओं की शिकायतें सुनते थे, जिसके कारण कई संवेदनशील मामलों में महिलाएँ खुलकर अपनी बात नहीं रख पाती थीं। इस स्थिति को बदलने के लिए महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई थी। हालांकि, स्थानीय सूत्रों के अनुसार उक्त यूनिट को बाद में किसी अन्य थाने में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे महिला शिकायतकर्ताओं को पुनः असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व इंचार्ज रानी कुमारी ने बताया कि तारेगना में महिला हेल्प डेस्क पर प्रतिदिन कई प्रकार की शिकायतें दर्ज होती थीं—ट्रेन में छिनतई, छेड़खानी, अश्लील व्यवहार, महिला बोगी में उत्पीड़न जैसे मामलों में महिलाएँ बेझिझक मदद मांगती थीं। हेल्प डेस्क बंद होने के बाद इन शिकायतों के समाधान में कठिनाई बढ़ गई है। रेल थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही इस दिशा में पहल की जाएगी और तारेगना रेल थाना में महिला हेल्प डेस्क को पुनः शुरू करने का प्रयास किया जाएगा।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया**। रविवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का आयोजन बड़े ही उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर छात्रों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यथा फैंसी ड्रेस, रंगोली, सांस्कृतिक नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट, एवं प्रोजेक्ट वर्क में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

छात्रों में अपनी उपलब्धियों को लेकर अत्यधिक उत्साह और प्रेरणा देखी गई, वहीं अभिभावक भी अपने बच्चों की प्रगति देखकर बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया आर्ट एंड क्राफ्ट मॉडल, जिसमें बिहार की संस्कृति एवं त्यौहारों की झलक को सुंदरता से प्रदर्शित किया गया। इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पुरस्कार बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जो छात्र इस बार अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, वे भी इन सम्मानित छात्रों से प्रेरणा लेकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस बार का परिणाम पिछली बार की तुलना में अधिक उत्कृष्ट रहा है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे विद्यार्थी और ऊंचाइयां छुएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया गया।

# मतदान के बाद मसौढ़ी में बढ़ी पुलिस गश्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। विधानसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के बाद मसौढ़ी पुलिस पूरी तरह सतर्क मोड में नजर आ रही है। वोटिंग के बाद राजनीतिक तनाव, आपसी विवाद या हिंसक घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। चुनावी समीक्षा की चर्चाएं हर चौक-चौराहे पर चल रही हैं, ऐसे में वाद-विवाद की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस की टीम लगातार निगरानी कर रही है। स्थानीय थानों को निर्देश दिया गया है कि शाम के समय विशेष रूप से पेट्रोलिंग तेज रखें और संदिग्ध वाहनों की सख्ती से जांच करें। मतदान समाप्त होने के बाद अर्धसैनिक बलों की कंपनियां अन्य जिलों में भेज दी गई हैं, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी अब स्थानीय पुलिस के हाथों में है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त, वाहन जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का अभियान जारी है। पुलिस का प्रयास है कि मतदान के बाद किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना, माहौल बिगाड़ने की कोशिश या शराब एवं हथियार तस्करी पर सख्ती से रोक लगाई जा सके, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था कायम रहे।

# पति से उत्पीड़न के बाद महिला ने की नदी में कूदकर जान देने की कोशिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी**। पुनपुन थाना क्षेत्र में आत्महत्या के प्रयास की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पारिवारिक कलह, वैवाहिक तनाव, प्रेम-प्रसंग में धोखा और परीक्षा में असफलता जैसे कारणों से लोग पुनपुन नदी को अपनी जान देने का आसान रास्ता समझने लगे हैं। हालात यह हैं कि पिछले दिनों में यह चौथी घटना है जब किसी ने नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया हो। रविवार को एक बार फिर ऐसी ही घटना सामने आई, जब पति से उत्पीड़न से परेशान एक महिला ने पुनपुन नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की सतर्कता से उसकी जान बचाई जा सकी। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि महिला की पहचान ममता देवी, पति अशोक चौधरी, निवासी चलियाराचक (पुनपुन) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ममता देवी पारिवारिक तनाव से व्यथित होकर नदी में कूद गई थीं, लेकिन ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कर उन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि लगातार इस प्रकार की घटनाएं चिंताजनक हैं और यह मौजूदा सामाजिक व पारिवारिक तनावों का संकेत देती हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला को परामर्श उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

## चोरी की मोबाइल बरामद

**नावकोठी**। नावकोठी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत खोये हुए मोबाइल को मोबाइल धारक को उपलब्ध कराया गया। मोबाइल धारक नावकोठी के मुरारी चौधरी का पुत्र नीरज कुमार है। इनका मोबाइल 9 फरवरी को खो गया था। इसकी सूचना नावकोठी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने नयी तकनीक से अनुसंधान कर इसे साहेबपुर कमाल से बरामद किया। खोया हुआ मोबाइल नौ महीने के बाद मिलने से मोबाइल धारक का चेहरा खिल उठा।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक साझेदारी को नई दिशा देने की तैयारी, पीयूष गोयल पहुंचे ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में एक अहम दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के व्यापार व पर्यटन मंत्री सीनेटर डॉन फैरेल और कौशल व प्रशिक्षण मंत्री एंड्रयू जाइल्स से मुलाकात की। इस द्विपक्षीय बैठक का उद्देश्य भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाई देना था। बैठक में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता पर विस्तार से चर्चा हुई। यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस बातचीत में सीईसीए वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा की गई और यह तय किया गया कि कैसे दोनों देश मिलकर व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बना सकते हैं। खासतौर पर वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश और पारस्परिक लाभ के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले से ही मजबूत रणनीतिक संबंध हैं, लेकिन इस समझौते से इन संबंधों को और गहराई मिलेगी। दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## डॉलर की तेजी के कारण सोने में तीसरे सप्ताह गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट जारी रही। जानकारों का मानना है कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सतर्क टिप्पणियों का निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की प्रतीक्षा और निगरानी की नीति के कारण सुरक्षित निवेश वाली इस परिसंपत्ति की मांग कम हुई है। दूसरी ओर, छुट्टियों के कारण छोटे कारोबारी सप्ताह में सर्राफा बाजार की कीमतें सीमित दायरे में बनी रहीं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 165 रुपये यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ शुक्रवार को 1,21,067 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

### सितंबर में लोन की औसत ब्याज दर 0.24 फीसदी घटी

# रेपो दरों में कटौती का दिखा असर

### ● 0.25 प्रतिशतसस्ते सरकारी बैंकों के कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी मौसम में बैंकों के कर्ज बढ़ाने और इस साल रेपो दर में एक फीसदी की कटौती से सितंबर में लोन की औसत ब्याज दर 0.24 फीसदी घट गई। हालांकि, लगातार पांच महीनों तक जमा पर ब्याज में कटौती के बाद बैंकों ने सितंबर में मामूली बढ़ोतरी कर दी। फरवरी से सितंबर के दौरान कर्ज की ब्याज दरों में 0.83 फीसदी और जमा ब्याज में 1.02 फीसदी की कटौती की गई।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के मुताबिक, भविष्य में ऋण दरों में सीमित कटौती की उम्मीद है। दिसंबर तिमाही में ये बढ़ भी सकती हैं। यह संभावना ऋण मांग में मौसमी वृद्धि और जमा राशि जुटाने में सुस्ती की उम्मीदों से बनी है। सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के नए ऋणों की औसत ब्याज दर सितंबर में तेजी से गिरकर 8.5 प्रतिशत हो गई। यह अगस्त की तुलना में 0.24 फीसदी कम है। उम्मीद से ज्यादा बड़ा यह सुधार ग्राहकों के लिए त्योहारी सीजन का तोहफा प्रतीत होता है।

उदाहरण के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने 28 अगस्त से खुदरा ऋण दरों में 0.25 से 0.70 फीसदी की कटौती की थी। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई जैसे प्रमुख ऋणदाताओं ने सितंबर में कई ऑफर पेश किए। विभिन्न बैंकों ने कुछ निश्चित अवधियों पर सीमांत निधि आधारित उधार दर (एमसीएलआर) में 0.05 से 0.15 फीसदी तक कटौती की। इस कारण सितंबर में उधार दरों में भारी कमी आई।

सितंबर में सरकारी बैंकों के कर्ज औसतन 0.25 फीसदी सस्ते हुए। निजी क्षेत्र के बैंक स्थिर गति से आगे बढ़ रहे हैं। जून में उदार कटौती के बाद जुलाई में दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। उसके बाद से उन्होंने लगातार दरें कम की हैं। सितंबर में निजी बैंकों के कर्ज की औसत ब्याज दरें 0.10 फीसदी कम हो गई। कुल मिलाकर, सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए कर्जों में मौजूदा ढील चक्र के दौरान 0.83 फीसदी की गिरावट आई है। यह जनवरी के 9.3 प्रतिशत से घटकर 8.5 प्रतिशत हो गया है। कर्ज की मांग बढ़ी तो घट गई नकदी कर्ज की मांग में तेजी से बैंकिंग सिस्टम की नकदी में गिरावट आ गई है। अगस्त में रोजाना की औसत नकदी 2.9 लाख करोड़ रुपये थी, जो सितंबर में कम होकर 1.6 लाख करोड़ रुपये रह गई। अक्तूबर में यह और घटकर एक लाख करोड़ रुपये हो गई। यह तब हुआ, जब आरबीआई ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में दो बार कटौती की थी। सीआरआर वह अनुपात है, जिस अनुपात में बैंकों को एक तय नकदी आरबीआई के पास रखनी होती है। तो पड़ सकता है ब्याज दरों पर दबाव

अक्तूबर में गिरते रुपये को सहारा देने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में सक्रिय रूप से आरबीआई हस्तक्षेप कर रहा है। अगर आरबीआई को और अधिक हस्तक्षेप करना पड़ा, तो इससे बैंकिंग प्रणाली की तरलता पर और दबाव पड़ सकता है। इससे उधारी पर कम हो रही ब्याज दरें आगे चलकर प्रभावित हो सकती है।

### फरवरी में लंबे समय बाद घटी थी रेपो दर

फरवरी, 2025 में आरबीआई ने लंबे समय बाद पहली बार रेपो दर में कटौती की। बैंकों ने हर महीने कर्ज पर औसत ब्याज दर को 9 फीसदी तक घटाया। जून में यह कमी बढ़कर 0.58 फीसदी तक पहुंच गई। ऐसा इसलिए, क्योंकि आरबीआई ने रेपो दर में फिर से 0.50 फीसदी की कमी की। हालांकि, जुलाई में सरकारी बैंकों ने इसके उलट कर्ज की औसत ब्याज दरें 0.19 फीसदी तक बढ़ा दी। निजी क्षेत्र के बैंकों ने दर कटौती का चक्र जारी रखा। अगस्त में ढील फिर से शुरू हुई।

### 5.6 प्रतिशतपर पहुंची जमा पर ब्याज दरें

रिपोर्ट के अनुसार, जमा पर औसत ब्याज दरें अगस्त में कई वर्षों के निचले स्तर 5.56 फीसदी पर आ गई थी। हालांकि सितंबर में यह मामूली बढकर 5.6 फीसदी पर पहुंच गई। लेकिन फरवरी से लेकर सितंबर तक के दौरान इसमें 1.02 फीसदी की भारी गिरावट आई है। यह इसलिए हुआ क्योंकि उधारी पर भी ब्याज दरें इस दौरान तेजी से घटती रहीं और इससे बैंकों की लागत की दरें कम हो गई।

## ग्रामीण भारत ने शहरी इलाकों को पछाड़ा

### *बढ़ती आय, आसान कर्ज और अच्छी बारिश से बढ़ा उपभोग*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में उपभोग की रफ्तार अब शहरों से ज्यादा गांवों में देखने को मिल रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की ताजा इकोस्कोप रिपोर्ट रूरल रूल्स, अर्बन फॉलोज के मुताबिक, आय में बढ़ोतरी, कर्ज की आसान उपलब्धता और बेहतर मानसून के कारण ग्रामीण भारत में खपत तेजी से बढ़ी है। सरकार ने शहरी उपभोग को बढ़ाने के लिए आयकर में कटौती और जीएसटी सुधार जैसे कदम उठाए, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों में खपत ज्यादा बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही से ग्रामीण खपत में लगातार इजाफा हो रहा है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में यह 7.7 प्रतिशतकी सालाना दर से बढ़ी। यह पिछली 17 तिमाहियों में सबसे तेज है। हालांकि शहरी इलाकों में भी कुछ सुधार देखने को मिला है, लेकिन वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में वहां की खपत धीमी रही। त्योहारों के मौसम से पहले पेट्रोल की मांग और गैर-कृषि आयात जैसे संकेतकों में सुधार देखा गया है, जिससे उम्मीद है कि तीसरी तिमाही में शहरी खपत में तेजी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण मांग आने वाले समय में भी मजबूत बनी रह सकती है। इसकी वजह है बढ़ती मजदूरी, अच्छी रबी फसल की संभावना और कम महंगाई। वहीं, त्योहारों के चलते शहरी मांग में भी सुधार की उम्मीद है।

# संकटों से घिरी दुनिया में किसानों का कमाल, अनाज उत्पादन तोड़ेगा रिकॉर्ड

### दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य मुद्रास्फीति, जलवायु संकट और आपूर्ति व्यवधानों से लोग जूझ रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकटों से जूझ रही दुनिया में किसान अपना काम चुपचाप करते रहे। इसी का असर है कि इस साल वैश्विक अनाज उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना है। अनुमान है कि कुल उत्पादन 4.4 फीसदी बढ़कर 299 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर होगा। यह वृद्धि उस समय हो रही है जब दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य मुद्रास्फीति, जलवायु संकट और आपूर्ति व्यवधानों से लोग जूझ रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर मौसम, उन्नत कृषि तकनीक और निर्यात प्रतिबंधों में ढील ने इस सकारात्मक रुझान को संभव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मक्का, गेहूं और चावल तीनों प्रमुख अनाजों की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। सबसे अधिक उछाल मक्का की फसल में देखा जा सकता है, जबकि चावल की वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रहेगी, लेकिन यह भी अपने इतिहास के उच्चतम स्तर तक पहुंचने की संभावना रखता है। इसके अलावा जौ जैसे अन्य अनाजों के उत्पादन में भी इजाफे की उम्मीद है।

अनुमान है कि 2025 के अंत तक वैश्विक अनाज भंडार 5.7 फीसदी बढ़कर 91.6 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा। यह 2017-18 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर होगा। यानी वर्ष 2025-26 में दुनिया के पास जितना अनाज उपभोग के लिए आवश्यक होगा, उसका लगभग 31.1 प्रतिशतअतिरिक्त भंडार पहले से मौजूद रहेगा। यह अनुपात जितना ऊंचा होगा।

### आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल ने बढ़ाया उत्पादन

*2025 में चरम मौसमी घटनाओं के बावजूद वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड अनाज उत्पादन इसलिए संभव हो पा रहा है, क्योंकि कई देशों ने जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों और उन्नत बीजों का बड़े पैमाने पर उपयोग शुरू कर दिया था। वह आधुनिक सिंचाई प्रणालियों और सैटेलाइट आधार्ति फसल निगरानी तकनीक से उपज बढ़ा रहा है। वहीं, अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित कृषि पूर्वानुमान प्रणालियों और जलवायु-सहनशील फसलों के उपयोग ने उत्पादन को स्थिर बनाए रखा।*

## हर मंगलवार 5 बजे ऑफिस छोड़ने से मिला फायदा, वर्क लाइफ बैलेंस पर नेटफ्लिक्स के को-फाउंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉर्पोरेट जगत में वर्क लाइफ बैलेंस को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। इस बीच नेटफ्लिक्स के सह संस्थापक मार्क रैंडोल्फ का नया बयान है। नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ ने अपने व्यस्त जीवन में एक ऐसा नियम अपनाया, जिसने उन्हें तीन दशकों तक संतुलित और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखा। रैंडोल्फ का यह नियम बेहद सरल है, हर मंगलवार शाम 5 बजे ऑफिस से निकल जाना, चाहे कुछ भी हो जाए।

**कैसे बनाए रखा यह नियम:** रैंडोल्फ ने एक पुराने लिंक्डइन पोस्ट में अपने इस रूटीन को याद करते हुए बताया कि यह आदत उन्होंने अपने काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए अपनाई थी। उन्होंने लिखा कि 30 साल से ज्यादा वक्त तक, मैं हर मंगलवार बिल्कुल 5 बजे ऑफिस से निकल जाता था बारिश हो या धूप, कभी भी देर नहीं



की। उस शाम को मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ बिताता था। हम कभी फिल्म देखने जाते, कभी डिनर करते या बस शहर में टहलते।

रैंडोल्फ के मुताबिक, उस समय कोई मीटिंग, कॉन्फ्रेंस कॉल या जरूरी काम भी इस रूटीन को नहीं रोक सकता था। उन्होंने कहा कि अगर किसी को मुझसे मंगलवार को 4:55 बजे बात करनी होती, तो उसे पार्किंग लॉट तक चलते हुए कहना पड़ता था। अगर कोई संकट भी होता, तो हम उसे 5 बजे तक निपटा लेते थे।

### भारत बना वैश्विक स्टार्टअप्स की पसंद

## सिंगापुर और कनाडा की कंपनियां दिखा रहीं गहरी रुचि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम अब विदेशी उद्यमियों को आकर्षित कर रही है। सिंगापुर और कनाडा के कई अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप्स ने भारत में अवसर तलाशने के लिए उत्सुक हैं। इन कंपनियों ने अपनी यह इच्छा ईपीआईसी 2025 ग्लोबल पिच प्रतियोगिता के दौरान व्यक्त की, जो हांगकांग साइंस एंड टेक्नोलॉजी पार्क्स कॉर्पोरेशन (एचकेएसटीपी) की ओर से आयोजित की गई थी।

इस कार्यक्रम में 70 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं से आए 1,200 आवेदनों में से 100 स्टार्टअप्स को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें दो भारतीय कंपनियां भी शामिल थीं। इन्हें तीन कैटेगरी डिजिटल हेल्थ टेक, फिनटेक और ग्रीनटेक में चुना गया। यह वार्षिक आयोजन दुनिया भर के स्टार्टअप्स को निवेशकों, कॉरपोरेट पार्टनर्स और उभरते बाजारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। एचकेएसटीपी के चेयरमैन सनी चाई ने कहा कि हम हांगकांग की वैश्विक कनेक्टिविटी को अवसर में बदल रहे हैं, ताकि आइडियाज सीमाओं के पार बढ़ें और विस्तार पा सकें।

**भारत में स्टार्टअप्स के लिए बेहतरीन इकोसिस्टम:** सिंगापुर स्थित एनईयू बैटरी मैटेरियल्स के संस्थापक और सीईओ ब्रायन ओह ने कहा कि उनकी कंपनी बैटरी रीसाइक्लिंग के क्षेत्र में वैश्विक समाधान देना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ा बाजार है, जहां स्टार्टअप्स के लिए बेहतरीन इकोसिस्टम है। दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बड़ी संख्या भारत को बैटरी रीसाइक्लिंग के लिए उपयुक्त बनाती है। हम यहां की सरकारी नीतियों और पहलों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं। वहीं सिंगापुर की बेली कंपनी के प्रोडक्ट इंजीनियर जेडन लू ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था निवेशकों के लिए बड़ी संभावना पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत में विशाल जनसंख्या और मजबूत स्टार्टअप नींव के चलते निवेशकों के लिए बड़ा अवसर है। मैं भारत में स्टार्टअप्स का उज्जवल भविष्य देखता हूं। कनाडा स्थित केए इमेजिंग के अध्यक्ष और सीईओ अमोल एस कर्णिक ने कहा कि वे भारत में प्रवेश के अवसर तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत में सही साझेदार और निवेशक ढूंढ रहे हैं ताकि अपने काम को तेजी से आगे बढ़ा सकें।

## दफ्तरों में 36005 वर्ग फुट जगह खाली कराई गई वाणिज्य विभाग ने चलाया स्वच्छता से जुड़ा अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य विभाग ने 2 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2025 तक आयोजित स्वच्छता से जुड़े विशेष अभियान 5.0 का सफलतापूर्वक समापन किया। अभियान का मकसद स्वच्छता को बढ़ावा देना, कार्यकुशलता में सुधार लाना और विभाग, उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) व संबद्ध संगठनों में लंबित शिकायतों को दूर करना था। विभाग ने इस पहल के तहत प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, मुद्दों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने और कार्यस्थल प्रबंधन और स्वच्छता मानकों को बढ़ाने की कोशिश की।

विशेष अभियान 5.0 की प्रगति की विभाग के नोडल अधिकारी और उसके क्षेत्र संगठनों द्वारा बारीकी से निगरानी की गई। विभाग और उसके सार्वजनिक उपक्रमों और संगठनों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अभियान की सफलता को आगे बढ़ाने में सहायक रही। मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कुल 277 स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस दौरान ई-कचरे और स्क्रैप के निपटान से लगभग 70 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। ऐसा होने से दफ्तरों में 36,005 वर्ग फुट जगह खाली हुई।

अभियान के दौरान मुंबई में एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीजीसी) मुख्यालय में बड़े पैमाने पर चार्जिंग पॉइंट्स लगाकर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की कोशिश की गई। वहीं रूफटॉप सौर ऊर्जा



प्रणालियों की स्थापना के जरिए कार्बन फुटप्रिंट कम करने की की पहल हुई। हरियाली बढाकर और बेहतर पार्किंग सुविधाओं के साथ कार्यालय परिसर में भी सकारात्मक बदलाव किए गए। मद्रास एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग ज़ोन (एमईपीजेड) परिसर के पास झील का भी पुनरुद्धार किया गया। पहल के दौरान डिजिटलीकरण और रिकॉर्ड प्रबंधन, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ई-कचरे पर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही, बिजली के उपकरणों और लिफ्ट की भी जांच की गई।

# डिजिटल गोल्ड खरीदना सुरक्षित है सेबी ने निवेशकों के लिए जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने शनिवार को निवेशकों को डिजिटल या ई-गोल्ड उत्पादों में निवेश न करने की चेतावनी दी। सेबी ने कहा कि ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नियामक ढांचे से बाहर हैं और इनमें निवेश करना काफी जोखिम भरा है। सेबी की ओर से यह चेतावनी तब आई है जब सेबी ने पाया कि कुछ ऑनलाइन मंच भौतिक सोने में निवेश के आसान विकल्प के रूप में 'डिजिटल गोल्ड' या 'ई-गोल्ड' उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

सेबी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ऐसे डिजिटल गोल्ड उत्पाद सेबी द्वारा विनियमित गोल्ड उत्पादों से अलग हैं, क्योंकि इन्हें न तो प्रतिभूति के रूप में अधिसूचित किया गया है और न ही ये कमोडिटी डेरिवेटिव्स के रूप में विनियमित हैं। ये पूरी तरह से सेबी के अधिकार क्षेत्र से बाहर संचालित होते हैं। सेबी ने आगे

स्पष्ट किया कि विनियमित प्रतिभूतियों पर लागू निवेशक संरक्षण तंत्र ऐसी अनियमित डिजिटल गोल्ड योजनाओं पर लागू नहीं होगा।

बयान में आगे कहा गया, ऐसे डिजिटल गोल्ड उत्पाद निवेशकों के लिए काफी जोखिम पैदा कर सकते हैं और निवेशकों को प्रतिपक्ष और परिचालन जोखिमों के प्रति संवेदनशील बना सकते हैं। सेबी ने स्पष्ट किया कि निवेशक संरक्षण तंत्र जो विनियमित प्रतिभूतियों पर लागू होते हैं, वे इन अनियमित डिजिटल गोल्ड योजनाओं पर लागू नहीं होंगे।

### बताया कहां करें निवेश

नियामक ने कहा कि निवेशक सेबी-विनियमित उत्पादों के माध्यम से सोने में निवेश कर सकते हैं। जैसे म्यूचुअल फंड द्वारा पेश किए जाने वाले गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), एक्सचेंज-ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स और स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेड किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स। सेबी ने यह भी जोड़ा कि इन विनियमित गोल्ड उत्पादों में निवेश पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से किया जा सकता है और ये सेबी द्वारा निर्धारित नियामकीय ढांचे के अंतर्गत आते हैं।

### डिजिटल गोल्ड क्या होता है

*दरअसल, डिजिटल गोल्ड घर बैठे ऑनलाइन सोना खरीदने का एक तरीका है। इसे आप ऐसे भी समझ सकते हैं कि इसे खरीदने के लिए किसी दुकान पर नहीं जाना पड़ता, बल्कि घर बैठे आप इसे अपने मोबाइल से खरीद सकते हैं और अपने एप के वॉलेट में सुरक्षित रख सकते हैं। साथ ही कभी भी जरूरत पड़ने पर अपने हिसाब से इस बेच सकते हैं।*

## खुल गई हर्षवर्धन की किस्मत, एक दीवाने की दीवानियत के बाद मिली इस सुपरहिट फ्रैंचाइजी में एंट्री

अभिनेता हर्षवर्धन राणे, जिनकी हालिया फिल्म एक दीवाने की दीवानियत ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, अब फोर्स फ्रैंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म में एंट्री के बाद हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहम के लिए एक खास बात लिखी है।

हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में आशीर्वाद लेते हुए एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि जॉन अब्राहम ने उन्हें फोर्स फ्रैंचाइजी को आगे ले जाने के लिए चुना है। हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहम और ऊपरवाले का शुक्रिया अदा किया और कहा कि वे शूटिंग शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च 2026 में शुरू होगी।

### मिलाप जावेरी के लिए किया था हालिया पोस्ट

इससे पहले, हर्षवर्धन ने निर्देशक मिलाप जावेरी के साथ फिर से काम करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने दीवानियत बाय मिलाप जावेरी नाम की डायरी के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा कि अगर मिलाप उन्हें नई स्क्रिप्ट ऑफर करते हैं, तो वे बिना सोचे साइन कर लेंगे।

फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के बारे में एक दीवाने की दीवानियत फिल्म देसी मूवीज फैक्टरी के बैनर तले बनी है। इस फिल्म में हर्षवर्धन के साथ सोनम बाजवा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 21 अक्तूबर को दिवाली के मौके पर रिलीज हुई थी। यह एक राजनेता विक्रमादित्य और अभिनेत्री अदा के रिश्ते की कहानी है। फिल्म में शाद रंधावा, सचिन खेडेकर, अनंत नारायण महादेवन और राजेश खेड़ा भी हैं। इसके बाद, हर्षवर्धन ओमंग कुमार की फिल्म सिला में नजर आएंगे, जिसमें सादिया खतीब और खलनायक के रूप में करणवीर मेहरा भी होंगे।

# जन्नत जुबैर ने की ब्यूटी फिल्टर ऐप्स की आलोचना

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोहा अली खान ने हाल ही में अपने पॉडकास्ट शो में टीवी और सोशल मीडिया स्टार जन्नत जुबैर को बुलाया। इस एपिसोड में दोनों अभिनेत्रियों ने हल्की-फुल्की बातों से लेकर कुछ गंभीर विषय, जैसे डिजिटल दुनिया, सोशल मीडिया का दबाव और आज की पीढ़ी पर उसके असर को लेकर अपने-अपने विचार साझा किए। जहां सोहा ने सवाल बड़ी सादगी से पूछे, वहीं जन्नत ने भी समझदारी से उन सवालों का जवाब दिया।

सोहा ने जन्नत से डिजिटल दुनिया से जुड़ा सवाल पूछा कि ऐसा कौन-सा ऐप है जिसे वह चाहेंगी कि यह कभी बना ही न होता। इस पर जन्नत ने बिना किसी झिझक के कहा कि वे चाहेंगी कि रैंडम ब्यूटी फिल्टर ऐप्स कभी न बने होते। उन्होंने बताया, ऐसे ऐप्स युवाओं में अवास्तविक सुंदरता की परिभाषा गढ़ते हैं और यह मानसिक रूप से खतरनाक हो सकता है। आज की युवा पीढ़ी इन फिल्टर्स के चक्कर में खुद की तुलना नकली सुंदरता से करने लगती है, जिससे आत्मविश्वास पर बुरा असर पड़ता है।

जन्नत ने कहा, फोटो को थोड़ा-बहुत एडिट करना बुरा नहीं है। अगर किसी तस्वीर में कोई दाग-धब्बा हो या चेहरा थोड़ा थका हुआ दिखे तो हल्की एडिटिंग की जा सकती है। लेकिन जब लोग अपनी पूरी शक्ल बदल देते हैं, होंठों को बड़ा, आंखों को चमकदार, जबड़े को पतला और चेहरा बिल्कुल अलग बना लेते हैं, तो यह सही नहीं है। ऐसा करने से न केवल झूठी सुंदरता का भ्रम पैदा होता है, बल्कि लोग असलियत से दूर जाने लगते हैं। जन्नत ने उदाहरण देते हुए बताया कि कई बार वह लोगों से मिली हैं, जिनका असली चेहरा और उनके सोशल मीडिया पर डाले गए फोटो में बहुत फर्क था। उन्होंने कहा, इन ऐप्स की वजह से अब तस्वीरों में असली चेहरा पहचानना मुश्किल हो गया है। ऐसे फिल्टर न सिर्फ चेहरे बल्कि शरीर की बनावट तक को बदल देते हैं, कमर पतली, गालों में डिंपल और आंखों में चमक जोड़ देते हैं। यह ट्रेंड वाकई डराने वाला है क्योंकि इससे लोग अपनी वास्तविक पहचान से असंतुष्ट होने लगते हैं।

शो में सोहा ने आगे जन्नत से एक और दिलचस्प सवाल पूछा, 50 मिलियन से ज्यादा लोग आपको सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं, क्या कभी आपको लगातार कंटेंट बनाने का दबाव महसूस होता है? इस सवाल पर जन्नत ने बहुत सहजता से जवाब दिया। उन्होंने कहा, मैं सोशल मीडिया को किसी रणनीति या मजबूरी के तौर पर नहीं लेती। मेरा जब मन करता है, तब ही पोस्ट करती हूं। कई बार ऐसा होता है कि मैं दस दिनों तक कुछ भी पोस्ट नहीं करती, क्योंकि मन ही नहीं होता। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी मानसिक शांति है।

उन्होंने आगे बताया कि सोशल मीडिया पर हमेशा सकारात्मकता नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि कई बार लोग उन्हें या उनके परिवार को ट्रोल करते हैं। उनके करियर को लेकर सवाल उठाते हैं। लेकिन, इसके बावजूद वह कभी खुद पर शक नहीं करतीं। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा पता होता है कि मैं क्या कर रही हूं और क्यों कर रही हूं।

जन्नत जुबैर ने टीवी शो फुलवा से अभिनय सफर की शुरुआत की थी। उसके बाद तू आशिकी जैसे शो में उन्होंने लीड रोल निभाया और दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। धीरे-धीरे उन्होंने फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज की दुनिया में कदम रखा और आज वह भारत की सफल युवा कलाकारों में गिनी जाती हैं।



## अपनी तीन फिल्मों के निर्माण में मेरे अनुभव काफी पीड़ादायक रहे

हाल ही में रिलीज हुई द बंगाल फाइल्स के बहुचर्चित फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने अपनी पिछली तीन फिल्मों के निर्माण के दौरान हुए पीड़ादायक अनुभवों को आज चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को पत्रकारों से रू-ब-रू होते हुए सांझा किया। उन्होंने बताया कि मजे की बात ये है कि फाइल्स-त्रयी ताशकंद फाइल्स, कश्मीर फाइल्स और द बंगाल फाइल्स फिल्मों का विरोध करने वाले ही ये फ़िल्में देखने सबसे पहले पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब वे कुछ समय तक आराम करना चाहते हैं और इसके बाद वे महाभारत पर आधारित थीम पर काम करेंगे। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने बताया कि वे आज अपनी फिल्म द बंगाल फाइल्स की पहली बार ट्राईसिटी चंडीगढ़ में स्क्रीनिंग के लिए आए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान उनके साथ टीम सिने इंडिया से एडवोकेट आरती शर्मा और अनुपिंदर सिंह लाली मुलतानी भी मौजूद रहे। अग्निहोत्री ने कहा कि वे भी चाहते हैं कि पहले की तरह चण्डीगढ़ आकर रोज गार्डन-रॉक गार्डन में घूमे लेकिन वाई श्रेणी के सुरक्षा घेरे की वजह से अब वे कैद में हैं। जीवन जेल जैसा बन गया है, लेकिन भीतर का एक्टिविस्ट जीवित है। वह काम करता रहेगा। वे कुछ देर आराम चाहते हैं व उसके बाद फिर से सक्रियता से काम में जुटेंगे। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से मानसिक थकान और फतवों के अलावा हमलों की पीड़ा झेल रहे हैं, लेकिन भीतर के एक्टिविस्ट ने उन्हें आराम नहीं करने दिया, नतीजन काफी कुछ सहना पड़ा। तरह-तरह की धमकियां मिली जिससे उनकी मानसिक शांति भंग हुई। यहां तक कि उनका दायां कंधा भी एक हमले में टूट गया। यानी शारीरिक और मानसिक दोनों तरह का दर्द झेलना पड़ा, परंतु इससे उनका फिल्म बनाने का जुनून कम नहीं हुआ। इस सबका का असर यह रहा कि यह पीड़ा और विरोध उन पर हावी हो गया और लोगों ने उन्हें अक्सर काले कपड़ों में देखा। आज लंबे अर्से के बाद वे काले कपडे छोड़ सफेद कपड़ों में सबके सामने आए हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी को अपना आदर्श बताया व कहा कि वे श्रीकृष्ण और अष्टावक्र जी की गीता से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस श्रेणी की फिल्में वह बनाते हैं, उन पर काफी रिसर्च होती है। हालांकि लव स्टोरी जैसे विषयों पर फिल्में पलक झलकते हुए भी बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह भी खेल और लव स्टोरी पर आधारित फिल्में बना चुके हैं।

## हूमा कुरैशी ने फिल्म टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स को कहा शानदार और अनोखी कहानी

हूमा ने बताया कि इस भव्य फिल्म का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद खास रहा। उन्होंने कहा, ये बहुत बड़े पैमाने पर बनी फिल्म है और यश जैसे सुपरस्टार और गीता मोहनदास जैसी शानदार निर्देशक के साथ काम करना बहुत प्रेरणादायक अनुभव रहा। दोनों ने मिलकर कुछ इतना खूबसूरत बनाया है जो सच में इंतज़ार के काबिल है। हूमा ने आगे कहा कि वो दक्षिण भारतीय फिल्मों में और काम करना चाहती हैं, लेकिन अभी तक कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं आया जो उन्हें बहुत उत्साहित करे। दिल तो चाहता है दक्षिण में ज्यादा काम करने का, पर अभी तक वैसा धमाकेदार ऑफर नहीं मिला, उन्होंने मुस्कराते हुए कहा। फिल्म टॉक्सिक की रिलीज़ का समय भी बड़ा शानदार है — ये रिलीज़ होगी गुड़ी पड़वा, उगादी और ईद जैसे त्योहारों पर, जिससे टिकट खिड़की पर चार दिन का ज़बरदस्त त्योहारी माहौल बनेगा।

## द गर्लफ्रेंड की स्क्रिप्ट सुनकर रो पड़ी थीं रश्मिका मंदाना

### दीक्षित की तारीफों के बांधे पुल



नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। रश्मिका ने फिल्म में भूमा नाम का किरदार निभाया है, जो उनके लिए बेहद खास है। रश्मिका मंदाना ने फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर अपने दिल की बातें साझा की हैं। उन्होंने बताया कि जब निर्देशक राहुल रविंद्रन ने उन्हें पहली बार इस फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई, तो वह इतनी भावुक हो गईं कि उनकी आंखों में आंसू आ गए। स्क्रिप्ट के कई पल उनके दिल को गहरे छू गए। रश्मिका ने कहा कि ये कहानी और भावनाएं इतनी खास थीं कि उन्हें लगा जैसे वह इन्हें पहले भी महसूस कर चुकी हैं। उन्हें हैरानी हुई कि ये गहरी बातें एक मेल निर्देशक की सोच से आईं, जो आमतौर पर लोग समझ नहीं पाते। रश्मिका ने आगे राहुल से हुई उनकी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि वह उस दिन दो चीजें लेकर लौटीं। पहली ऐसी स्क्रिप्ट, जिसे न पढ़ना गलत होगा और दूसरी जिंदगी भर का दोस्त। आगे रश्मिका ने फिल्म के निर्देशक राहुल रविंद्रन की तारीफ करते हुए कहा कि उनका दुनिया को देखने का नजरिया बहुत खूबसूरत है। वह उनसे मिलकर बहुत खुश और आभारी हैं। उनके जैसे लोग इस दुनिया में और होने चाहिए।

### दीक्षित शेट्टी पर गर्व

रश्मिका ने अभिनेता दीक्षित शेट्टी की तारीफ की और कहा कि यह उनके लिए बस शुरुआत है। उन्होंने विक्रम जैसे चुनौतीपूर्ण किरदार को इतनी जल्दी स्वीकार किया, जिस पर उन्हें गर्व है। रश्मिका ने कहा कि अगर यह फिल्म किसी एक इंसान के दिल को भी छू ले, तो उनकी जीत होगी।

### भूमा किरदार के बारे में

रश्मिका ने बताया कि भूमा उनके लिए बहुत खास है क्योंकि यह किरदार काफी हद तक उनसे मिलता-जुलता है। भूमा को निभाते हुए उन्होंने खुद को बेहतर समझा। राहुल जब कोई सीन समझाते थे, तो वह बिना किसी सवाल के उसे समझ जाती थीं। रश्मिका का दिल प्यार, गर्व और खुशी से भरा है। वह चाहती हैं कि दर्शक भी वही महसूस करें, जो उन्होंने फिल्म बनाते वक्त किया। भूमा उनके लिए बहुत कीमती है, और वह चाहती हैं कि दर्शक उसे प्यार और समर्थन दें। आखिर में रश्मिका ने खुद को भूमा के रूप में साइन ऑफ करते हुए लिखा, कृपया भूमा की रक्षा करें, उसे प्यार दें और उसका साथ दें।



## सबसे बेहतरीन थे चॉल में बिताए वो दिन, अमीर घरों के बच्चे आर्टिस्ट ही नहीं बन पाते

बॉलीवुड की चमक-दमक भरी दुनिया में मानव कौल एक अलग ही रंग भरते हैं। सारी तड़क-भड़क और भीड़-भाड़ से दूर अपनी रचनाधर्मिता में मगन मानव कहते हैं कि कला और किताबों की संगत उन्हें इतनी पसंद है कि किसी और के साथ की चाहत ही नहीं। इन दिनों वह अपनी सुपरनैचरल थ्रिलर फिल्म बारामूला को लेकर चर्चा में हैं।

**बारामूला आपकी जन्मभूमि है, जिसे आपको बचपन में छोड़ना पड़ा। सालों बाद जब आप जवान होकर वहां लौटे तो वो बचपन कहां-कहां दिखा? क्या यादें ताजा हुईं? क्या नए अनुभव जुड़े?**

कश्मीर बहुत ही अद्भुत जगह है कि इतने सालों बाद जाने के बाद भी आपको वो पॉकेट्स दिख जाते हैं कि ये बिल्कुल वैसा का वैसा है जैसा मैंने बचपन में जिया था। जैसे, मेरा जो स्कूल था, उसकी बारामूला में एक नई बिल्डिंग बन गई है, लेकिन बारामूला ख्वाजा बाग में हमारी जो पुरानी बिल्डिंग थी, जो लकड़ी का ढांचा था, वो वैसा ही है तो मैं जब उस स्कूल में गया और जब उन लकड़ी की सीढ़ियों से होता हुआ अपने क्लासरूम में गया तो मुझे बहुत अच्छा लगा कि हर चीज सीमेंट की नहीं हो गई है। इसके अलावा, मुझे कश्मीर की सर्दियां बहुत अच्छा लगती हैं। जब मुझे पता चला कि यह फिल्म हम सर्दियों में माइनस तापमान में शूट करने वाले हैं तो मैं एक्साइटेड हो गया। हमें बहुत बर्फ भी मिली। बर्फ के चक्कर में हमारा शूट भी रुका लेकिन इसे बनाने में बेहद मजा आया।

**आपके जीवन के शुरुआती संघर्षों, जैसे बचपन में कश्मीर से निष्कासन, एमपी के होशंगाबाद में आर्थिक तंगी में बड़े होना, फिर मुंबई की चॉल की जिंदगी, इन सबने आपके भीतर के कलाकार को कितना ठोका-पीटा, तराशा-निखारा?**

मुझे नहीं लगता है कि आपके जीवन या गरीबी से इस पर फर्क पड़ता है। फर्क पड़ता है आपके इंट्रेस्ट से कि आप उस समय कर क्या रहे थे। जैसे, जब मैं चॉल में था तो मेरे हाथ में विनोद कुमार शुक्ल, निर्मल वर्मा की किताबें थीं। वह मेरा एंटरटेनमेंट था। मैंने गोर्की और दोस्तोवस्की और सॉल बेलो जैसे लेखकों को उसी वक्त पढ़ा है जब मेरे पास बहुत वक्त होता था और मैं दीवारें देखने के बजाय किताबें देखता था। मेरा मानना है कि आपके संघर्ष से कुछ नहीं होता। ऐसा होता तो अमीर घरों के बच्चे आर्टिस्ट ही नहीं बन पाते। सत्यजीत रे तो काफी अच्छे परिवार से थे, उन्होंने पाथेर पांचाली कैसे बनाई? तो आप वही करते हैं जिसके लिए एक्साइटेड होते हैं। मैं हमेशा से साहित्य, सिनेमा, पेंटिंग को लेकर बहुत उत्साहित रहता था। मैं इन चीजों के पीछे भागता रहा हूं। आज थोड़े पैसे आ गए हैं तो मैं यूरोप भी जाता हूं तो अमूमन किसी राइटर या पेंटर की ही खोज में रहता हूं कि वे कहां रहते थे, कैसे रहते थे। मैं कभी टूरिस्ट जगहें देखने नहीं जाता। उसमें मेरी कोई रुचि नहीं है।

**अमूमन जो बचपन में तंगी देखते हैं, वे पैसे की अहमियत ज्यादा समझते हैं। जैसे, शाहरुख खान हमेशा पैसे कमाने की सीख देते हैं। आपमें धन का मोह नहीं दिखता। कैसे?**

सच कहूं तो जो जिंदगी मैंने चॉल में बिताई है, वो मेरी जिंदगी के सबसे अच्छे दिन हैं। हम कितना हंसते थे। हंस-हंसकर पागल हो जाते थे क्योंकि खोने के लिए कुछ नहीं था। हमें कुछ भी मिलता था तो हम खुश हो जाते थे कि अरे, ये कैसे मिल गया। हम तो यही सोचकर आए थे कि हम फेलियर ही हैं। तब कहीं अच्छा खाना भी मिल जाए तो ऐसा लगता है कि गुरु आज ये मिल गया, आगे काफी समय तक नहीं मिलेगा तो आप उसको एंजॉय करते हैं। ये नहीं सोचते कि आगे क्या होगा। मैं आज भी चॉल में चला जाऊं और वहां रहने लगूं तो मुझे बहुत मजा आएगा। मतलब, मैं ऐसे मिशन पर थोड़ी निकला हूं कि अमीर होता चला जाऊंगा। मेरा तो बस यही है कि अगला दिन अच्छा बीते और ऐसे ही दिन बीतते जाएं। फिर, अगर आप अपना काम जानते हैं तो पैसा तो आता रहेगा।

**आपने 9 साल में 15 किताबें लिख डाली हैं। इतना कैसे लिख लेते हैं?**

मेरे पास बहुत टाइम है। मेरी सोशल लाइफ जीरो है, मैं साढ़े दस बजे सो जाता हूं। सुबह साढ़े चार-पांच उठता हूं तो उठकर क्या करेगा आदमी। लिखेगा और म्यूजिक सुनेगा। मुझे प्यार है इस जिंदगी से। मुझे एक हद के बाद लोगों से बहुत ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं भी नहीं है।

**आपने अपने लेखन की विरासत तो बहुत विस्तृत कर ली है, मगर कभी परिवार रूपी विरासत को आगे बढ़ाने की चाह नहीं जगी?**

कभी नहीं। इतने इंसान हैं दुनिया में। आपको पता है कि कितने इंसान हैं। कितनी भीड़ है तो मैं क्यों और इसे बढ़ाऊं। मेरा योगदान इस दुनिया में यही है कि मेरे कारण कोई और नहीं आएगा। इसके अलावा मेरा कोई और योगदान नहीं है। मेरी विरासत वगैरह में कोई रुचि नहीं है। ये किताबें वगैरह भी जब तक मैं जिंदा हूं, मुझे अच्छा लग रहा है। मेरे जाने के बाद आप जला दें सबकुछ। आग लगा दो सब चीजों में, मुझे परवाह नहीं है।

# वर्ल्ड कप विजेता शेफाली वर्मा का रोहतक में भव्य स्वागत

## ढोल-नगाड़ों और फूलों से सजी सड़कों पर उमड़े लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाली शेफाली वर्मा रविवार को अपने गृह नगर रोहतक पहुंचीं। महिला विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाली शेफाली वर्मा रविवार को अपने गृह नगर रोहतक पहुंचीं।

यह विश्व कप विजय के बाद उनकी पहली घर वापसी थी। दिल्ली-रोहतक हाईवे पर सांपला के पास रोहद टोल प्लाजा पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार और प्रशासनिक अधिकारियों ने शेफाली का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान शेफाली ने अपनी कार की सनरूफ से बाहर आकर हाथ हिलाते हुए लोगों का अभिवादन किया। चारों ओर भारत माता की जय के नारे गूंजे, लोग तिरंगा लहराते दिखे और देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल उत्साह और गर्व से भर गया।

इसके बाद शेफाली वर्मा सर्किट हाउस पहुंचीं, जहां उनके सम्मान में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

गोल्डस्मिथ एसोसिएशन से जुड़े और परिवार के सदस्य योगेंद्र वर्मा ने कहा, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हरियाणा और रोहतक की बेटी ने देश को विश्व चैंपियन बनाया और अब वह अपने घर लौटी है। पिछला एक साल संघर्षभरा था, मेहनत का फल वर्ल्ड कप में मिलाः शेफाली वर्मा

सम्मान समारोह के दौरान मीडिया से बातचीत में शेफाली ने कहा कि पिछला एक साल उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

उन्होंने कहा, मैंने बहुत संघर्ष किया, लगातार मेहनत की और भगवान ने उसका प्रतिफल दिया। सेमीफाइनल से पहले टीम में शामिल हुई तो एक ही लक्ष्य था–भारत को जीत दिलाना।

उन्होंने कहा कि फाइनल मैच में शुरुआत में थोड़ी घबराहट थी, लेकिन उन्होंने खुद को शांत रखते हुए रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया और उसी के अनुसार प्रदर्शन किया।

शेफाली ने कहा, मुझे सेंचुरी नहीं बनाने का कोई अफसोस नहीं है। वर्ल्ड कप जीतना ही असली लक्ष्य था। जब देश जीतता है, तो व्यक्तिगत उपलब्धि मायने नहीं रखती।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री जी ने करीब दो घंटे हमारे साथ बिताए और हमें प्रेरित किया। यह हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। युवा लड़कियों को संदेश देते हुए शेफाली ने कहा, अपने हुनर पर भरोसा रखें और मेहनत करती रहें।

अगर विश्वास और निरंतर प्रयास हो, तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने बताया कि फाइनल से पहले परिवार ने उनका उत्साह बढ़ाया पापा और परिवार ने मुझे मेरे पुराने प्रदर्शन याद दिलाए, जिससे मुझे आत्मविश्वास मिला।

# लिएंडर पेस अब करेंगे बंगाल टेनिस का नेतृत्व, संघ के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस ने शनिवार को बंगाल टेनिस संघ (बीटीए) के अध्यक्ष पद का कार्यभार औपचारिक रूप से संभाल लिया।

भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस ने शनिवार को बंगाल टेनिस संघ (बीटीए) के अध्यक्ष पद का कार्यभार औपचारिक रूप से संभाल लिया। उन्होंने हिरण्मय चटर्जी का स्थान लिया। बीटीए की वार्षिक आम बैठक के बाद पेस ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। उन्हें पिछले महीने संघ के प्रमुख पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया था। पुरुष और मिश्रित युगल में 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन पेस पहले बीटीए के मानद उपाध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि वे बंगाल टेनिस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आखिरी ओवर में 12 रन नहीं बना सकी वेस्टइंडीज

## न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 में 9 रन से हराया

**कीवी टीम सीरीज में 2-1 से आगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने रविवार को नेल्सन में खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 रन से हरा दिया। कीवी टीम ने इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाए, जिसके जवाब में कैरेबियाई टीम 19.5 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई।

वेस्टइंडीज को आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम यह टारगेट हासिल नहीं कर सकी। अब दोनों टीमें चौथा टी-20 मुकाबला कल यानी 10 नवंबर को नेल्सन में ही खेलेंगी, जहां वेस्टइंडीज सीरीज में बराबरी की कोशिश करेगी।

**कॉन्वे का अर्धशतक-** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी-20 में डेवोन कॉन्वे और टिम रॉबिन्सन ने न्यूजीलैंड के लिए जबरदस्त शुरुआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 47 रन की पार्टनरशिप हुई। हालांकि, रॉबिन्सन 21 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा कॉन्वे ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली।

चौथे नंबर पर बैटिंग करने उतरे डेरिल मिचेल ने भी 24 गेंद में 41 रन की पारी खेली, जबकि रचिन रवींद्र ने 15 गेंद में 26 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्ड और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट झटके। रोमारियो शेफर्ड और शमर स्प्रिंगर को 1-1 मिला।

**ईश सोढी प्लेयर ऑफ द मैच-** 178 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर अमीर जंगू 13 रन के स्कोर पर आउट हो गए। जंगू (5) को जैकब डफी ने बोल्ड कर दिया। दूसरा विकेट 15 रन के स्कोर पर गिरा। शाई होप (1) को ईश सोढ़ी ने आउट किया। इसके बाद एकीम ऑगस्टे और एलिक एथानजे ने पारी को संभालने का काम किया, लेकिन कीवी गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के लिए एक भी पार्टनरशिप को मजबूत नहीं होने दिया। ऐसे में टीम ने 88 रन के स्कोर पर अपने 8 विकेट गंवा दिए।

लेकिन, लोअर ऑर्डर में रोमारियो शेफर्ड ने 49 और शमार स्प्रिंगर ने 20 गेंद में 39 रन की पारी खेलकर मैच को रोमांचक बपना दिया। हालांकि, इसके बावजूद टीम आखिरी ओवर में 12 रन नहीं बनी सकी और मैच 9 रन से हार गई। ईश सोढी ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा डफी ने भी 3 विकेट लिए। इन दोनों के बाद काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल और कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी एक-एक विकेट अपने नाम किए।

**● ईश सोढी ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।**

# इंडोनेशिया की महिला टीम टी-20 विश्व कप में प्रवेश के लिए धर्मशाला में कर रही तैयारी

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड की ठंडी फिजाओं में जून, 2026 में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंडोनेशिया की टीम धर्मशाला में तैयारी कर रही है। महिला क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप में प्रवेश पाने के लिए खूब पसीना बहा रही है। महिला टीम 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करना चाहती है। इसके लिए टीम ने धर्मशाला के ठंडे वातावरण में तीन दिन प्रैक्टिस की है, जबकि सोमवार को इंडोनेशिया की टीम हिमाचल के साथ ऊना में मैच खेलेगी। जानकारी के अनुसार इंडोनेशिया की महिला क्रिकेट टीम हिमाचल की ठंडी वादियों में क्रिकेट की बारीकियां सीख रही है। अगले वर्ष होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड करेगा। इंग्लैंड के क्रिकेट स्टेडियमों की स्थिति ठंडी होती है, क्योंकि वहां का मौसम सामान्यतया ठंडा और नम रहता है। इंग्लैंड की पिचें अक्सर हरी-भरी और स्विंग को बढ़ावा देने वाली होती हैं, जो मौसम के अनुरूप बदलती रहती हैं।

वहीं इन ठंडी पिचों पर खेलने के अभ्यास के लिए इंडोनेशिया की महिला टीम हिमाचल में प्रैक्टिस कर रही है। इंडोनेशिया की 14 सदस्यीय टीम भारत मूल के अपने हेड कोच विकास यादव, इंग्लैंड मूल के कोच एंडी कॉटन की अगवाई में धर्मशाला पहुंची है। महिला टीम एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही है। टीम रविवार को भी स्टेडियम में नैट पर प्रैक्टिस करेगी।

### ● कोच एंडी कॉटन ने की धर्मशाला स्टेडियम की तारीफ

इंडोनेशिया की टीम के कोच एंडी कॉटन ने धर्मशाला स्टेडियम की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि वह इंग्लैंड से संबंध रखते हैं। ऐसे में धर्मशाला और इंग्लैंड के मौसम में कुछ ज्यादा अंतर नहीं है। उनकी टीम का प्रयास रहेगा कि वह अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करे। कोच ने बताया कि धर्मशाला आने का उनका मकसद यहां की ठंडी पिचों पर प्रैक्टिस करना है। इसके अलावा एचपीसीए की ओर से महिला टीम के साथ कुछ मैच भी रखे हैं, जिसका वह फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी जितना अन्य टीमों के साथ खेलेंगे, उनके प्रदर्शन में उतना ही सुधार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि धर्मशाला में खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे अभ्यास से इंग्लैंड की स्विंग करती हुई पिचों पर खेलने में मदद करेगी।

**आरसीबी की नई**

# असिस्टेंट कोच होंगी अन्या श्रुबसोल

## फ्रेंचाइजी ने कर दी पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर अन्या श्रुबसोल को असिस्टेंट कोच नियुक्त करने की पुष्टि की है। वनडे वर्ल्ड कप 2017 की विजेता पहली बार विमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में आरसीबी के सेटअप का हिस्सा होंगी। अन्या श्रुबसोल अब मलोलन रंगराजन के साथ जिम्मेदारी संभालेंगी, जिन्हें आगामी सीजन के लिए हेड कोच के रूप में पदोन्नत किया गया है। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा करते हुए लिखा, एक चैंपियन, अब हमारी लड़कियों का मार्गदर्शन करने के लिए आगे आ रही हैं। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज, 2017 महिला विश्व कप विजेता और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहीं अन्या श्रुबसोल का डब्लूपीएल में आरसीबी के असिस्टेंट कोच के रूप में स्वागत करने में हमारे साथ शामिल हों। अन्या का अनुभव और चैंपियन मानसिकता आरसीबी के प्लेबोल्ड दर्शन को आगे ले जाएगी। श्रुबसोल साल 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले चुकी हैं। उनके नाम 200 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। श्रुबसोल ने अब अपना ध्यान कोचिंग पर केंद्रित कर लिया है। वह इंग्लिश घरेलू सर्किट में सदर्न वाइपर्स में चार्लोट एडवर्ड्स के अधीन प्लेयर-असिस्टेंट कोच के रूप में काम कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि यह बदलाव 2024 और 2025 के अभियानों के दौरान आरसीबी के हेड कोच रहे ल्यूक विलियम्स के बिग बैश लीग (बीबीएल) में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण सीजन से बाहर होने के बाद हुए हैं। आरसीबी ने इस सप्ताह की शुरुआत में डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी से पहले स्मृति मंधाना, ऋचा घोष, एलिस पेरी और श्रेयंका पाटिल को टीम में बनाए रखने की घोषणा की है। डब्ल्यूपीएल 2024 में आरसीबी को जीत दिलाने वालीं कप्तान स्मृति मंधाना अपनी भूमिका जारी रखेंगी। उन्हें 3.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज घोष ने भी 2.75 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी के साथ फिर से करार किया है। एलिस पेरी 2 करोड़ रुपये में आरसीबी के साथ बनी रहेंगी, जबकि स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को 60 लाख रुपये में रिटेन किया गया है।

# जोकोविच ने फैंस को चौंकाया, एटीपी फाइनल्स से नाम लिया वापस

**एथेंस, एजेंसी।** स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एथेंस में शानदार जीत दर्ज करने के कुछ घंटों बाद ही एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेने का ऐलान करते हुए फैंस को चौंका दिया। नोवाक जोकोविच ने हेलेनिक चैंपियनशिप में खिताब जीता। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने करीब 3 घंटों तक चले फाइनल में लोरेंजो मुसेट्टी को 4-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। इस दौरान निर्णायक सेट में 13 ब्रेक प्वाइंट और पांच बार सर्विस ब्रेक शामिल थे।

मुसेट्टी को एटीपी टूर फाइनल में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने साल 2022 में हैम्बर्ग और नेपल्स में अपने पहले दो खिताब जीते थे। जीत के बाद जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा, मुझे दुख है कि चोट की वजह से एटीपी फाइनल्स से हटना पड़ रहा है। मुझे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। मैं उन फैंस से माफी चाहता हूं, जो मुझे खेलते हुए देखने की उम्मीद कर रहे थे। आपका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

इस फैसले के बाद मुसेट्टी अब उनकी जगह ट्यूरिन में खेले जाने वाले एटीपी फाइनल्स में शामिल होंगे। इससे पहले साल 2024 में भी जोकोविच चोटिल होने की वजह से यह टूर्नामेंट मिस कर चुके हैं। हार्ड कोर्ट पर अपने 72वें टूर-स्तरीय खिताब के साथ जोकोविच ने ओपन एरा में सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है।

जीत के बाद नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं यह जीत ग्रीस के लोगों को समर्पित करता हूं। आप मेरा समर्थन करते हैं। आप टेनिस का समर्थन करते हैं। आपने मुझे घर जैसा महसूस कराया है। यह जीत यहां इतने सारे परिवारों के साथ और भी खास लगती है।

इस खूबसूरत टूर्नामेंट को इतना खास बनाने वाले सभी लोगों का भी बहुत-बहुत आभार।

जोकोविच ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मुसेट्टी, क्या शानदार मुकाबला था। अविश्वसनीय प्रदर्शन और टूर्नामेंट के लिए बधाई। इसे जारी रखो, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है।

# वैभव सूर्यवंशी-प्रियांश आर्या ओपनर नेहल वढेरा-नमन धीर को भी मौका

**एशिया कप के लिए इंडिया ए की बेस्ट प्लेइंग इलेवन**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राइजिंग स्टार्स एशिया कप का आयोजन 14 नवंबर से 23 नवंबर तक दोहा में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के सभी मैच वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान 5 नवंबर को ही कर दिया था। इस बार इंडिया को ग्रुप बी में ओमान, यूएई और पाकिस्तान ए के साथ रखा गया है।

**राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए इंडिया ए की बेस्ट प्लेइंग इलेवन-** भारत को लीग स्टेज में अपना पहला मैच 14 नवंबर को यूएई के साथ खेलना है और इसके बाद दूसरा मैच पाकिस्तान ए के खिलाफ 16 नवंबर को खेलना है और फिर आखिरी लीग मैच ओमान के खिलाफ 18 नवंबर को खेलना है। इस टूर्नामेंट के लिए एक बेहद मजबूत इंडिया ए टीम का चयन किया गया है जिसमें एक से बढ़कर एक स्टार प्लेयर्स मौजूद हैं।

इस एशिया कप के लिए इंडिया को बेहद मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

# विश्व चैंपियन डी गुकेश फिडे विश्व कप से बाहर, जर्मनी के फ्रेडरिक स्वेन ने हराया

**पणजी, एजेंसी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश शनिवार को फिडे विश्व कप के तीसरे दौर में जर्मनी के फ्रेडरिक स्वेन से हारकर बाहर हो गए। भारत के शतरंज प्रेमियों के लिए गुकेश का तीसरे दौर से ही बाहर होना चौंकाने वाला है। गुकेश तीसरे दौर की दूसरी बाजी सामान्य समय नियंत्रण में फ्रेडरिक स्वेन से हार गए। गुकेश ने स्थिति का आकलन करने में गलती की। स्वेन ने अंतिम खेल में अपने बेदाग कौशल का प्रदर्शन करके इतिहास रच दिया। अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानंदा अंतिम-32 चरण में जगह बनाने में सफल रहे।

एरिगैसी और प्रज्ञानंदा ने क्रमशः उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव और आर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान को हराकर अंतिम-32 में जगह बनाई। एरिगैसी के लिए अगले दौर में पहुंचने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी, जबकि प्रज्ञानंदा ने शुक्रवार को पहला मैच ड्रॉ खेलने के बाद शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की।

ग्रैंडमास्टर पी. हरिकृष्णा और वी. प्रणव ने भी अंतिम-32 चरण में जगह बनाई। उन्होंने बेल्जियम के डैनियल दर्धा और लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस को समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया। हरिकृष्णा कट बनाने वाले पहले भारतीय थे। वह सफेद मोहरों से कुछ नहीं कर पाए थे, और भारतीय के खिलाफ पहली बाजी हार निर्णायक साबित हुई। प्रणव ने शुक्रवार को सफेद मोहरों से पहली बाजी जीतने के बाद काले मोहरों से बाजी ड्रॉ कर ली। स्ट्रेमाविसियस ने प्रणव की रक्षापंक्ति को भेदने की भरपूर कोशिश की, लेकिन प्रणव ने रूक-एंड-पॉन्स एंडगेम में खेल को ड्रॉ पर ला दिया।

दिप्तयान घोष अर्मेनियाई गैब्रियल सर्गिसियन के खिलाफ हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पहले गेम में सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ हासिल करने के बाद, दिप्तयान, जिन्होंने पिछले राउंड में रूस के इयान नेपोमनियाची को हराया था, दूसरे गेम में अपनी लय नहीं पकड़ पाए और 0.5-1.5 से हार गए।

शनिवार का दिन डी गुकेश के बाहर होने की वजह से चौंकाने वाला रहा। भारतीय दल को विश्व कप में गुकेश से बड़ी उम्मीद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### नशे में धुत लोगों को क्लब-पब वाले पहुंचाएंगे घर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओपी सिंह ने निर्देश दिया कि गुरुग्राम के क्लबों, पबों और आहते से शराब पीकर बाहर निकलने वाले व्यक्ति को उसकी कार चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्लब संचालकों को ऐसे ग्राहकों को रात में उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए कैब (टैक्सी) की सुविधा मुहैया करानी होगी। डीजीपी ओपी सिंह ने गुरुग्राम में कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर शनिवार को कई महत्वपूर्ण और सख्त निर्देश जारी किए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर रोक के लिए पुलिस और क्लब संचालकों को मिलकर एक नई व्यवस्था बनानी होगी। कैब से घर पहुंचाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए गुरुग्राम के 450 से अधिक क्लबों, आहते और पब को पुलिस द्वारा 168 बीएनएस के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा क्लब में पार्टी के लिए आने वाले लोगों के समूह में से कम से कम एक व्यक्ति को शराब नहीं परोसने का नियम भी सख्ती से लागू करने को कहा गया है, ताकि वह व्यक्ति डेजिग्नेटेड ड्राइवर की भूमिका निभा सके। डीजीपी ने गुरुग्राम के डीसीपी ट्रैफिक को निर्देश दिए कि वे शहर में यातायात जाम की दिक्कतों को तुरंत दूर करें और ट्रैफिक प्रबंधन को मजबूत करें। उन्होंने बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर साइनेज बोर्ड (दिशा-निर्देश बोर्ड) लगाने के भी निर्देश दिए। जागरूकता के लिए भी हिंदी में शहर के अंदर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि बिना किसी ठोस कारण या पूर्व सूचना के सड़कों पर वाहनों की जांच के लिए नाके (चेकपोस्ट) नहीं लगाए जाएं। पुलिस सभी से प्लीज,नमस्ते और थैंक्यू कहकर बात करना होगा। डीजीपी ने कहा कि सभी डीसीपी को अपने अधिकार क्षेत्र में जो अपराधी बेल पर हैं, उनकी लगातार निगरानी रखनी होगी। गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालें। डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्तों के खिलाफ तत्परता से कार्यवाही की जाए और वांछितों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए डीजीपी ने कहा कि प्रत्येक एसएचओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे 20 नवंबर तक अपने क्षेत्र के पांच मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करें और उनकी गिरफ्तारी रिपोर्ट मुख्यालय को सुनिश्चित करें। डीजीपी ने अपराधों की त्वरित जांच और रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीकों के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। उन्होंने सीसीटीवी नेटवर्क, साइबर मॉनिटरिंग जैसी तकनीकों का प्रभावी ढ़ग से इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

### अरावली पहाड़ियों के साथ ऐसा क्या होगा? एक्सपर्ट्स जता रहे चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा सरकार के खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा में संशोधन किया है। पर्यावरणविदों का कहना है कि इस महत्त्वपूर्ण संशोधन से पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण पर गहरा संकट मंडरा रहा है। जारी नए आदेशों के तहत, अरावली क्षेत्र को कानूनी रूप से सीमित कर दिया गया है। अब केवल वही पहाड़ियां अरावली मानी जाएंगी जो आसपास की भूमि से 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली हों और कम से कम एक अरब वर्ष (एक हजार मिलियन वर्ष) पुरानी चट्टानों (जैसे अरावली सुपरग्रुप और दिल्ली सुपरग्रुप से बनी हों। चार अक्तूबर को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की तकनीकी सलाह के बाद इस परिभाषा को अंतिम रूप दिया गया है। इसको लेकर वन्य जीव विभाग और वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में उनकी तरफ से कोई भी सलाह नहीं ली गई है। इस नई नियमावली के लागू होने से अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण पर कई गंभीर और नकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे। और नूंह जैसे क्षेत्रों में, अरावली की पहाड़ियां अक्सर निचली ऊंचाई की होती हैं और 100 मीटर की नई सीमा तक नहीं पहुंच पाती हैं। इन कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों के कानूनी परिभाषा से बाहर होते ही इन पर लागू होने वाले सभी संरक्षण कानून और नियम अपने आप ही समाप्त हो जाएंगे। पूर्व वन संरक्षक एमडी सिन्हा के अनुसार संरक्षण की आवश्यकता चट्टानों की आयु को नहीं।

# दिल्ली में नवंबर में वायु गुणवत्ता 2024 की तुलना में बेहतर

## ग्रैप-3 से बचने के प्रयास जारी: डीपीसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) के अनुसार इस साल नवंबर में अधिकतर दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में बेहतर रही। डीपीसीसी ने कहा कि राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के स्पष्ट परिणाम दिखने लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अब तक प्रदूषण के उस स्तर तक पहुंचने से बची हुई है जिसके कारण 2023 में लगभग इसी समय ग्रैप के तीसरे चरण को लागू करना पड़ा था। डीपीसीसी के एक अधिकारी ने शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ''पिछले सात दिन में से छह दिन में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। यह सभी विभागों द्वारा समय पर और समन्वित कार्रवाई के कारण संभव हुआ है।'' डीपीसीसी अध्यक्ष संदीप कुमार और सदस्य सचिव संदीप मिश्रा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में इस बात को रेखांकित किया गया कि पिछले सात दिन में से छह दिन दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 2024 में इसी अवधि में दर्ज संख्या से कम रहा। प्रेस वार्ता के दौरान साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 1 नवंबर को एक्यूआई 303 (2024 में 339), 3 नवंबर को 309 (2024 में 382), 4 नवंबर को 291 (2024 में 381), 5 नवंबर को 202 (2024 में 373), 6 नवंबर को 311 (2024 में 352) और 7 नवंबर को 322 (2024 में 377) था। आंकड़ों में हेराफेरी की चिंताओं का समाधान करते हुए, अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि वायु गुणवत्ता निगरानी पारदर्शी और सार्वजनिक रूप से सुलभ बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्रवाई आंकड़ों पर आधारित होती हैं और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। उन्होंने राजधानी की वायु गुणवत्ता और चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की और यह पाया कि इस नवंबर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में तुलनात्मक रूप से बेहतर रहा है।

**पिछले साल 13 नवंबर से लागू किए गए थे ग्रैप-3 के प्रतिबंध:** अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 13 नवंबर से ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू किए गए थे, जबकि उसके विपरीत इस साल प्रदूषण नियंत्रण कार्रवाई सक्रियता से शुरू हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि कई एजेंसियों को धूल और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ बायोमास जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन के खिलाफ सख्त नियम लागू करने के निर्देश मिले हैं। सड़कों की मशीनों से सफाई और पानी के छिड़काव को तेज कर दिया गया है। विभिन्न नगर निकायों द्वारा वर्तमान में 100 से ज्यादा मशीनों का परिचालन किया जा रहा है। गड्ढों की मरम्मत की जा रही है, लैंडफिल स्थलों का प्रबंधन किया जा रहा है और कई जगहों पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। परिवहन विभाग को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की और अधिक जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तराखंड के 25वें स्थापना दिवस पर मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कांग्रेसी नेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड के 25वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य का हर व्यक्ति देश के विकास में अपना निरंतर योगदान देता रहे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ÷प्राकृतिक संपदा और अद्भुत नैसर्गिक सौंदर्य से संपन्न उत्तराखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई। हिमालय की गोद में बसी देवभूमि उत्तराखंड अपनी संस्कृति, परंपरा और सौंदर्य से भारत की पहचान को और भी समृद्ध बनाता है। हमारी कामना है कि उत्तराखंड का हर नागरिक समृद्धि, शांति और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहे और देश के विकास में अपना निरंतर योगदान देता रहे।÷ कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷देवभूमि उत्तराखंड वासियों को उत्तराखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। कांग्रेस परिवार ईश्वर से सभी प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना करता है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷हम समस्त उत्तराखंड वासियों के जीवन में एक अत्यधिक महत्वपूर्ण दिन है, जब हम राज्य के रूप में अस्तित्व में आए। एक लंबे संघर्ष, जिसमें हमने बहुत सारे अपनों को खोया, बहुत सारे घाव लगे, बहुत सारी चुनौतियां सामने आई, मगर लोग अडिग रहें। अनंतोगत्वा देश में एक सहमति बनी कि अब उत्तराखंड राज्य बनना चाहिए। इसलिए यह दिन हमारे लिए बड़ी आकांक्षाओं और उम्मीदों का दिन भी है। एक ऐसे संकल्प का दिन है जिस दिन हम अपने उन भाई-बहनों जिनके पास साधन और सामर्थ्य नहीं है, उनको भी राज्य की विकास की मुख्यधारा में लाए।

# एमसीडी ने मिनी फूड वैन पॉलिसी में किया बदलाव, मॉडिफाइड ई-रिक्शा कार्ट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के गली-मोहल्लों मे जल्द ही एक समान आकार वाली मिनी फूड वैन घूमती नजर आएंगी। दिल्ली नगर निगम अपनी फूड वैन पॉलिसी को फिर से शुरू करने जा रहा है। इस पॉलिसी के तहत ई-रिक्शा को मॉडिफाई कर एक ही साइज की मिनी फूड वैन चलाई जाएंगी। इन ई-कार्ट्स को सिर्फ पैकेट वाला और पहले से पके हुए खाने का सामान बेचने की इजाजत होगी। साथ ही खाना गर्म करने का भी इंतजाम होगा। फिलहाल एमसीडी का हर वार्ड में पांच वैन को इजाजत का प्लान है और हर वैन को एक जगह पर 30 मिनट से अधिक रुकने की इजाजत नहीं होगी।

एमसीडी के एक अधिकारी ने कहा कि ये मिनी फूड वैन बाजार के इलाकों या मेन सड़कों पर भीड़भाड़ नहीं करेंगी क्योंकि इनकी एंट्री नॉन-कॉमर्शियल और रिहायशी गलियों तक ही सीमित होगी। इसका मकसद यह है कि कॉमर्शियल मार्केटों में अफरा-तफरी बढ़ाए बिना हाइजीनिक खाना, फल और सब्जियां आसानी से मिल सकें। एमसीडी इन फूड वैन के लिए ऑपरेशनल जोन तय करेगी ताकि भीड़भाड़ या डुप्लीकेशन से बचा जा सके। इनके ऑपरेटर उसी वार्ड या एमसीडी जोन के रहने वाले होने चाहिए जहां वे काम करना चाहते हैं। इसके लिए आवेदकों को एमसीडी के हेल्थ डिपार्टमेंट से लाइसेंस लेना होगा और अभी जो डिटेल्ड गाइडलाइंस बन रही हैं, उनका पालन भी करना होगा।

यह कॉन्सेप्ट सबसे पहले 2021 में पुराने नॉर्थ एमसीडी में शुरू किया गया था। हालांकि मई 2022 से तीनों निगमों के फिर से एक होने के बाद इसका इम्प्लीमेंटेशन रुक गया था। सिटी-सदर पहाड़गंज जोन में पायलट फेज के तहत सिर्फ 30 लाइसेंस जारी किए गए थे, जिसमें ऑपरेटरों ने 25,000 रुपये की सालाना हेल्थ ट्रेड लाइसेंस फीस और 10,000 रुपये की वन टाइम रजिस्ट्रेशन फीस दी थी। अधिकारियों ने कहा कि इसका मकसद सिर्फ हाइजीनिक खाना बेचना ही नहीं था, बल्कि रोजगार पैदा करना और सड़कों पर अवैध वेंडिंग को भी रोकना था। एमसीडी का अनुमान है कि अगर नई पॉलिसी 1,000 से ज्यादा फूड वैन आवेदनों को मंजूरी देती है। तो इससे काफी लोकल रोजगार पैदा हो सकता है। पहले के नियम के तहत फूड वैन को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक चलाने की इजाजत थी और लाइसेंस लेने वालों को पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड बनाए रखने के लिए टाइफाइड का टीका लगवाना और रेगुलर मेडिकल चेक-अप करवाना जरूरी था। अधिकारी ने कहा कि नई ई-कार्ट्स का डिजाइन एक जैसा होगा, हालांकि ऑपरेटर रंग और ब्रांडिंग को अपनी पसंद के हिसाब से बदल सकते हैं। खाने को धूल और मक्खियों से बचाने के लिए उन्हें पूरी तरह से ढका होना रखना होगा और कचरे को ठीक से फेंकने के लिए उनमें कूड़ेदान भी रखने होंगे।

# सावधान! मौसम ने तेजी से ली करवट, और ज्यादा गिरने वाला है तापमान; बारिश का भी अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम इन दिनों तेजी से करवट ले रहा है। आईएमडी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से केरल तक एक ट्रफ रेखा निचले क्षोभमंडल में फैली हुई है, जो तमिलनाडु से गुजर रही है। उत्तर भारत में पंजाब और आसपास के इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती सर्कुलेशन के रूप में मौजूद है। इसके प्रभाव से आगामी दिनों में तमिलनाडु में 9 नवंबर से 13 नवंबर को हल्की से मध्यम बारिश होगी। कई जगहों पर गरज के साथ बौछारें और कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। केरल में रविवार को इसी तरह का मौसम रहेगा। केरल-माहे में 10 नवंबर तक गरज के साथ बिजली चमकने की आशंका है।

पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 9 से 10 नवंबर तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। रात का तापमान राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में 10 डिग्री सेल्सियस से कम और सामान्य से

4-7 डिग्री कम बना हुआ है। दिल्ली, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी रात का तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम है। अगले 6-7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में रात का तापमान सामान्य से 2-5 डिग्री कम रहने का अनुमान है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट संभव है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पारा गिरने से सर्दी का असर महसूस किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और यह इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। रात का न्यूनतम तापमान मौसम के सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। अधिकारियों ने ठंड का कारण पश्चिमी हिमालय में ताजा हिमपात के बाद दिल्ली में चल रही ठंडी हवाओं को बताया। साथ ही रात में आसमान साफ रहने के कारण रेडिएशन कूलिंग में वृद्धि हुई। मौसम विभाग ने रविवार को हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

बंगाल में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री तक गिरा

अगले चार दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी, क्योंकि सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आईएमडी ने कहा कि रविवार को सुबह के समय पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी जिलों में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहेगा। अगले सात दिनों तक राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में अगले तीन दिनों तक कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने का अनुमान है। कोलकाता में न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 6.7 तीव्रता भूकंप के झटकों से दहला जापान, इवाते में सुनामी अलर्ट जारी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के उत्तर-पूर्वी इलाके में शनिवार शाम 6.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद अधिकारियों ने इवाते प्रीफेक्चर के तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, यह भूकंप शाम 5 बजे के बाद इवाते के तट से दूर समुद्र में आया। झटके इवाते और पड़ोसी मियागी प्रीफेक्चर में तेजी से महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता जापान के 0 से 7 के भूकंपीय पैमाने पर 4 दर्ज की गई। अधिकारियों ने तटीय इलाकों के लोगों से समुद्र तट से दूर रहने और ऊँचाई वाले स्थानों पर जाने की अपील की है। अभी तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन प्रशासन समुद्र के जलस्तर और आफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद आने वाले झटकों) पर नजर बनाए हुए है। ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है, और स्थानीय प्रशासन ने अपने आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र सक्रिय कर दिए हैं ताकि हालात का आकलन किया जा सके। जापान, जो प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है, अक्सर भूकंप और सुनामी का सामना करता है। इस भूकंप ने लोगों को 2011 के भयानक पूर्वी जापान भूकंप और सुनामी की याद दिला दी, जिसने भारी तबाही मचाई थी और फुकुशिमा परमाणु संकट को जन्म दिया था।

# पुर्तगाल में मजदूरों का प्रदर्शन, नई श्रम नीतियों के खिलाफ सड़कों पर हजारों लोग

**लिस्बन, एजेंसी।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन की सड़कों पर शनिवार को हजारों लोग उतर आए। ये सभी केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार की नई श्रम सुधार नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह विरोध देश के प्रमुख मजदूर संघ द्वारा आयोजित किया गया था, जिसने सरकार से इन प्रस्तावित सुधारों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि ये नीतियां कामगारों के अधिकारों को कमजोर करेंगी और उनके रोजगार को असुरक्षित बनाएंगी।

**न्यूनतम वेतन समेत कई मांग:** सरकार के प्रस्तावित कानूनों में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया आसान करने की बात कही गई है। वहीं, स्तनपान कराने वाली

महिलाओं के लिए लचीले कार्य समय की अवधि घटाने और गर्भपात के बाद शोक अवकाश कम करने जैसे प्रावधानों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। इस समय पुर्तगाल में न्यूनतम वेतन 870 यूरो (लगभग ?90,000 प्रति माह) है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इसे 2026 तक बढ़ाकर 1,050 यूरो (लगभग 1.08 लाख) किया जाए।

### 11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की चेतावनी

प्रधानमंत्री लुईस मोंटेनेग्रो की अगुवाई वाली डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार का कहना है कि ये सुधार देश की उत्पादकता और रोजगार बाजार की लचीलापन बढ़ाने के लिए जरूरी हैं। हालांकि, विरोधियों का कहना है कि ये सुधार सिर्फ कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगे और कामगारों की सुरक्षा को कम करेंगे। प्रदर्शन आयोजकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने ये प्रस्ताव नहीं हटाए, तो 11 दिसंबर को पूरे देश में आम हड़ताल की जाएगी।

### महिला वकील से रेप में सीनियर एडवोकेट की अग्रिम जमानत रद्द, हाईकोर्ट ने 2 जजों की जांच के भी दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दो जजों के खिलाफ प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। दोनों जजों पर एक महिला वकील द्वारा 51 वर्षीय एक सीनियर वकील पर दर्ज कराए गए रेप केस में अपने आरोप वापस लेने का दबाव डालने का आरोप है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी वकील की अग्रिम जमानत रद्द कर दी और कहा कि जमानत रद्द करने का एक मुख्य आधार कानूनी प्रक्रिया में दखल देना है। जस्टिस अमित महाजन ने अपने आदेश में कहा कि मामले में दोनों पक्षों ने 'न्याय का पूरी तरह से मजाक' उड़ाया है। जस्टिस महाजन ने कहा, इस मामले में सामने आई परिस्थितियां इतने ज्यादा गंभीर हैं कि उन्होंने इस कोर्ट की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। इससे साफ पता चलता है कि न्याय के काम में दखलअंदाजी की गई है, जिसके चलते रेस्पोंडेंट नंबर 2 (आरोपी) को दी गई आजादी में दखल देना जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामले में जजों की संलिप्तता से वह हैरान है।

# लाहौर में प्रदूषण पर सरकार सख्त, 24 घंटे में दर्ज हुए 51 मामले

## करोड़ों का जुर्माना लगाया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के लाहौर में प्रदूषण के कारण लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। धुंध ने पूरे शहर को अपनी जद में ले लिया है, जिससे दृश्यता न के बराबर हो गई है। लाहौर में हवा के बढ़ते संकट को देखते हुए पंजाब सरकार ने पर्यावरण कानून को सख्ती से लागू किया है।

पाकिस्तान की पंजाब पुलिस ने पिछले 24 घंटे में 51 मामले दर्ज किया है। सभी मामले पर्यावरण कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। यही नहीं, लाहौर से और भी कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर समेत आसपास के जिलों में पिछले 24 घंटों के भीतर कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। साथ ही पर्यावरणीय उल्लंघन के लिए 491 लोगों पर 10 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, 38 लोगों को पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी है।

पंजाब पुलिस के प्रवक्ता का कहना है कि वायु प्रदूषण के बावजूद पिछले कुछ घंटों में सड़कों पर 209 धुआं छोड़ने वाली गाड़ियो को रफ्तार भरते देखा गया है। इसके अलावा फसल के अवशेष जलाने के 101 और ईंट के भट्ठे में उल्लंघन के 7 मामले सामने आए हैं।

लाहौर में खराब हवा को नियंत्रण करने की सारी कोशिशें फेल होती

दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने इस साल कुल 2,275 मामले दर्ज किए हैं। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने के कारण 2,027 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही 87,780 लोगों पर 227.1 मिलियन का जुर्माना भी लगाया जा चुका है।

**आईजी ने दिए निर्देश:** लाहौर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए आईजी डॉक्टर उसमान अनवर ने जीरो टॉलरेंस पॉलिसी लागू करने का आदेश दिया है। प्रशासन ने एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स) तैयार किया है। खासकर हाईवे, औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि भूमि समेत कम वायु गुणवत्ता वाले इलाकों में एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

# अपने-अपने दायित्वों का करें संपूर्ण निर्वहन : उपायुक्त

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस के सफल आयोजन को ऑनलाइन बैठक आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 25वां झारखंड राज्य स्थापना दिवस, 2025 के सफल आयोजन के संदर्भ में आज उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में ऑनलाइन (वर्चुअल) बैठक आयोजित की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह नजारत उप समाहर्ता प्रभास दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी मो शफीक आलम सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों ने भाग लिया। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के निमित्त आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### अपने-अपने दायित्वों का करें संपूर्ण निर्वहन

उपायुक्त अजय नाथ झा ने निर्देशित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस का आयोजन गरिमामयी एवं व्यापक स्तर पर सुनिश्चित किया जाना है। इसमें सभी विभागों के पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का संपूर्ण निर्वहन करें। उन्होंने बताया की तिथिवार इसमें अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे , जिसमें 11 नवंबर को जहां रन फॉर झारखंड का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 12 नवंबर को मेरा झारखंड मेरा गौरव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 12 नवंबर को ही स्ट्रीट डांस का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें खेल विभाग को नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। 13 नवंबर को जल छाजन पर सभी प्रखंडों में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 14 नवंबर को जतरा यात्रा का आयोजन पेटरवार प्रखंड मुख्यालय में किया जाएगा। इस प्रकार विभिन्न कार्यक्रम झारखंड स्थापना दिवस के संदर्भ में जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने सभी पदाधिकारियो को आपसी समन्वय के साथ बेहतर तरीके से इस महा आयोजन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, अंचल स्तरीय पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# दो बच्चों को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर किराना दुकान में घुसा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 11सी स्थित धंडबारा मोड़ के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े दो बच्चों को जोरदार धक्का मार दिया। इसके बाद ट्रैक्टर एक किराना दुकान में घुस गया। हादसे में दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल भेजा गया। उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। उधर किराना दुकान की भी काफी नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर रेलवे फाटक की ओर से टेम्पो स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चालक शराब के नशे में था। इस घटना के बाद लोगों ने क्षेत्र में बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की। ड्राइवर से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने शराब पी रखी थी और ब्रेक फेल होने के कारण हादसा हुआ। हरला थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोग प्रशासन और पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर हीरापुर में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के निर्देश पर हीरापुर के हरि मंदिर व बरमसिया खटाल में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिसमें पीएलवी के पूजा झा, पूनम कुमारी, योगेश

शर्मा,अरविंद प्रसाद और अजित कुमार दास द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक निशुल्क, सरल और सहज कानूनी सहायता पहुचाना है, ताकि कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहे। पूजा झा एवं पूनम कुमारी ने लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, संवैधानिक प्रावधानों, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। शिविर में महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार, बाल विवाह उन्मूलन तथा शिक्षा के अधिकार जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, ग्रामीणों को नजदीकी विधिक सहायता केंद्रों से जुड़कर अपने मुद्दों के समाधान के लिए निःशुल्क सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

### धनबाद जिला द्वितीय वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** द्वितीय धनबाद जिला वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप का व्यायाम शाला हरि मंदिर क्लब में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन धनबाद जिला वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कल 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता

श्री संजय झा और मिल्टन पार्षद थी द्वारा प्रतियोगिता का विद्वत उद्घाटन की गई इस उद्घाटन सत्र में जिला संघ के अध्यक्ष आशुतोष दत्त पांडे करकारी अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद अभिषेक पांडे दीपक कुमार आईटी आईएसएम के प्रशिक्षक और कई गण्यमन लोग उपस्थित रहे पदक जीतने वाले खिलाड़ी को जिला अध्यक्ष आशुतोष दत्त पांडे द्वारा सम्मानित की गई । स्वर्ण पदक अंकुश राज ,सत्यम कुमार गुप्ता, अब्बास सैयद, जतिन तनवीर, सिंटू कुमार, ओमप्रकाश, शर्मिष्ठा गर्ग, कनिष्क जैन ,वालिनी ,अन्वी कुमारी ,रजत पदक वर्मा आशु, सौरभ कुमार, रोहित कुमार सिंह ,प्रकाश कुमार कांस्य पदक संदीप कुमार दास, मोहम्मद रिजवान, अमित कुमार महतो प्रतियोगिता के समापन समारोह झारखंड राज्य वेटलिफ्टिंग संघ के महासचिव निशिकांत पाठक जी द्वारा व्हाट्सएप पर सभी खिलाड़ियों को संबोधित की गई संबोधित किया गया और उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने के अवसर पर बधाई दी इसकी जानकारी जिला संघ के महासचिव विश्वनाथ यादव ने दिया।

### जिला उद्योग केन्द्र द्वारा उद्यम पंजीकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ड्रीम वीवर्स एडुट्रैक प्राइवेट लिमिटेड, त्रिमूर्ति कॉम्प्लेक्स, नवाडीह, धनबाद में उद्यम पंजीकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में कुल- 100 लाभुकों ने भाग लिया जिसमें से कुल 15 लाभुकों का उद्यम पंजीकरण किया गया। सर्वप्रथम आदित्य चौधरी, ईओडीबी. प्रबंधक , जिला उद्योग केन्द्र, धनबाद द्वारा उद्यम पंजीकरण कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं विस्तृत जानकारी दी गयी ।जिला उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार यथा- पीएमएफएमई/पीएमईजीपी/पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना है । साथ हीं कृष्ण कुमार परमाणिक, जिला प्रबंधक, जेएसएलपीएस द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में कृष्ण कुमार परमाणिक, जिला प्रबंधक, जेएसपीएलएस , कुमारी नीलू जिला उद्यमी समन्वयक , पप्पू कुमार दास, प्रखंड उद्यमी समन्वयक , सुरेंद्र कुमार महतो ,प्रखंड उद्यमी समन्वयक एवं विवेक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला उद्योग केन्द्र, धनबाद उपस्थित हुए ।

# भाजपा - कांग्रेस के बीच छिड़ी जुबानी जंग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा कांग्रेस में इन दिनों बोकारो में जुबानी जंग चल रही है। भाजपा के धनबाद संसद ने बेरमो के कांग्रेस विधायक पर कई तरह के आरोप लगाने का काम किया था। जिस पर कांग्रेस ने भी पलटवार करते हुए परिवारवाद और बालू में पैसे वसूली का आरोप लगाया था। इसको लेकर फिर से आज भाजपा के जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष जवाहर लाल महथा खुद परिवारवाद के उदाहरण है।जिला अध्यक्ष हैं बेटा युवा कांग्रेस का अध्यक्ष।वे खुद एक बार ग्रामीण क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं और फिर शहरी क्षेत्र से। बालू सरकार और कांग्रेस के लोग चोरी करवा रहे हैं। बालू में पैसा खुद वसूलते हैं और आरोप संसद के लोगों पर लगा रहे हैं, दम है तो कार्रवाई करके दिखाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष में एक व्यक्ति के पास डिसमिल जमीन को कब्जा करने का काम किया है जो सोशल मीडिया से जानकारी मिली है।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में हो रही दुर्घटनाओं का जिम्मेवार सेल : ढुलू महतो

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत की नवरत्न कंपनियों में से एक सेल के बोकारो स्टील प्लांट में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में मजदूरों की जान जा रही है, हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल भी हो रहे हैं। लेकिन इन हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय अभी तक नहीं होता दिख रहा है। पिछले दो से तीन महीना में आधा दर्जन से अधिक हादसे हुए हैं। जिसमें 5 से 6 मजदूरों की जान जा चुकी है। जबकि कई गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। बोकारो स्टील प्लांट में हो रहे हादसे पर सवाल भी उठ रहा हैं। जहां सत्ताधारी भाजपा के धनबाद सांसद ढुलू महतो इसके लिए सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश को दोषी ठहरा रहे हैं।उनका कहना है कि अधिक प्रोडक्शन करने के दबाव में अनस्किल्ड मजदूरों से काम लेकर इस तरह के हादसों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को अब प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के पास भी रखने का काम करेंगे। वही प्लांट में हो रहे हादसे को लेकर बोकारो स्टील की प्रमुख यूनियनों में से एक बोकारो स्टील अनाधिशासि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि प्लांट में हो रहे हादसों पर चिंतन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम फॉरेंसिक ऑडिट की मांग करेंगे जल्दी हो रहे हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर करने वाले हैं। जिम्मेदार पदाधिकारी पर जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक हादसे नहीं रुकेंगे। सेल प्रबंधन निजी क्षेत्र के कंपनियों से प्रतिस्पर्धा आगे निकलने की बात करती है ।लेकिन सुरक्षा के मामले में भी उनसे आगे रहने की जरूरत है। वही इस मामले को लेकर उप मुख्य कारखाना निरीक्षक शिवानंद लागुरी ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट में हो रहे हादसे काफी दुखद है हादसों के कई कारण है,जैसे कभी मशीनरी का फेलियर कामगारों की लापरवाही और अनीश की लेबर से स्किल का काम लेना शामिल है। कभी-कभी मीडिया के माध्यम से ही घटना की जानकारी मिलती है जबकि प्रबंधन को जानकारी देना जरूरी होता है।

# कस्तूरबा की बच्चियों को विधिक सेवा की दी गई जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आज कस्तूरबा बालिका विद्यालय चास में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के सुअवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बोकारो श्री मनोरंजन कुमार न०-1, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनुज कुमार न०-2, वार्डन सह-शिक्षिका लक्ष्मीरानी महतो, एल ए डी सी एस के प्रवक्ता बृजेश, शिक्षिका छाया, पारा लीगल वॉलिंटियर्स यादु महतो, रतिलाल कुंभकार, असित बनर्जी, इसराईल अंसारी, सुचित्रा कुमारी इत्यादि उपस्थित रहे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा कस्तूरबा के बच्चियों को विधिक सेवा, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य,डायन प्रथा, बच्चों के बारे में बच्चे ही देश के भविष्य इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आज मंडल कारा चास में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार न०-1 एवं सचिव जिलाधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनुज कुमार न०-2 द्वारा मंडल का चास का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी अलग-अलग वार्डों का निरीक्षण किया गया एवं महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। मंडल कारा में सुविधाएं एवं सभी कार्य सुचारू रूप से पाया गया। निरीक्षण में मंडल कारा अधीक्षक अरुणभ एवं जेलर निखिल कांत एवं अन्य उपस्थित रहे।

# बोकारो हवाई अड्डा से उड़ान शुरू करने को प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान सेवा शुरू नहीं करने पर अब लोग आंदोलन करने पर उतारू है। जल्द उड़ान सेवा शुरू करने की मांग को लेकर आज बोकारो एयरपोर्ट के मुख्य गेट के समक्ष नागरिक अधिकार मंच के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई। प्रदर्शन ने शामिल लोग ट्रॉली बैग और तख्ती लेकर पहुंचे थे। मंच के अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि 5 वर्षों से बोकारो के लोगों को सिर्फ आश्वासन देकर ठगने का काम किया जा रहा है राजनीतिक प्रतिदिन देता और विभागों की खींचतान के कारण तारीख पर तारीख मिल रही है। यह बोकारो के नागरिक के अधिकारों का हनन है 100 करोड रुपए खर्च कर हवाई अड्डा तैयार है। लेकिन केंद्र सरकार, राज्य सरकार बोकारो स्टील और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच आपसी समन्वय नहीं बनने के कारण उड़ान सेवा शुरू नहीं की जा रही है। जब कभी भी हम लोग इसको आंदोलन की चेतावनी देते हैं तो सिर्फ आई वास करने को लेकर कुछ झोपड़ियां को तोड़ा जाता है। लेकिन उसके बाद कुछ मीट मछली और मुर्गा के दुकानों को ज्यों के त्यौंच छोड़ कर रखा जा रहा है। यह सिर्फ बोकारो की जनता के साथ धोखा है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही इस आंदोलन में शामिल होने आए एक राहगीर विजय कुमार ने बताया कि सिर्फ आपस में आरोप प्रत्यारोप लगाकर लोगों के अधिकार को छीना जा रहा है क्योंकि बोकारो में हवाई सेवा शुरू होने से यहां के लोगों को काफी फायदा होगा। आज हम लोग रांची और कोलकाता से प्लेन चढ़ रहे हैं बोकारो में हवाई सेवा शुरू होने से हम लोगों को इसका सीधा लाभ होगा।

# धनबाद रेल मंडल में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद रेल मंडल प्रबंधक कार्यालय में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर पी.के.सिन्हा के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद अखिलेश मिश्र सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान सतर्कता तथा कार्य निष्पादन में पारदर्शिता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ने संबोधित करते हुए बताया कि रेलवे कार्यप्रणाली में नियमों की सही एवं निष्पक्ष व्याख्या अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी प्रकार की गलत व्याख्या या दुर्भावना से प्रेरित निर्णय से बचते हुए सत्यनिष्ठा एवं वस्तुनिष्ठता के साथ कार्य करें। उन्होंने कर्मचारियों की सुदृढ़ सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, निर्धारित प्रक्रियाओं एवं रेलवे नियमों का पालन करने तथा दैनिक कार्यों में पारदर्शिता अपनाने पर जोर दिया। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के दौरान धनबाद मंडल में स्कूली बच्चों के बीच आयोजित क्विज, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।

# पूर्व सांसद पी.एन. सिंह ने भगवान जगन्नाथ के मुख्य द्वार का किया शिलान्यास

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के धनसार मोड़ स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को मुख्य द्वार का शिलान्यास पूर्व सांसद पी.एन. सिंह के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शिलान्यास के साथ पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद पी.एन. सिंह ने कहा कि भगवान जगन्नाथ धनबादवासियों की आस्था के केंद्र हैं। मुख्य द्वार के निर्माण से मंदिर की शोभा और बढ़ेगी और श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा, ह्वरथ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। नया द्वार बनने से लोगों को मंदिर आने-जाने में आसानी होगी और व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक द्वार नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। धनबाद की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मंदिर के सेक्रेटरी महेश्वर राउत ने बताया की मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण के लिए बीसीसीएल के द्वारा सीएसआर फंड के तहत सहयोग किया गया है। मंदिर का 30 वां वर्षगांठ आगामी 26 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के कई नेता उपस्थित रहे, जिनमें नगर मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर के विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच भूमि पूजन की रस्म पूरी की गई। और पूजा-अर्चना के बीच भूमि पूजन की रस्म पूरी की गई।

# 'जस्ट ट्रांजिशन' के संदेश के साथ 'प्रभात फेरी' निकाली

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रहे गंभीर खतरों से एकजुट होकर निपटने और 'जस्ट ट्रांजिशन' (न्यायसंगत बदलाव) के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बोकारो के बहादुरपुर में 'प्रभात फेरी' का आयोजन किया गया। यह यात्रा बोकारो से रामगढ़ के लिए रवाना हुई। बोकारो के बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी कार्यालय से कसमार मोड़ तक आयोजित इस प्रभात फेरी की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। प्रतिभागियों ने "धरती जल जंगल जमीन बचाने" के नारे लगाए। प्रभात फेरी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को बचाना समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने सामूहिक रूप से जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानि को समाप्त करने पर जोर दिया। न्यायसंगत बदलाव पर विचार गोष्ठी के साथ एक दिन पूर्व, बोकारो के नया मोड़ स्थित बिरसा भगवान की मूर्ति पर माल्यार्पण कर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित हुए। इसके बाद, शोषण मुक्ति वाहिनी के अब्दुल हमीद सभागार में इस गोष्ठी में स्थानीय यूनियन के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सारथी नेटवर्क के गुलाबचंद ने बताया कि यह यात्रा गोमिया प्रखंड के स्वांग पंचायत से मोटरसाइकिल एस्कॉर्ट के साथ आगे बढ़ी। जस्ट ट्रांजिशन यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कसमार प्रखंड की प्रमुख नियति दे, बाराडीह की मुखिया पुष्पा देवी, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर, ने कहा कि "जंगल है तो जीवन है, नदी है तो जीवन है, जमीन है तो जीवन है।" इस संदेश को समाज के हर कोने तक ले जाना है। यह यात्रा झारखंड के भोगनाडी से खूंटी के उलिहातू (बिरसा मुंडा का जन्म स्थल) तक आयोजित की गई है ताकि समाज में एक मजबूत संदेश जाए। इस कार्यक्रम में प्रदान के जूबा, सहयोगिनी की सूर्यमणि देवी, माधव कुमार, मंजू देवी, कुमारी किरण, रवि कुमार राय, अभय कुमार सिंह, प्रकाश कुमार महतो, विनीता देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, पुष्पा देवी, नीतू कुमारी, लबोनी घोष, कुमार गौरव, नेपाल महतो, पायल कुमारी, अशोक महतो, सत्यम, प्रतीक, आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास में ऊर्जा मेला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास अंतर्गत 08.11.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से 03.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल चास कार्यालय में ऊर्जा मेला (जनता दरबार) का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, चास अंतर्गत (चास - शहरी, चास - ग्रामीण एवं चदंनकियारी) सभी उपभोक्ताओं के शिकायत जैसे बिल सुधार, मीटर बदलने इत्यादि से संबंधित शिकायतों एवं कार्यों का निष्पादन किया जायेगा।

**उपकेन्द्रों के नाम एवं मोबाइल संख्या निम्न हैः**

- 33/11 के०भी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, चास मो० सं०-8987944139
- 33/11 के०भी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, बालीडीह, नॉ० सं०-9771738131 सहायक अभियंता झ गोविंद कुमार महतो,चास (श) मो० स० 9431135833 कनीय विद्युत अभियंता - राम शर्मा, मो० सं०-7739820668
- 33/11 के०मी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, मामरकुदर, मो० सं०-7854612092
- 33/11 के०मी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, फुदनीडीह, मो० त०-7091394434 सहायक अभियंता- दुर्गा शंकर सिंह (चास ग्रा.), मो० सं० 9431135834 कनीय विद्युत अभियंता - चन्द्रगुप्त बिसली. मो० सं०-7258841155
- 33/11 के०मी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, बारी को-ऑपरेटिव मो० स० 5470580887
- 33/11 के०भी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, चंदनकियारी, मो० सं0 9611448322
- 33/11 के०मी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र लाधला., मो० सं. 6299230275 सहायक अभियंता - नरेंद्र मिंज, चंदनकियारी, मो० सं० 9431135836

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक
कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com